हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 22.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 150 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### बांग्लादेश में पुजारी की हत्या की कोलकाता इस्कॉन ने की कड़ी निंदा

**कोलकाता :** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ ताजा हिंसा की घटना की इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) ने कड़ी निंदा करते हुए इसपर गहरी चिंता जताई है। कोलकाता इस्कॉन ने भारत सरकार से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग की है। जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश के नाटोर जिले के काशीपुर श्मशान काली मंदिर में डकैती और पुजारी तरुण चंद्र दास की निर्मम हत्या की घटना सामने आई है। पुजारी का बंधा हुआ शव मंदिर से बरामद की गई। पुलिस ने इसे डकैती का मामला बताया लेकिन इस्कॉन कोलकाता ने शनिवार को इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार का हिस्सा बताया है। इस्कॉन प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं और यह चिंता का विषय है। बीते दिनों बांग्लादेश के कई अन्य मंदिरों पर हमले हुए हैं। दिनाजपुर जिले में तीन मंदिरों की आठ मूर्तियां तोड़ी गईं। इन घटनाओं में पुलिस ने अधिकतर मामलों में न तो आरोपितों को गिरफ्तार किया और न ही कोई मुकदमा दर्ज किया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार और मंदिरों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता बढ़ रही है। कोलकाता इस्कॉन ने भारत सरकार से इस मुद्दे पर तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### मोहाली में तीन मंजिला इमारत ढही कई लोगों के दबे होने की आशंका

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मोहाली में शनिवार की शाम एक तीन मंजिला इमारत ढह गई। इमारत के मलबे में कई लोगों के दबे होने का दावा किया जा रहा है। इमारत की तीसरी मंजिल पर जिम था और हादसे के समय खुला था। पुलिस, फायर ब्रिगेड तथा एनडीआरएफ की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। पुलिस इमारत के मालिक की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक मोहाली के सोहाना में हादसे का शिकार हुई इमारत के बगल में स्थित खाली प्लाट में बेसमेंट निर्माण के लिए खुदाई की जा रही थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ढही इमारत तथा खाली प्लाट का मालिक एक ही है। शनिवार को प्लाट में जेसीबी मशीनों से बेसमेंट की खुदाई चल रही थी, तभी उससे लगी इमारत नींव कमजोर होने के कारण ढह गई। इस इमारत में निजी दफ्तरों के अलावा ऊपरी मंजिल पर जिम भी चल रहा था और जिस वक्त इमारत गिरी उस समय उसके खुला होने की सूचना है। ऐसे में मलबे में जिम आए लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। अभी इस बारे में औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन जिम प्रबंधकों से संपर्क कर रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि जिम में 10 से 15 लोगों मौजूद थे। घटना की सूचना मिलते ही मोहाली के एसएसपी, रूपनगर रेंज के डीआईजी मौके पर पहुंचे। पुलिस की सूचना पर एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। मोहाली की उपायुक्त आशिका जैन के मुताबिक मौके पर बचाव दल पहुंच चुका है। मलबे को हटाने और लोगों को बचाने का काम जारी है। डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के अनुसार पुलिस ने इमारत के मालिक का पता लगा लिया है, उसे बुलाया गया है।

# रूस के कजान में यूक्रेन का ड्रोन हमला, ऊंची इमारतों को बनाया निशाना

एजेंसी

**मॉस्को :** रूस के कजान में आज सुबह किए गए ड्रोन हमले से अफरातफरी मच गई। मानवरहित ड्रोन आवासीय ऊंची इमारतों से टकरा गए। इससे आग लग गई। कजान मेयर कार्यालय ने इसकी पुष्टि की। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी तास के अनुसार, कजान मेयर कार्यालय ने कहा कि तातारस्तान की राजधानी कजान शहर के तीन जिलों में मानवरहित हवाई वाहनों ने आवासीय भवनों पर हमला किया। इसके बाद इन इमारतों को खाली करा लिया गया। तातारस्तान के प्रमुख रुस्तम मिन्निकानोव मौके पर हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को समयानुसार सुबह 7:50 बजे तातारस्तान क्षेत्र में एक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। मगर इस हमले के बाद कजान के सोवेत्स्की, किरोव्स्की और प्रिवोलज्स्वकी जिलों में आवासीय इमारतों में आग लग गई। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर निगम की आपातकालीन सेवाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एक





नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। कजान के मेयर इल्सुर मेत्शिन ने प्रभावित लोगों को अस्थायी आवास, गर्म कपड़े और भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में इस हमले को अमेरिका के 9/11 जैसा बताया गया है। कजान एयरपोर्ट को भी अस्थायी रूप से बंद करने का दावा किया गया है। रूस की विमानन निगरानी संस्था रोसावियात्सिया ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के माध्यम से कहा, कजान पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद यह कदम उठाया गया है। दो अन्य हवाई अड्डों पर भी अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है। कजान मॉस्को से लगभग 800 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने हमले के बाद आरोप लगाया कि इसके पीछे यूक्रेन का हाथ है। रूस का कजान शहर 2024 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए चर्चा में रहा है। इसे रूस की तीसरी राजधानी भी कहा जाता है। वर्ष 2018 में यहीं पर फीफा वर्ल्ड कप आयोजित किया गया था। यहां भारत भी अपना दूतावास खोलने वाला है। यूक्रेन की राजधानी कीव से कजान की दूरी करीब 1400 किलोमीटर है। तास के अनुसार, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रात को यूक्रेन के 19 मानव रहित ड्रोन को मार गिराया गया। यूक्रेन ने बेलगोरोड क्षेत्र में नौ, वोरोनिश क्षेत्र में पांच, काला सागर के ऊपर तीन, कुर्स्क में एक और क्रास्नोडार में एक ड्रोन भेजकर हमले की कोशिश की। रूस ने इन सभी को मार गिराया। द मॉस्को टाइम्स के अनुसार, रूसी अधिकारियों ने शुक्रवार शाम कहा कि दक्षिण-पश्चिमी रूस के कुर्स्क क्षेत्र के एक शहर पर यूक्रेनी रॉकेट हमले में एक बच्चे सहित कम से कम छह लोग मारे गए।

## कोल रॉयल्टी के साथ मनरेगा मद में भी बकाया है 600 करोड़ रुपये

# मजदूरों का पैसा नहीं दे रही केंद्र सरकार : मंत्री दीपिका पांडेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कोल रॉयल्टी के बाद अब मनरेगा मद में भी केंद्र पर 600 करोड़ रुपया बकाया होने की बात सामने आयी है। इस मामले में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आवाज उठाई है। उन्होंने केंद्र से ये पैसा देने की मांग की है। कहा है कि इससे मजदूरों का भुगतान और ग्रामीण इलाकों का विकास प्रभावित हो रहा है। कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सही तरीके से चलाने में परेशानी हो रही है। केंद्र



पर बकाया ये पैसा हमारे किसानों और मजदूरों का है। कहा कि इस पैसे को कैसे केंद्र से वापस लेना है, इसकी तैयारी की जा रही है। इस पैसे की वसूली के लिए जेएमएम ने भी आवाज उठाई है। बता दें कि केंद्र पर झारखंड का कोल रॉयल्टी का 1 लाख 41 हजार करोड़ रुपये भी बकाया है। इस बाबत झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और झारखंड के सचिव प्रशांत कुमार शामिल ने आवाज उठाई है। राजस्थान के जैसलमेर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट मीटिंग में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और झारखंड के सचिव प्रशांत कुमार शामिल हुए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई इस 2 दिवसीय बैठक में राधाकृष्ण किशोर ने निर्मला सीतारमण के समक्ष कई मांगे रखी। उन्होंने आग्रह किया कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में विकास और कल्याणकारी योजानाओं के लिए बकाया का भुगतान जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि कोल रॉयल्टी के 1.36 लाख करोड़ रुपये केंद्र पर बकाया है। झारखंड के विकास के लिए ये राशि बहुत ही महत्वपूर्ण है।

## केजरीवाल ने दलित छात्रों के लिए डॉ आंबेडकर स्कॉलरशिप का किया एलान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा दांव चला है। उन्होंने दलित छात्रों के लिए डॉ आंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान किया है। शनिवार को प्रेस वार्ता कर केजरीवाल ने दिल्ली में दलित छात्रों के लिए डॉ आंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान किया। इस मौके पर केजरीवाल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान बाबा साहेब अंबेडकर का ₹मजाक₹ उड़ाया। केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहेब जब जिंदा थे तब भी पूरे जीवन में उनके आसपास के लोग उनका मजाक उड़ाया करते थे। संसद बाबा साहेब की वजह से है और उस संसद से उनका मजाक उड़ाया जाएगा, यह किसी ने सोचा भी नहीं होगा। केजरीवाल ने कहा कि इसकी हम निंदा करते हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं बाबा साहब के सम्मान में एक बड़ी घोषणा कर रहा हूं। अब कोई भी दलित समाज का बच्चा पैसे की कमी की वजह से उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रह पाएगा। केजरीवाल ने कहा कि आज मैं डॉक्टर आंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान करता हूं, जिसके तहत दलित समाज का कोई भी बच्चा दुनिया की किसी भी टॉप की यूनिवर्सिटी में पढ़ना चाहेगा तो वो बच्चा उस यूनिवर्सिटी में एडमिशन ले ले, उसका सारा पढ़ाई लिखाई का खर्चा दिल्ली सरकार वहन करेगी। यह स्कॉलरशिप सरकारी कर्मचारी के बच्चों के लिए भी लागू होगी।

## मध्य प्रदेश वर्ष 2025 तक बनेगा टीबी मुक्त राज्य : मोहन यादव

एजेंसी

**उज्जैन :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में टीबी मुक्त अभियान के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिला स्तर पर जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को 2025 तक पूरी तरह टीबी रोग से मुक्त बना दिया जाएगा। इस दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं। विशेष कर सघन बस्तियों और अन्य जगहों पर कार्य किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में 2000 से अधिक ऐसी ग्राम पंचायत हैं जो पूर्णता टीबी मुक्त हो चुकी हैं। आज उज्जैन जिले की 56 ग्राम पंचायत को भी टीबी मुक्त घोषित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए 2025 पूर्ण रूप से टीबी मुक्त मध्य प्रदेश राज्य बनाया जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ.यादव शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए हुई वीडियो कांफ्रेंस में उज्जैन से शामिल होकर प्रदेश में चल रही गतिविधियों की जानकारी दे रहे थे। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के साथ ही अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में फूड बास्केट बांटने में देश में हमारा दूसरा स्थान है। प्रदेश में 3000 से अधिक शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। साथ ही 122 से अधिक जन जागरूकता रैली भी निकाली गई हैं। यही नहीं 5000 से अधिक लोगों ने निक्षय मित्र बनने की शपथ ली है। मध्य प्रदेश में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए उद्योग, कारखानों, ईंटभट्टों और सघन बस्तियों में विशेष जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

## अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर अगले सप्ताह देशव्यापी अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नई दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने आंबेडकर के मुद्दे पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। प्रमुख विपक्षी पार्टी अगले सप्ताह को 'आंबेडकर सम्मान सप्ताह' के रूप में मनाएगी। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हम मनुस्मृति के उपासकों के खिलाफ बाबासाहेब आंबेडकर की विरासत की रक्षा के लिए लड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी आगामी सप्ताह को डॉ. आंबेडकर सम्मान सप्ताह के रूप में मनाएगी। उन्होंने कहा कि



सभी कांग्रेस सांसद, वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य 22-23 दिसंबर को देश भर में अपने निर्वाचन क्षेत्रों और गृह जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। 24 दिसंबर को पूरे देश में हम बाबासाहेब आंबेडकर सम्मान मार्च निकालेंगे और अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगे। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और मार्च निकालेंगे। मार्च के दौरान बाबा साहेब आंबेडकर का विशाल चित्र रखेंगे और अपनी प्रमुख मांगों के साथ बड़ी-बड़ी तख्तियां लेकर चलेंगे। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने कहा कि 26-27 दिसंबर को हम बेलगावी में एक विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति सत्र और एक मेगा रैली आयोजित करेंगे, जहां हम डॉ. आंबेडकर और उनके आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे। उल्लेखनीय है कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में संविधान के 75 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अपने जवाब में बाबा साहेब आंबेडकर के योगदान की सराहना की थी। हालांकि उस दौरान उनके भाषण में 11 सेकेंड के अंश को विवादास्पद बताते हुए कांग्रेस ने उस कथ्य को बाबा साहेब का अपमान करार दिया है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस सत्तारूढ़ भाजपा और अमित शाह पर हमलावर है।

# पुरानी कारों की बिक्री पर अब 18 प्रतिशत जीएसटी इंश्योरेंस प्रीमियम से जीएसटी घटाने का फैसला टला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जैसलमेर में हुई जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में उम्मीद के विपरीत हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगने वाले टैक्स को घटाने के फैसले को फिलहाल टाल दिया गया। हालांकि इस बैठक में पुरानी कारों की खरीद बिक्री पर लगने वाले टैक्स को 12 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत करने का फैसला किया गया। इसके साथ ही थिएटर और मूवी हॉल में नमक मसाले वाले फ्लेवर्ड पॉपकॉर्न पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत सभी पुराने वाहनों की बिक्री पर टैक्स को बढ़ाए जाने के प्रस्ताव पर सहमति बन गई। अब पुराने वाहनों की बिक्री पर लगने वाले टैक्स को 12 से बढ़ा कर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, लेकिन टैक्स की दर में हुई ये बढ़ोतरी सिर्फ कंपनियां या डीलर्स द्वारा बेची जाने वाली पुरानी कारों पर ही लागू होगी। व्यक्तिगत रूप से अपनी कार बेचने वाले लोगों पर पहले की तरह 12 प्रतिशत टैक्स ही लगेगा। इसका मतलब ये हुआ कि पुरानी कारों की बिक्री पर लगने वाले टैक्स में बढ़ोतरी होने के प्रावधान से इंडिविजुअल खरीदारों या विक्रेताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसके पहले जीएसटी काउंसिल की फिटमेंट कमिटी ने भी पुराने वाहनों पर जीएसटी दर को 12 से बढ़ा कर 18 प्रतिशत करने की सिफारिश की थी।



जीएसटी काउंसिल की बैठक में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी को घटाने के प्रस्ताव को अगली बैठक तक के लिए टाल दिया गया। जीएसटी की दरों पर विचार करने के लिए गठित ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी को कम करने की सिफारिश की थी, लेकिन जीएसटी काउंसिल की बैठक में कहा गया कि इस विषय पर और अधिक स्पष्टीकरण की जरूरत है। इसलिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स से अपनी रिपोर्ट को और अधिक व्यापक बनाने तथा अतिरिक्त जानकारी के साथ पेश करने के लिए कहा गया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में फोर्टिफाइड चावल पर एक समान 5 प्रतिशत की दर से टैक्स लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया गया। इससे पहले फोर्टिफाइड चावल पर उनके उपयोग के हिसाब से अलग-अलग दर से टैक्स की वसूली की जाती थी, जिसके कारण टैक्स कैलकुलेशन में जटिलता का सामना करना पड़ता था। इसी तरह थिएटर और मूवी हॉल में नमक और मसाले वाले फ्लेवर्ड पॉपकॉर्न पर भी 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने की प्रस्ताव को जीएसटी काउंसिल की बैठक में मंजूर कर लिया गया।

## बच्चों को लेकर हुंडरू फॉल जा रही बस पलटी, 23 बच्चे घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के सिकिदरी थाना क्षेत्र के शैक्षणिक भ्रमण पर निकली एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में 23 बच्चे घायल हो गए हैं। कोडरमा के राइजिंग पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं कोडरमा से रांची साइंस सिटी और हुंडरू जलप्रपात के भ्रमण पर आए थे, लेकिन सफर के दौरान बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना सिकिदिरी थाना क्षेत्र में स्थित डॉक्टर मोड़ पर हुई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को बस से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल



23 बच्चों को मेदांता अस्पताल भेजा। दुर्घटना में बस के शीशे टूट गए थे और बच्चे डरे और सहमे हुए थे। स्कूल की शिक्षिकाएं और आसपास के लोग घायल बच्चों को संभालने में जुट गए। थाना प्रभारी ने बताया कि बस में लगभग 65 बच्चें सवार थे। इसमें 23 बच्चों को हल्की फुल्की चोटे आयी हैं। एक बच्चे का पैर टूटने की बात सामने आई है। अन्य कोई भी बच्चा गंभीर नहीं है।

## एक नजर

### बिजली की तार में फंसे दो मोटरसाइकिल आपस में हुई टक्कर

**बड़कागांव :** बड़कागांव बादम पथ के ढेंगा पिपल पेड़ के पास कदमाडीह गांव के एक किसान के द्वारा खेत में मशीन से सिंचाई करने के बाद रास्ते से बिजली की तार को हटाया जा रहा था । इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार तार में फंसने के कारण विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे मोटरसाइकिल सवार से टकरा गया। जिसके कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सहयोग से घायल महटिकरा निवासी पारा शिक्षक 52 वर्षीय तिलानाथ महतो पिता अर्जुन महतो को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर रांची रेफर किया गया। माथे में गंभीर चोट लगने के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है रांची मेदांता हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। वहीं बड़कागांव निवासी 20 वर्षीय अंकित कुमार पिता केदार कुमार साव को चोट लगी है। उसे इलाज कर घर भेजा गया।

### हृदय गति रुकने के कारण मुखिया की मौत

**चौपारण :** शनिवार को सेलहारा पंचायत वाशियों के लिए बुरी खबर आई जिसमे सेलहारा पंचायत की तेज तर्रार मुखिया अपने पंचायत वाशियों को छोड़कर चली गई। उनकी मृत्यु हृदयाघात से हो गई। उनके कार्यकाल मे पंचायत मे कई विकास का कार्य किया गया था और आगे भी किया जा रहा था। उनके पति कैलाश पासवान लंबे समय से सामाजिक कार्यों में रुचि रखते आ रहे थे। जिसके दम पर उनकी पत्नी मुखिया का चुनाव आसानी से जीत गई। उनकी मौत की खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। जिसके बाद उनके घर आने वालों की फेहरिस्त लंबी होती चली गई। उनके निधन पर सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व विधायक उमा शंकर अकेला, मुखिया संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, जीप सदस्य आरती कौशल, पूर्व संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, प्रवीण सिंह, अरविंद कुमार सिंह, राकेश सिंह, अरबिंद साव सहित क्षेत्र के सामाजिक राजनैतिक व शैक्षणिक जगत के लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त किया।

### लिंग हिंसा के विरुद्ध शिक्षा शास्त्र विभाग से निकाली गई रैली

**हजारीबाग :** विश्वविद्यालय शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा लिंक हिंसा के विरोध में रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह रैली कौटिल्य भवन से होते हुए आर्ट्स ब्लॉक तक पहुंची और वहां नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ जिसमें लिंग हिंसा के विरुद्ध दो नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। 'हिंसा का कोई लिंग नहीं होता' इस नाटक का प्रस्तुतीकरण इंटीग्रेटेड बी.एड. सत्र 2024- 28 के छात्र-छात्राओं अनामिका, रोशन राज, अगित, करिश्मा, अमन, साक्षी, इकबाल, उदय, सुरुचि, सपना, सुनामी, अनामिका, राखी, जिज्ञासा, अभिषेक, नृपेश, जॉनसन और सीताराम उरांव ने किया। दूसरा नाटक 'समाज कब बदलेगा' का प्रस्तुतीकरण इंटीग्रेटेड इ.एि और ट.एि के छात्र छात्राओं पायल भारती, दिव्या, मैन्युअल, स्वाती, अपूर्वा, साक्षी, रोहित, दिलीप, राजनंदिनी, पलक, पल्लवी, पूजा, दीपक, चितरंजन और रवि द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक डॉ . के के गुप्ता एवं शिक्षा शास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ रजनीश कुमार, डॉ अमिता कुमारी, डॉ कुमारी भारती, डॉक्टर चौधरी प्रेम प्रकाश एवं डॉ विनीता बांकिरा ने भी महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के छात्र कमलेश का हुआ इंजीनियर के रूप में चयन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** बड़कागांव रोड स्थित आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के छात्र कमलेश कुमार का अफोर्सर्व, बैंगलोर में फ्रेशर इंजीनियर के रूप में चयन हुआ है। बता दें कि बीते शुक्रवार को रांची स्थित होटल रेडिसन ब्लू सभागार में आयोजित स्किल स्टेकहोल्डर कांफ्रेंस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद झारखंड सरकार में उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग मंत्री संजय यादव के हाथों कमलेश कुमार को नियुक्ति पत्र व एसएससी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कमलेश के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत चलाये जा रहे दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र झारखंड सरकार की निः शुल्क कौशल विकास योजना है। इसी के तहत निः शुल्क आवासीय सुविधा के साथ प्रशिक्षार्थियों को हुनरमंद बनाने की दिशा में आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र कार्यरत है। डॉ गोविंद ने बताया कि इस कौशल विकास केन्द्र से उचित मार्गदर्शन व 100 फीसदी प्लेसमेंट सपोर्ट मुहैया कराई जा रही है, जो प्रशिक्षार्थियों के करियर को नया आयाम देने के लिए महत्वपूर्ण है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव विजय कुमार ने निरंतर प्रेरणा और मार्गदर्शन के लिए जिला कौशल समन्वयक अनिल रंजन, यूएनडीपी प्रोजेक्ट असिस्टेंट दीपक कुमार का भी आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि झारखंड कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के सभी शिक्षकों ने कमलेश के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## क्रिसमस का पर्व मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश देता है : जोसिमा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सोगड़ा चर्च में बीरु भिखारियेट युवा संघ द्वारा शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रांतीय युवा डायरेक्टर फा आनंद प्रकाश बाः, और जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। मौके पर फा आनंद प्रकाश ने क्रिसमस केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फा आनंद प्रकाश बा ने लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि क्रिसमस का पर्व मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश देता है। मनुष्य अध्यात्मिक शक्ति से भरकर अपने जीवन का संचालन करें, जो दूसरों के कल्याीण के लिए शांति के लिए और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहायक होता है। प्रभु खीस्त ने यह सिद्ध कर दिया कि मानव जीवन कितना सुंदर है और यही सुंदरता हर व्यक्ति अपने जन्म में ईश्वर के द्वारा प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के प्रतीक का पर्व है। क्रिसमस के मौके पर धर्म विश्वसियों से अपेक्षा है कि सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करें। दुनिया मे शांति, दया, सेवा, सुख, समृद्धि के साथ साथ अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करें। आपस मे प्रेम, शांति और भाईचारा का संबंध बनाने हुए सभी का सहयोग करने का संकल्प लें। जोसिमा ने सभी को मिलजुल कर त्यौहार मनाने की बात कही।

## जीवन अनमोल है, वाहन चालक यातायत नियमों का पालन करें : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** एनटीपीसी की ओर से हजारीबाग जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की मदद से हेलमेट वितरण किया गया। वैसे लोग जो ट्रैफिक नियम का उल्लंघन कर बिना हेलमेट के ही दो पहिया वाहन चला रहे थे उन्हें हेलमेट दिया गया। साथ ही साथ ही चेतावनी दी गई कि वह अगर नियम का उल्लंघन करेंगे तो कार्रवाई होगी। हजारीबाग में आज कुछ बदला बदला सा नजारा ट्रैफिक पुलिस का देखने को मिला आमतौर पर ट्रैफिक पुलिस बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों का फाइन काटते हुए दिखती है। शनिवार को एनटीपीसी के मदद से वैसे लोग जो ट्रैफिक नियम का उल्लंघन कर रहे थे और हेलमेट नहीं पहने थे उन्हें नि : शुल्क हेलमेट वितरण किया गया। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम हजारीबाग के जिला परिषद चौक में अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी के पदाधिकारी शामिल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा लोगों को ट्रैफिक नियम पालन करने का सख्त निर्देश भी दिया गया। कहा गया कि हजारीबाग शहर में आज से ही बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। वैसे लोग जो ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करेंगे उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी 'हजारीबाग के लोगों से अपील करते हुए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि जीवन अनमोल है और इसको लेकर लोगों को गंभीर होने की जरूरत है वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करे और ट्रैफिक नियम का पालन करें साथ ही साथ अत्यधिक गति से वाहन ना चलायें।

## वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पांडे का निधन विधायक प्रदीप प्रसाद ने व्यक्त किया शोक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जिले के वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पांडे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता जगत में प्रकाश पांडे एक अमूल्य व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके द्वारा की गई पत्रकारिता न केवल सटीक और निष्पक्ष थी, बल्कि उसमें समाज की सच्चाई को सामने लाने की अद्वितीय क्षमता भी थी। उनकी लेखनी में गहरी समझ, स्पष्टता और सरलता थी, जो पाठकों को हमेशा आकर्षित करती थी। उनका स्वभाव भी बेहद सरल और हंसमुख था, जिससे वे सभी के दिलों में खास स्थान रखते थे। प्रकाश पांडे का शनिवार सुबह रांची के आलम अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन पर जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई, और उनके साथ कार्य करने वाले कई पत्रकारों और समाजसेवियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रकाश पांडे ने अपने जीवन में पत्रकारिता के उच्च मानकों को स्थापित किया था।

### वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पांडे की कमी खलती रहेगी: मुन्ना सिंह

**हजारीबाग :** हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार और निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रतीक, प्रकाश पांडे के निधन पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रकाश पांडे ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उच्च मानदंड स्थापित किए और अपनी सटीक लेखनी के माध्यम से समाज को जागरूक किया। उनकी पत्रकारिता में हमेशा सच्चाई का अनुसरण किया गया और उनका सरल स्वभाव उन्हें लोगों के दिलों में खास स्थान दिलाता था। शनिवार सुबह रांची के आलम अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु की खबर ने पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ा दी। मुन्ना सिंह ने कहा, प्रकाश पांडे ने हमेशा निष्पक्ष और सटीक पत्रकारिता की। उनके लेखों में समाज के वास्तविक मुद्दों को उजागर करने और राष्ट्रीय विषयों पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत करने की अनोखी क्षमता थी। उनकी सरलता और सौम्यता ने उन्हें सभी वर्गों में आदर्श बना दिया।

## जिला प्रशासन ने अफीम की खेती के खिलाफ चलाया अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला के कटकमसांडी थाना अंतर्गत ग्राम गुरूडीह में सुराही टोंगरी नाला में पुलिस निरीक्षक पेलावल एवं वन विभाग के संयुक्त छापामारी कर करीब 3.88 एकड़ जंगली जमीन में पोस्ता का खेती नष्ट किया गया। इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में बड़ा अभियान चलाया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है। एसपी श्री अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि कटकमसांडी के गुरूडीह के आस पास अफीम तस्करों के द्वारा अफीम की खेती की जा रही थी जिसे अभियान चलाकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस व वन विभाग के संयुक्त कारवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी की पुलिस जब स्थल पर पहुंची तो वहां पाया गया कि अफीम के छोटे-छोटे पौधे उग आए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है और उसे नष्ट भी किया जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती करने वाले लोगों को भी चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान का प्रति दिन होगा आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के निदेश के आलोक में जिले प्रखंड में सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान प्रति दिन किया जा रहा है। शनिवार को जिले में आयोजन किया गया। यह अभियान 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस दौरान प्रखंड स्तर पर आयोजित सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में आम जनों की शिकायत एवं विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान आम जनता के द्वारा जॉब कार्ड, जाति, आय, एवं स्थानीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने, राशनकार्ड में सदस्य जोड़ने, नया राशनकार्ड बनाने, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने एवं आधार सुधार करना से संबंधित मामलों आये। सभी मामलों का कार्यक्रम निष्पादन सुनिश्चित किया जा। सिमडेगा प्रखंड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल-161 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया। बानो प्रखंड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल- 812 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया। कोलेबिरा प्रखंड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल-325 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसके आलोक में कुल 304 मौके पर ही निष्पादन किया गया। तथा कुल 21 आवेदन लंबित है। ठेठईटांगर प्रखण्ड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल- 307 आवेदन प्राप्त हुए जिसके तहत सभी आवेदनों का शत प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा अन्य प्रखंडों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अंचलाधिकारी के निर्देश पर जमीन विवाद के निबटारा हेतु ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चेडरा के स्थाई निवासी मल्लू देवनाथ गोस्वामी, कल्लू नाथ गोस्वामी दोनों के पिता स्वर्गीय खेदो नाथ गोस्वामी अत्यंत गरीब परिवार से हैं , इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ योग्य लाभुकों के मध्य नजर भूमि जांच प्रतिवेदन जमा करने के पश्चात वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रथम किस्त का भुगतान 26000, 26000 रुपए दोनों लाभुकों को दिया गया । प्रथम किस्त का पैसा खाता में जाने के उपरांत दोनों लाभुकों के द्वारा अपना घर जो कच्चा खपरैल मिट्टी से बना मकान, जिसमें वह सैकड़ो वर्षों से रह रहे थे, उसे तोड़ने का काम शुरू किया, जिससे वह आवंटित प्रधानमंत्री आवास बना सके। अपने दो डिसमिल जमीन में कच्चा मकान लाभुकों के द्वारा थोड़ा तोड़ा गया था,कि इस बीच उसके पड़ोसी ने लाभुक के गरीबी का फायदा उठाते हुए उन्हीं के जमीन में जिन्हें वह बास्कीत पर्चा से प्राप्त है, उसे अपना बताकर हजारीबाग न्यायालय में 144 धारा लगा दिया। जिससे प्रधानमंत्री आवास के लक्ष्य पर आज तक ग्रहण लगा हुआ है। लाभुक की गरीबी और विधि सम्मत कार्रवाई हेतु प्रतिबद्ध विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने अंचल कार्यालय से प्रेषित ग्राम सभा आयोजन का आदेश रविवार को मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, की उपस्थिति में करने का निर्देश बसंती देवी के आवेदन के आलोक में जारी किया है। जिससे मामले का निपटारा सामाजिक और कानूनी प्रक्रिया के तहत पूर्ण किया जा सके।

### हाइवा का चक्का चोरी करने वाले अपराधियों को पुलिस ने भेजा जेल



**बड़कागांव :** शनिवार को बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने बड़कागांव कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बताया कि 20 दिसंबर को देर रात करीब 10 :00 बजे केरेडारी थाना क्षेत्र के ग्राम डंबाबागे के डंबाबागे स्टाफ होटल के पास खड़ा एक हाइवा के पास कुछ लोग लाइट जला कर कुछ हरकत कर रहें थें। जिसपर केरेडारी थाना के रात्रि गश्ती कर रहे एसआई टिंकू कुमार सिंह की नजर पड़ी और देखा कि सड़क किनारे खड़ा हाइवा नंबर OD 09वि 4048 का टायर खोल रहें हैं। पुलिस को आता देख सभी लोग भागने लगे, उसमें से दो व्यक्ति रात की अंधेरे का फायदा उठाकर खेत की ओर भाग निकले और एक व्यक्ति बगल में खड़े बोलेरो को लेकर भागने का प्रयास करने लगा, तो गश्ती दल ने एक व्यक्ति और पूर्व से बोलेरो में बैठे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। बोलेरो का जांच करने पर बोलोरो के अंदर टायर खोलने का एक प्रेशर जक लगभग 20 केजी का पाया। उक्त दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम शेखर कुमार पिता महावीर महतो, ग्राम जमीनडीह थाना सीकरी ओपी और नंदकिशोर कुमार पिता सुरेश महतो ग्राम थाना सीकरी ओपी का रहने वाला बताया। तत्पश्चात दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा केरेडारी थाना कांड संख्या 214/24 303(2)/ 317(2)/60( ) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत के लिए भेज दिया गया। आगे एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि उक्त दोनों अभियुक्त का आपराधिक मामलों की भी गहन जांच की जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि सामाजिक माहौल बिगाड़ने वाले अपराधियों को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा, इसलिए लोग मेहनत करके आम ग्रामीण की तरह जीवन यापन करें।

### नारी-मुक्ति से नारी-उत्थान' पर हुई कार्यशाला



**हजारीबाग :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने नारी के विकास के लिए सर्वप्रथम नारी-मुक्ति की आवश्यकता को बताया था। अर्थात नारी के पास यह स्वतंत्रता विकसित हो कि वह स्वयं तय करें कि वह क्या बनना चाहती है और क्या करना चाहती है। उक्त बातें पटना के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पूनम कुमारी ने कही। वह विनोबा भावे विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित कर रही थी। कार्यशाला की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। प्रोफेसर पूनम ने कहा की आज महिला सशक्तिकरण की खूब चर्चा होती है। यह महिला उत्थान का पश्चिमी मॉडल है। गांधी जी ने स्पष्ट किया बिना नारी-मुक्ति के नारी-उत्थान संभव नहीं है। भारत में पश्चिमी मॉडल से महिलाओं का सही अर्थ में उत्थान नहीं हो सकता है। दुर्भाग्य वश आज भारत में पश्चिम महिला उत्थान का नकल करने का होड दिखता है। इसमें नारी की स्वच्छंदता पर बहुत अधिक बल दिया गया है। यह खतरनाक हो सकता है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए समाज विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ सादिक रज्जाक ने कहा कि आज पूरी दुनिया में गांधी के बताए सूत्र स्वीकार किए जा रहे हैं। परंतु अफसोस कि हमारे ही देश में गांधी उपेक्षित हो रहे हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संत कोलंबा महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अशोक राम ने कहा की गांधी जी ने कभी नहीं कहा स्त्री और पुरुष समान है। ऐसा पश्चिम के एक्टिविस्ट कहते हैं।

### कल्याण विभाग ने स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच किया साइकिल वितरण



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा 308 साइकिलो का वितरण किया गया। साइकिल का वितरण बड़ामुरी विद्यालय, सिल्ली बोर्ड विद्यालय,टुटकी विद्यालय, पिस्का विद्यालय, लोटा विद्यालय एवं लुपुंग कन्या विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच किया गया। साइकिल वितरण का कार्यक्रम रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी देवी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी की उपस्थिति में किया गया। मौके पर सिल्ली प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि आठ स्कूलों के बीच साइकिल का वितरण किया गया ताकि बच्चों को स्कूल आने-जाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इस मौके पर अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, बांसारुली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव, मुरी पश्चिमी की मुखिया शीला देवी, सोमरा मांझी,शर्मिला कुमारी, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, ज्योति, जीप प्रतिनिधि अखिल महतो शुभम सोनार इमाम अंसारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने शराब पीने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

**रांची :** राजधानी रांची की पुलिस ने शराब दुकान के समीप शराब पीने वालों के खिलाफ शुक्रवार देर रात तक अभियान चलाया। एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में अभियान चलाया। अभियान के क्रम में शराब दुकानदारों को हिदायत दिया गया कि वह अपने दुकान के सामने शराब का सेवन किसी को ना करने दे। अगर कोई भी शराब का सेवन करते हुए पाए हैं तो शराब पीने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। शराब दुकान के पास शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ किया खिलवाड़ : बिजय चौरसिया

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने सरकार पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि यदि हेमंत सरकार को क्षेत्र के युवाओं की चिंता है तो वो बगैर देर किए सीजीएल का केस सीबीआई को सौंप दें। उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि अब राज्य सरकार की एसआईटी भी कह रही है कि सीजीएल में घोर अनियमितता और मनमानी बरती गई है। सुनियोजित तरीके से राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि अब इससे ज्यादा गड़बड़झाला क्या हो सकता है कि अभ्यर्थी ही परीक्षा प्रश्न पत्र का सेटर हो। उन्होंने कहा कि आश्चर्य है कि राज्य के हजारों युवाओं द्वारा बार-बार सचेत करने के बाद भी यह सरकार सोती रही। युवाओं के भविष्य को लेकर कुछ न सोचा बल्कि अपने बेनकाब होते लोगों को बचाने में लगी रही। उन्होंने कहा कि सरकार को अविलंब यह केस सीबीआई के हवाले कर देना चाहिए।

### बहू की हत्या के दोषियों को उम्र कैद की सजा

**रांची :** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार की अदालत ने शनिवार को दहेज के खातिर बहू की हत्या के आरोप में 26 साल बाद कोतवाली थाना के तत्कालीन दारोगा बिहार के भोजपुर जिला निवासी रामप्रशण दुबे, उनकी पत्नी ललिता देवी और बेटे काशीनाथ दुबे को दोषी पाकर उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर जुर्माना भी लगाया गया है। साजिश रचकर अपनी बहू की हत्या करने के आरोप में चार मई 1998 को डोरंडा थाने में कांड संख्या 111/1998 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उस समय रामप्रशण दुबे रांची कोतवाली थाने में पदस्थापित थे। प्राथमिकी के बाद अपने प्रभाव से केस काफी दिनों तक किसी न किसी कारण से लंबित चला आ रहा था। साल 2014 में मामला खुला और उसमें सेशन नंबर बैठाकर आगे की सुनवाई के लिए सेशन कोर्ट भेज दिया गया। जहां तीनों पर 24 जुलाई 2015 को दहेज हत्या और साजिश रचने के आरोप में आरोप गठित किया गया था। नवविवाहित की हत्या उसका गला दबाकर की गई थी। इस दहेज हत्या को लेकर दारोगा रामप्रशण दुबे का छोटा बेटा जो उस समय 10 साल का था, उसके बयान पर डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हालांकि इस मामले में वह भी उस समय रिमांड होम भेजा गया था। मामले में सुनवाई के दौरान मृतिका की मां, पिता, बहन, बहनोई समेत 11 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। इसमें मामले के सूचक दारोगा के बेटे की भी गवाही दर्ज की गई है। मामले में प्राथमिकी के 12 साल बाद सितंबर 2011 में आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी।

# रांची में सजा क्रिसमस का बाजार लोग कर रहे जमकर खरीदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में क्रिसमस को लेकर हर चौक चौराहे पर दुकान सज गई है। क्रिसमस पर्व को लेकर मसीही समुदाय के लोग इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। क्रिसमस की थीम पर सजी दुकानों में विभिन्न सजावटी सामग्रियां उपलब्ध हैं, जो त्योहार की खुशियों को दोगुनी कर रही हैं। खरीददार अपने घर और आंगन को सजाने संवारने के लिए बाजारों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। नये परिधानों की भी खरीददारी हो रही है। क्रिसमस में सबसे अधिक मांग झालरों, सैंटा,स्टार, चरनी और क्रिसमस ट्री की हो रही है।



क्रिसमस बाजार मेन रोड, अपरबाजार, चर्च रोड, कोकर, लालपुर, कांटाटोली, धुर्वा, डोरंडा, बहुबाजार सहित अन्य क्षेत्रों में लगा है। सर्जना चौक स्थित मेन रोड के दुकानदार विक्की ने शनिवार को बताया कि पिछले साल लगभग एक लाख से अधिक का माल लेकर आया था। मेरा दुकान काफी पुराना है। लगभग तीन साल से मैं क्रिसमस के सामान बेच रहा हूं। पिछले साल काफी बिक्री हुई थी। इस साल भी कई चुनिंदा आईटम लेकर आया हूं। आशा करता हूं कि इस बर्ष भी अच्छी बिक्री होगी। क्रिसमस को लेकर बिक्री शुरू हो गई है। जेवियर कॉलेज के समीप दुकानदार अजय तिर्की ने शनिवार को बताया कि क्रिसमस की बिक्री शुरू हो गई है। लोग सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकान में विभिन्न डिजाइन के संता क्लाउज, चरनी सेट, स्टार, बच्चों के ड्रेस, इलेक्ट्रिकल डेकोरेशन आइटम, एक्समस ट्री जैसे सामान मौजूद है।

## सिविल कोर्ट का डीआईजी ने किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** डीआईजी अनूप बिरथरे ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। डीआईजी दोपहर में अचानक सिविल कोर्ट पहुंचे और सुरक्षा इंतजामों का मुआयना करने लगे। जैसे ही कोर्ट सुरक्षा प्रभारी और दूसरे पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना मिली, वैसे ही वे फौरन डीआईजी के पास पहुंचे। अपने निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कोर्ट रूम से लेकर सिविल कोर्ट के बाहरी क्षेत्रों का भी जायजा लिया। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनसे हर चीज की जानकारी ली। सिविल कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों को जो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं, उनकी जांच भी डीआईजी के जरिये की गई। मौके पर डीआईजी ने बताया कि तीन गेटों



का औचक निरीक्षण किया गया। काफी भीड़ रहती है चेकिंग ठीक से करें। 75 पुलिसकर्मी और पदाधिकारी वहां नियुक्त हैं। बार भवन से आगे की ओर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। कोतवाली डीएसपी को भी औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। कोर्ट के अधिकारियों, अधिवक्ताओं से भी डीआईजी ने सुरक्षा के विषय पर बातचीत की। सभी ने सुरक्षा में सहयोग का भरोसा दिया। इससे पूर्व झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर और जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की समीक्षा डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की थी। इस दौरान डीजीपी ने रेंज डीआईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी रेंज डीआईजी अपने-अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में जितने भी व्यवहार न्यायालय, आवासीय परिसर और न्यायाधीश हैं, उन सभी की मॉनटरिंग करेंगे। साथ ही उन सभी की सुरक्षा से संबंधित समेकित प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे।

## स्कूली छात्राओं से छेड़खानी के आरोपी फिरोज को पनाह देने वाला गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के कोतवाली पुलिस ने जसीम, नाला रोड, रांची के निवासी को कन्या स्कूल अपर बाजार में छात्राओं से छेड़खानी करने वाले आरोपी फिरोज अली को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। खबर है कि फिरोज अली को पनाह देने वाले लोअर बाजार के पार्षद एवं अन्य लोग को चिन्हित कर लिया गया है। उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि छेड़खानी के आरोप हिंदपीढ़ी निवासी फिरोज अली ने लोअर बाजार थाना में 15 दिसंबर को सरेंडर कर दिया था। मारवाड़ी कन्या पाठशाला नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ मामले में फिरोज आरोपी है। 48 घंटे से रांची पुलिस फिरोज को तलाश



रही थी। पुलिस उसी समय से फिरोज को पनाह देने वालों को भी तलाश रही थी। थाना में सरेंडर करने से पहले आरोपी फिरोज ने बयान जारी किया है। फिरोज ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि नशे की हालत में उसने यह गलती की। उसकी इस गलती से उसका पूरा परिवार परेशान है। इसीलिए वह खुद को थाना में सरेंडर करने आया है। फिरोज ने आगे कहा कि जिंदगी में पहली बार ऐसी गलती हुई है दुबारा नहीं होगा ऐसा।

## मदरसा में मॉडर्न शिक्षा के लिये देंगे कम्पयूटर : मंत्री हफीजुल अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी इस्लामी मरकज के जरिये चलाए जा रहे मदरसा को मॉडर्न मदरसा बनाने में पूरा सहयोग देने पर बल दिया। उन्होंने मध्याह्न भोजन की व्यवस्था के साथ मरकज के कागजात उपलब्ध कराने पर मदरसे में हॉस्टल देने और मदरसा में मॉडर्न शिक्षा के लिये कम्पयूटर देने की बात कही। मंत्री हफीजुल अंसारी शनिवार को हिंदपीढ़ी स्थित इस्लामी मरकज में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्हें मरकज की ओर से मोमेंटो के साथ सम्मानित किया गया। इस दौरान इस्लामी मरकज के नायब मोहतमिम कारी अय्यूब और एदारा ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने संयुक्त रूप से मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि दूसरे स्कूलों एवं मदरसों की भांति



इस्लामी मरकज में चल रहे मदरसा के 150 बच्चों के मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, शिक्षा को और बेहतर बनाने एवं यहां के बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिये 50 कम्प्यूटर की व्यवस्था, मदरसे की जर्जर स्थिति में सुधार सहित मदरसा को आगे बढ़ाने निर्माण कार्य के लिए सरकारी स्तर पर फंड की व्यवस्था कराई जाए। सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान और प्रवक्ता मो इसलाम ने स्कूल एवं मदरसों में पढ़ रहे छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया।

## थाना प्रभारी पर घर में घुसकर गाली-गलौज और महिलाओं से बदसलूकी करने का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के सुखदेवनगर थाना प्रभारी पर एक परिवार के घर पर जबरन घुसकर गाली-गलौज और महिलाओं के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगा है। इसी थाना क्षेत्र के बजरा स्थित सर्वेशवरी नगर की रहने वाली परविंदर कौर नाम की महिला ने थाना प्रभारी पर यह आरोप लगाया है। महिला ने शनिवार को रांची एसएसपी से इसकी शिकायत की है और इसकी प्रतिलिपि राज्यपाल, डीजीपी, अल्पसंख्यक आयोग को भी दी है। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि बीते 19 दिसंबर की रात उसके घर के गेट पर जोर से पीटने की आवाज आयी। जब वह बाहर निकलीं, तो उन्होंने देखा कि नशे में धुत सुखदेवनगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, उनके सहकर्मियों और मेट्रों गली रातू रोड निवासी विनीत खत्री उसके घर में घुस आये। आरोप लगाया कि सभी ने उनके साथ, उनके पति, देवर और छोटी बहन के साथ अभद्र व्यवहार किया। महिला ने यह भी कहा कि विनीत खत्री ने उनके साथ छेड़खानी की। इसके अलावा थाना प्रभारी और उनके साथियों ने उनके पति और देवर की पगड़ी भी खींचकर फेंक दी। महिला ने अपनी शिकायत के साथ इस घटना का वीडियो फुटेज भी उपलब्ध कराया है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि विनित खत्री की बहन अरतीका खत्री ने बीते 29 अप्रैल को सुखदेवनगर थाना में मेरे पति शक्ति सिंह लोहिया और मेरे ससुर गजेंद्र सिंह लोहिया के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सुखदेवनगर थाना कांड संख्या 227/2024 में अरतीका खत्री ने आरोप लगाया था कि उनके पति ने उसकी बेटी को छेड़ा और ससुर ने अभद्र व्यवहार किया। हालांकि 29 मई को रांची के न्यायालय से उनके पति और ससुर को जमानत मिल गयी थी। महिला ने शिकायत में बताया कि जमानत के कागजात उसने उसी समय थाना में दे दिया था। महिला के अनुसार 19 दिसंबर की सुबह 11 बजे सुखदेवनगर थाना से फोन आया कि थाने आकर अपना आधार कार्ड जमा कीजिये, आपकी चार्जशीट जमा करना है। मेरे पति शक्ति सिंह लोहिया करीब 12 बजे सुखदेवनगर थाना गये और दोनों का आधार कार्ड जमा करके आ गये। इसी दिन रात में करीब 11 बजे सुखदेवनगर थाना प्रभारी अपने सहकमीर्यों और अरतीका खत्री के भाई विनित खत्री के साथ शराब के नशे में धुत होकर जबरन घर में घुसे और मार-पीट की। घर का सामान तोड़ा और मेरे पति और देवर को घसीटकर घर से बाहर निकाला और पगड़ी को भी खींचकर फेंक दिया।

## किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा किसान मोर्चा ने राज्य के सभी डीसी कार्यालयों में सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार द्वारा यदि किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित नहीं किया गया तो, राज्यव्यापी आंदोलन! पवन साहू भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू जी के निदेर्शानुसार 20 दिसंबर को झारखंड के सभी जिला उपायुक्त कार्यालयों में मुख्यमंत्री जी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इसी निमित्त रांची ग्रामीण जिले के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा एक ज्ञापन रांची उपायुक्त महोदय को सौंपा गया। इस प्रतिनिधि मंडल में विशेष कर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू जी, उपाध्यक्ष राजेश सिंह जी, राजेश कुशवाहा जी, महामंत्री अजय मुंडा जी, प्रदेश पदाधिकारी सफदर अली जी, हरिशंकर तिवारी जी, प्रदेश



कार्य समिति सदस्य, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष पशुपति सहदेव जी, पंचम महतो जी, पुरुषोत्तम गोस्वामी जी के साथ अन्य मोर्चा के पदाधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू जी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने के पहले हेमंत सोरेन जी का चुनावी वादा था कि झारखंड में जब फिर से हमारी सरकार बनेगी तो हम किसानों को धान खरीदी प्रक्रिया को न्यूनतम समर्थन मूल्य ?3200 प्रति क्विंटल पर खरीदी करेंगे, धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, किसान अनुकूल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा। पर जब उनकी सरकार बन गई तो वादा खिलाफी करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य रु 3200 से घटाकर ?2400 प्रति क्विंटल कर दिया गया? साथ हीं मॉइश्चर (नमी)के नाम पर 10 से 15 किलोग्राम प्रति क्विंटल कटौती किया जा रहा है? जिससे किसान आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। हम सरकार को याद दिलाना चाहते हैं कि जो आपने चुनावी वादा में 3200 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी की बात की है उसे 2400 रु प्रति क्विंटल न देकर किसानों की हित में उसे यथावत रु 3200 प्रति क्विंटल पर खरीदी किया जाए? नमी के नाम पर 10 झ15 केजी की जो कटौती की जा रही है उसे न्यूनतम से न्यूनतम किया जाए? किसानों की धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, किसानुकुल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाए? किसान हमारे देश और राज्य के रीढ होते हैं, वह देश के अन्नदाता हैं। उनकी मेहनत के बिना राज्य की खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में किसानों का उत्साह टूट रहा है, और यह स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इसलिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जिलों मोर्चा जिला अध्यक्ष के अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा धान प्रक्रिया में किसानों के साथ हो रहे अन्याय को रोकने, व चुनावी वादा पूरा करने हेतु, उपायुक्त कार्यालय में मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सोपा जा रहा है। हम मुख्यमंत्री जी से आग्रह पूर्वक मांग करते हैं कि इन समस्याओं का समाधान तत्काल सुनिश्चित करें, जनहित में आपकी सकारात्मक पहल का सभी किसान बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम किसानों के हितों की रक्षा के लिए राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। यह जानकारी भाजपा (किसान मोर्चा ) प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार सिंह द्वारा दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई : दीपक बिरुआ



**रांची :** लर्नर लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत कराए जाने में आम जनों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो। पदाधिकारी प्रत्येक दिन आम जनता से मुलाकात करें एवं उनकी परेशानियों को यथाशीघ्र निष्पादित करने की दिशा में कार्य करें। उपरोक्त बातें मंत्री दीपक बिरुआ ने कही। मंत्री परिवहन विभाग के राजस्व संग्रहण एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रहण हेतु वार्षिक लक्ष्य को चार महीने में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। पदाधिकारीगण अपनी जिम्मेवारी को समझें। लक्ष्य पूर्ण करने में असमर्थ पदाधिकारी के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा टैक्स, परमिट तथा वाहनों के रजिस्ट्रेशन की काफी कमी पाई गई, जिस हेतु निर्देश दिया गया कि गत माह में सभी प्रकार के अनिर्णय कार्यों को यथा शीघ्र निष्पादन किया जाए। सभी पदाधिकारी को वाहनों के भौतिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। मंत्री के द्वारा चिरकुंडा, धनबाद में चल रहे चेक पोस्ट की भांति अन्य जिलों में चेकपोस्ट चालू किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

### रांची के कारोबारी प्रिंस राज श्रीवास्तव पर जानलेवा हमला

**रांची :** शुक्रवार को रात्री 10 :57 बजे हिनू निवासी रांची के व्यवसायी प्रिंस राज श्रीवास्तव पर अपराधियों ने जानलेवा हमला किया। घटना बीते रात 10 :50 बजे की है जिसमें प्रिंस राज श्रीवास्तव कडरू स्थित स्काइलाइन टावर से अपने हिनू आवास के लिए निकल रहे थे। जैसे ही प्रिंस अपने गाड़ी मे बैठे वैसे ही घात लगाए 4 अज्ञात अपराधियों ने प्रिंस के गाड़ी को घेर लिया। गाड़ी घेर कर इन अपराधियों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया। ऐसे मे प्रिंस राज श्रीवास्तव सतर्क हो गए, अपराधियों ने दो बार जबरदस्ती गाड़ी का दरवाजा खोलने का प्रयास किया जिसमे से एक बार एक अपराधी ने प्रिंस के चहरे पर हमला भी किया। उनके हाथों मे धारदार हथियार और चाकू देख प्रिंस वापस अपने गाड़ी मे बैठ गए। जिसके बाद प्रिंस वहा से अपने आवास के लिए निकल गए। मिली खबर के मुताबिक 4 अपराधियों ने 2 वाहनों से प्रिंस राज श्रीवास्तव का पीछा किया और कडरू पुल मे प्रिंस की गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया। किसी तरह प्रिंस अपना जान बचा कर डोरंडा थाना पहुंचे। ये देख कर अपराधी वहां से फरार हो गए। इससे पूर्व जब प्रिंस जान बचा कर निकले तभी रस्ते मे अपराधियों ने उनके कार पर भरी पत्थर से हमला किया जिससे उनका कार क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना की सभी तस्वीरें कार मे लगे कैमरे मे कैद हुई हैं। मामले की जानकारी डोरंडा थाने मे लिखित दिया गया हैं लेकिन देर शाम तक एफ.आई.आर. दर्ज नही हुआ हैं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची पुलिस का डोरंडा थाना और अरगोड़ा थाना के क्षेत्र के मामले को लेकर केस फंसा हुआ हैं, प्रिंस राज श्रीवास्तव ने रांची पुलिस से अपील की हैं कि इन अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### मालती वेलफेयर फाउंडेशन ने ग्रामीणों के बीच किया कंबल वितरण




**रांची :** दुबलिया गांव, कांके में 100 गरीबों को कंबल बाटे गये। मालती वेलफेयर फाउडेशन सोसाइटी की ओर से शनिवार को दुबलिया गाव, काके में जरूरतमंदों, वृद्ध महिला और पुरुषों के बीच 100 कंबल बाटा गया। अध्यक्ष संध्या रानी भगत ने कहा कि मेरी माता स्वर्गीय मालती भगत की पाचवी पुण्यतिथी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनहोने ये भी कहा कि मानव सेवा करना ही मनुष्य जीवन का सर्वश्रेष्ठउदेश्य है। सचिव साक्षी उराँव, सृष्टि सिंह,तेजस उरॉव, अजय कुजुर समेत ग्रामीण मौजूद थे।,

### पेपर लीक करने वाले गिरोहों का वृहद डाटाबेस बनाये सरकार : विजय शंकर

**रांची :** उपरोक्त बाते आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एंव राज्य के पुलिस महानिदेशक, झारखंड को एक पत्र लिख कर कही। इन्होंने यह भी कहा कि राज्य निर्माण के बाद जितने भी जेपीएससी/ जेएसएससी के माध्यम से परीक्षा किये गये। उसमे बराबर पेपर लिक की घटना हुई। जिससे राज्य के छात्र, युवा, नौजवानो का भविष्य खतरे में पड़ा रहा और सरकार की प्रतिष्ठा भी धूमिल एंव झारखंड राज्य कलंकित हुआ। फ्रेश परिक्षा नही होने के कारण राज्य मे दिन प्रतिदिन छात्र, युवा, बेरोजगार नौजवानो का आक्रोश आये दिन आन्दोलन के माध्यम से निकाल रहे है। नायक ने आगे कहा कि मंच का मानना है कि राज्य सरकार पेपर लीक करने वाले संगठीत अपराधिक गिरोहों का एक वृहद डाटाबेस झारखंड पुलिस की आर्थिक अपराध ईकाई के माध्यम से बनाने की दिशा मे सकरात्मक ठोस पहल हो जिसमे पड़ोसी राज्य के मदद से उनके हुलिये से लेकर अन्य जानकारीयां जुटाई जाय। वृहद डाटाबेस को उत्तर प्रदेश, बिहार, ओड़िसा, हरियाणा,बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्यो से साझा भी किया जाय ताकि ऐसे गिरोहों की सतत निगरानी किया जा सके। नायक ने आगे यह भी कहा कि माननीय मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन जी झारखंड लोक परीक्षा अधिनियम के तहत पेपर लीक मे शामिल अपराधिक गिरोहों की सभी संपत्ति को जब्त किया जाय और ऐसे अपराधियों की फैमली ट्री (वंशावली) बनाकर काली कमाई का लाभ उठाने वाले लोगो पर भी कार्रवाई की जाए साथ ही साथ ऐसे अपराधियों के दादा से पोते तक की आय-व्यय का ब्यौरा निकालते हुए दोषी नाते-रिशतेदारो पर भी चार्ज शीट की जाए और इसमे आजीवन सजा का प्रावधान हो तथा कोचिंग संस्थान के संचालको की भी संदिग्ध भूमिका को केन्द्र मे रखा जाए।

### श्रीश्याम मंदिर में 138वें श्रीश्याम भण्डारा का हुआ आयोजन

**रांची :** श्रीश्याम मित्र मण्डल के द्वारा आज हरमू रोड़ रांची के श्रीश्याम मंदिर में 138 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्मृतिशेष सुनीता लाल के पति किशोर कुमार लाल, सुपुत्री सौम्या लाल,शान्या लाल व सुपुत्र हर्षित लाल ने मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, लड्डूगोपालजी, शालीग्राम जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, वीरबजरंगबली, श्रीरामदरबार व गुरुजनों को भोग अर्पित कर खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेका। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में आज यजमानश्री किशोर कुमार लाल के परिजनों ने ठाकुरजी के प्रिय भोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगावो बाबा श्याम जी का ताली बजाकर सामुहिक गायन कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## एक नजर

### संविधान हर नागरिक को अपने हक के लिए संघर्ष करने का अधिकार देता है : शम्भु कुमार

**बोकारो** : बीएसएल के दौरे पर आये सेल के निदेशक कार्मिक के के सिंह से सेल एससी एवं एसटी इम्प्लाइज फेडरेशन बोकारो यूनिट का प्रतिनिधिमंडल ने शम्भु कुमार अध्यक्ष बोकारो यूनिट सह सदस्य केन्द्रीय कमिटी के नेतृत्व में मिलकर बोकारो आगमन पर स्वागत किया। शम्भु कुमार ने निदेशक कार्मिक से कहा कि विगत 28 सितंबर को बीएसएल के प्रशासनिक भवन के समक्ष मशाल जुलूस निकाला गया था। इस मशाल जुलूस में शामिल होने का आरोप लगाकर कर्मचारियों को बीएसएल प्रबंधन द्वारा चार्जशीट दिया गया है जो कि कर्मचारियों के साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने निदेशक कार्मिक से मांग किया कि चार्जशीट प्रबंधन द्वारा वापस लेना चाहिए। भारत लोकतान्त्रिक देश है और अपने अधिकार के लिए विरोध प्रदर्शन करना कहीं से भी गलत नहीं है। चार्जशीट का खौफ दिखाकर प्रबंधन कर्मचारियों को चुप कराना चाहती है। देश का संविधान हर नागरिक को अपने हक के लिए संघर्ष करने का अधिकार देता है। बीएसएल प्रबंधन से हरि मोहन झा मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन, प्रभाकर कुमार महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध और शिप्रा निवेदिता हेमबरोम लाइसन पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर फेडरेशन से मुख्य रूप से करतार सामंत महासचिव बोकारो यूनिट सह सदस्य केन्द्रीय कमिटी, देवेश टुडू सचिव, विशेश्वर रजवार कोक ओवन अध्यक्ष, सिद्धार्थ सुमन कार्यकारिणी सदस्य, नबानांदेश्वर हेमबरम सचिव, विजय राम सीआरएम उपाध्यक्ष, उपस्थित रहे।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**बोकारो** : पेटरवार एन एच 23 पेटरवार–रामगढ़ पथ पर पेटरवार थाना क्षेत्र के इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के निकट एक बाइक सवार व्यक्ति हाइवा के टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना शनिवार के अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे की है। घटना की सूचना पा कर पेटरवार पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। घायल को इलाज के लिए पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा कर बेहत्तर चिकित्सा के लिए बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि रामगढ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के ग्राम रकुवा बूटगोड़वा निवासी सुगन महतो उम्र करीब 45 वर्ष अपने घर से एक बाइक संख्या जे एच 09 ई 1669 में सवार हो कर शनिवार बाजार करने के लिए पेटरवार आया हुआ था। जो पेटरवार चौक के निकट स्थित पेट्रोल पम्प से बाइक में पेट्रोल भरवा कर निकला और बाजार की ओर जा रहा था उसी समय एन एच पथ पर एक हाइवा वाहन संख्या जेएच 02बी क्यु 5030 से टक्कर हो गयी।

### बीजीएच सफाई मित्रों को सभी प्रकार का भत्ता देना पड़ेगा : बिके चौधरी

**बोकारो** : जेनरल अस्पताल मे कार्यरत करीब 200 कटेगरी बी ठेकाकर्मी अस्पताल का लेट्रीन, बाथरू ,सभी वार्डो से लेकर ओ पी डी मे झाडू पोछा लगातार साफ सफाई का काम बर्षो से करता आ रहा है। जिसका नतीजा है कि आज के समय मे साफ सफाई और रख रखाव के मामले मे बोकारो जनरल अस्पताल का अपना अलग पहचान बन चूका है। अनेको समस्याओं को लेकर आज अस्पताल के ठेकाकर्मीयों का आवश्यक बैठक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, प्रभारी कार्यालय के सामने हुआ जिसमे जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी को मजदूरों ने अपनी समस्याओं को रखा। समस्याओं को जानने और समझने के उपरांत बि के चौधरी ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है।

# संत जेवियर्स स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता







**बोकारो** : संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो स्टील सिटी में क्रिसमस महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने फीता काटकर पवित्र जल से नवीन मंच का उद्घाटन करते हुए किया। उन्होंने ईश्वर का आशीर्वाद लेकर इस उत्सव को आरंभ किया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता का संचार हुआ। इसके बाद विद्यालय के क्वायर ग्रुप ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत कर ईश्वर से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस मधुर आरंभ के पश्चात कैरोल गायन प्रतियोगिता में विजयी रही। जेवियर हाउस की टीम ने एक तारा गीत प्रस्तुत किया, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। इसके उपरांत प्राइमरी खंड के बच्चों ने यीशु मसीह के जन्म पर आधारित एक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की। उनकी मासूमियत और अभिनय ने दर्शकों के चेहरों पर मुस्कान ला दी, जैसे मुरझाए फूलों में नमी की तरह उनकी मासूमियत ने सबको छू लिया। इसके बाद, मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने जोशीले नृत्य से दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। संगीत क्लब के प्रतिभाशाली गायकों ने मधुर क्रिसमस कैरोल गाए, जिनकी धुनों ने श्रोताओं को दिलों में गूंजती रागिनी सा समाहित कर दिया, और तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया। कार्यक्रम में सहायक कर्मचारियों को भी शामिल किया गया, उनके लिए खेल आयोजन किया गया था। इसके बाद विद्यालय के हिंदी मीडियम के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। एक रोचक पल तब आया जब क्रिसमस क्विज का आयोजन हुआ। इसमें प्रत्येक हाउस से तीन-तीन प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके बाद, बॉक्सन्स ने मंच पर आकर सभी को क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन से कार्यक्रम में एक नई ऊर्जा भर दी। साथ ही उन्होंने बच्चों के संग क्रिसमस के कुछ गीत गुनगुनाए। अंत में, फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने क्रिसमस संदेश देते हुए कहा कि क्रिसमस का अर्थ है ईश्वर को अपना बनाना। उन्होंने प्रेम, शांति और सौहार्द का महत्व समझाया और सभी को खुशियों की बौछार बांटने का संदेश दिया।

## चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद जिला अंतर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने चौकीदार बहाली के परीक्षा हेतु एडमिट कार्ड के वितरण करने के लिए सभी अंचल कार्यालय में व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बैठक में सभी परीक्षा केंद्रों में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की नियुक्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्ञातव्य हो कि जिला में 29 दिसंबर को चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु परीक्षा विभिन्न केंद्रों पर ली जाएगी। इसके अलावा उपायुक्त ने शारीरिक जांच हेतु भी चर्चा की एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ हीं उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के बदलाव अगर होते हैं तो उसे जिला के वेबसाइट के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। मौके एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, एसडीएम राजेश कुमार, डीएलएओ राम नारायण खलखो समेत अन्य मौजूद रहें।

## आरएसपी कॉलेज झरिया में गणित दिवस का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : आर. एस. पी. कॉलेज झरिया धनबाद मे गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक बीएड विभाग के गणित मेथड के सहायक प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार चौबे, एवं गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ सोनी कुमारी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ निलेश कुमार सिंह ने की। डॉ रामानुजम के गणित विषयक योगदानों को याद करते हुए कहा कि गणित का ज्ञान मानव जीवन के अनिवार्य है। बीएड प्रशिक्षु ज्योति कुमारी ने मंच का संचालन किया। बीएड छात्रा दिव्या कुमारी ने स्वागत भाषण दिया जबकि मिताली उदानी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। जबकि बीएड प्रशिक्षु राजेंद्र राम,गणित विभाग के प्रतिक, खुशी एवं ज्योति ने डॉ रामनुजम ने जीवनी एवं गणतीय योगदानों को विस्तार से दिया। छात्रा निक्की कुमारी ने रामनुजम के उपलब्धियों पर स्वरचित एक कविता प्रस्तुत की। मिताली उदानी ने भारत के प्रसिद्ध गणितगयों के संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की गणित विभाग के सिद्धू बाउरी ने 'मैथ अ यूनिवर्सल लैंग्वेज' पर अपने विचार प्रस्तुत किया। बीएड छात्रा ज्योति कुमारी ने जब जीरो दिया भारत ने गीत प्रस्तुत की। गणित विभाग के शामिया रानी ने रामानुजम के शैक्षिक जीवन पर विस्तार से चर्चा की। बीएड प्रशिक्षु जूही 'खिसयानी बिल्ली गणित नोचे' शीर्षक पर व्यंग प्रस्तुत किया। गणित विभाग के छात्र प्रतिक ने कार्यक्रम में बांसुरी वादन किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. सोनी कुमारी ने डॉ रामानूजम के गणितीय योगदानों को याद करते हुए संख्या का जादूगर बताया। वहीँ संयोजक डॉ अशोक कुमार चौबे ने बताया कि गणित वह भाषा है जिसे सृष्टिकरता ने ब्रम्हांड की रचना की है। प्रो. विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अपने जीवन काल में श्रीनिवास रामनुजम करीब 3600 प्रमेय को सिद्ध किया जो ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी यूनियन की कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बैंक ऑफ इंडिया इम्पलाइज यूनियन झारखण्ड स्टेट के कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक गुरुवार एवं शनिवार को स्थानीय ऑल हेवेन्स, चीरा चास में यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष जी सी सिन्हा की अध्यक्षता में आज सम्पन्न हुई। इस दो दिवसीय बैठक में मुख्य रूप से बैंको में स्टाफ की कमी के कारण काम काज पर प्रभाव, ग्राहक सेवा ढंग से नहीं होने पर चर्चा की गई। साथ ही झारखण्ड के पाँचों अंचलों यथा बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर एवं राँची के प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के हितार्थ किए जाने वाले वैध कामों को भी नहीं करने की प्रवृति, पूर्णतया कर्मचारी विरोधी मानसिकता के तहत कर्मचारियों को देय वाजीब हकों के प्रति नकारात्मक रवैया आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के क्रम में बैठक को सम्बोधित करते हुए बैंक ऑफ इंडिया इम्पलाइज यूनियन झारखण्ड स्टेट एवं फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन्स के महासचिव साथी दिनेश झा 'ललन ने कहा कि बहुत दूत गति से बैंकों के कार्यप्रणाली मे बदलाव किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जो एक तरफ ना ही ग्राहकोन्मुख प्रतीत हो रहा है आर ना ही कर्मचारियो के हितों के अनुकूल है। भारत सरकार के सोच के अनुसार बैंकों को कर्मचारी यूनियन मुक्त करना है इसलिए बैंकों में कर्मचारियो की बहाली नहीं की जा रही है। साथ ही सरकार के निर्णय के आलोक मे बैंको द्वारा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियो की बहाली पूर्णतया बंद कर दी गई है। बैंकों के चतुर्थ श्रेणी के कर्मियो के लिए लेबर सप्लाई ऐजेन्सी से संविदा पर लेकर काम कराने की बात तय की है। इसके साथ ही बैंकों में एक वर्ष के लिए अप्रेन्टिस बहाली की भी बात तय की गई है। यह अत्यंत चिंतनीय स्थिति है कि बैंकों में स्थायी कर्मियो जो बैंक के प्रति पूर्ण वफादार रहते रहे है उन्हीं कामों के लिए इस प्रकार निजी कर्मियो से अल्कालीन अवधि के लिए काम कराना बैंक के सुरक्षा के लिए अत्यंत घातक है। चर्चा एवं वक्ताओं के विचारों के आलोक में कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया एवं प्रबंधन से मांग की गई कि अविलम्ब कर्मचारियो की बहाली की जाए एवं कर्मचारियो के सभी लम्बित मांगो एवं वाजिब हकों पर जल्द समुचित निर्णय लिया जाए।

## झामुमो नेता मंटू यादव ने बच्चों को शिक्षा और कड़ी मेहनत की दी प्रेरणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : एनडी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता मंटू यादव और विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार पाण्डेय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, इसके बाद बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि मंटू यादव ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति के आत्मविश्वास और जीवन में सही मार्गदर्शन की शक्ति भी देती है। उन्होंने कहा, शिक्षा वह ताकत है, जो हमें अपने जीवन को सुधारने और समाज में बदलाव लाने की क्षमता देती है। बच्चों को अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रखते हुए कठिनाइयों से घबराए बिना कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि उनके सपने तभी पूरे होंगे जब वे निरंतर प्रयास करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार पाण्डेय ने भी शिक्षा के महत्व को बताते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को अच्छे अंक देना नहीं है, बल्कि उन्हें एक अच्छा इंसान बनाना है।र उन्होंने बताया कि एनडी पब्लिक स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल, कला, संगीत और नृत्य जैसे अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर मिलते हैं, जो उनके जीवन को संपूर्ण बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिसमें नृत्य, गीत, नाटक और भाषण शामिल थे।

# ठेका मजदूरो के शोषण के विरोध में कामगारों ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बोकारो : सेल इस्पात संयंत्र के कोक-ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग के सुदर्शन कैंटीन में संयंत्र के ठेका मजदूरों की ज्वलंत समस्याओ पर आर-पार की आक्रामक रणनीति पर विचार हेतु क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ के द्वारा ठेका मजदूरो की विशाल मीटिंग हुई। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस श्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्लांट के कुछ अधिकारी ठेका मजदूरो के हकमारी को हीं अपना एकमात्र कर्तव्य समझते हैं। 15 अक्टूबर के हड़ताल नोटिस के आलोक में वार्ता के दौरान प्रबंधन ने हड़ताल वापस लेने का अनुरोध करते हुए मजदूरो से वादा किया था कि हम जल्द हीं अपने नियम मे सुधार कर यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी मजदूर मेडिकल चेकअप के वजह से बाहर नहीं हों। मगर इनका कानून है कि सुधरने का नाम ही नही ले रहा है। आज ठेका मजदूर सीधे-सीधे उत्पादन का काम कर रहें है मगर बदले मे मिलता है तो सिर्फ झारखंड सरकार का भवन निर्माण का मिनिमम वेज।झारखंड सरकार के नियमावली मे कारखाना का मिनिमम वेज है ही नही।फिर भी हमे मिनिमम वेज के नाम पर धोखा दिया जा रहा है।ना नाइट शिफ्ट एलाउंस, ना ग्रुच्युटी, ना अन्य किसी प्रकार का भत्ता। हम साफ-साफ प्रबंधन को बता देना चाहते है कि हमे मिनिमम नहीं मैक्सिमम वेज चाहिए।ए.डब्ल्यू.ए का रकम जो हमें दिया जा रहा है उसका ई.एस. आई.सी तो काटा जाता है मगर मजदूरो को आर्थिक लाभ से वंचित रखने के लिए इस ए.डब्ल्यू.ए की राशि को मिनिमम वेज से नहीं जोड़ा जा रहा है। जहाँ तक बायोमेट्रिक एटेन्डेन्स का सवाल है हमारा कहना साफ है कि जो सुविधा और नियम अधिकारियो के साथ लागू है वही सुविधाएँ ठेका मजदूरो को भी मिलना चाहिए तभी हमे बायोमेट्रिक एटेन्डेन्स मंजूर होगा। जो कुशल कामगार साथी ई.एस.आई.सी की सीमा से बाहर हो चुके हैं उनके और उनके आश्रितो के ईलाज के लिए कम से कम पाँच लाख रुपए का हेल्थ इंश्योरेंस करो या ईलाज का उत्तम व्यवस्था करो। अन्त में श्री सिंह ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी मांगो पर गंभीरता से विचार करते हुए निराकरण के लिए सकारात्मक और ठोस पहल करें नहीं तो मजदूर आन्दोलन से हक लेना बखूबी जानते हैं। मीटिंग को श्री सिंह के अलावे शशिभूषण सिंह , चन्द्र प्रकाश,जुम्मन खान, अभय शर्मा, अमित यादव, आनंद कुमार, हरेराम सिंह, टुनटुन सिंह आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांगों के हित में पहला कदम स्कूल के प्रयासों को राज्यपाल ने सराहा



**धनबाद** : नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम की टीम ने शनिवार को झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल, प्रतिक अग्रवाल और कौशल अग्रवाल ने मुलाकात कर पहला कदम स्कूल के द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र मे किये जाने वाले कार्यो को साझा किया ।राज्यपाल के द्वारा पहला कदम स्कूल के दिव्यांगों के हित मे होने वाले प्रयासो को सराहा। राज्यपाल के द्वारा की गई यह मुलाकात दिव्यांग बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बेहतर प्रयास करेगा। राज्यपाल ने पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों के हित मे साथ देने का आश्वासन दिया। पहला कदम की पूरी टीम ने राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।

### पौष पार्बन मेला का दीप जलाकर एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दन ने किया उद्घाटन




**धनबाद** : लिन्डसे क्लब एव लाईब्रेरी के प्रांगन में शुक्रवार से तीन दिवसीय पौष पार्बन मेला का अगाज हो चुका हे। 20 से 22 दिसंबर तक आयोजित इस पौष मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप मे धनबाद के एसएसपी ह्रदीप पी. जनार्दनन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे एसएसएलएनटी महाविद्यालय के प्राचार्या सह डीन शिक्षा बीबीएमकेयु के डॉ. शर्मिला राणी व लिन्डसे क्लब एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष अमलेन्दु सिन्हा,सचिव सलिल विश्वास,संस्कृतिक सचिव डॉक्टर देवयानी विश्वास व क्लब के महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित थे। मेले में आये हुए धनबाद के आस पास के क्षेत्र से लोगो ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिया ।जिसमें सदस्याओं द्वारा बंगला गाना तत्पश्चात बच्चो द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मेले में बंगाल एव धनबाद के अलग अलग जगह से तरह–तरह के मिठाई एव फुड के लगभग बीस स्टॉल्स लगाया गया है। जिसमे पौषे हुल्लोर,पीठा घर, ऐपार बंगला, खाई खाई,सेनको , महुया बुटीक, माटीस फेशन,स्वादिष्ट बंगाली, तनिष्क, सर्फ साईट,स्पाशि वाईट खास है। प्रवक्ता ने बताया मेला 2019 से अब तक निरंतर चल रहा है ।पौष मेला के अवसर पर एक हर साल के तरह सोभेनियर का उनमोचन किया गया। एसएसपी ह्रदीप पी. जनार्दनन ने अपने भाषण मे इस तरह का पारंपरिक मेला जारी रखने का आग्रह किये साथ ही कार्यक्रम आयोजकों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिये।

### संस्कार ज्ञानपीठ, हरिना में प्रथम विश्व ध्यान दिवस मनाया गया



**धनबाद** : संस्कार ज्ञानपीठ,हरिना में प्रथम विश्व ध्यान दिवस मनाया गया आज संस्कार ज्ञानपीठ 10+2 विद्यालय, पीयूष विहार हरिना में श्रद्धा पूर्वक प्रथम विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक कांतिलाल प्रधान एवं धर्मेंद्र जी ने ज्ञानपीठ के छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को सूक्ष्म व्यायाम एवं गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के आवाज में ध्यान करवाए। साथ ही साथ बच्चों को ध्यान से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार राय ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील किया कि आप नियमित ध्यान का अभ्यास करें। उन्होंने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित हैप्पीनेस कोर्स विद्यालय में करवाया जाएगा। इस मौके पर नीरजा राय, रश्मि कुमारी,राहुल कुमार,आनंद गौतम,मलय मिश्रा, नीरज रावत, संगीता चौहान, श्वेता शुक्ला, एकता जायसवाल, काजल कुमारी, मोमी सरकार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### पिकलबॉल कोचिंग कैंप का हुआ सफल आयोजन




**धनबाद/रांची** : झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी.सुधीर ने जानकारी दी की रांची जिमखाना क्लब में 20 से 22 दिसंबर तक आयोजित पिकलबॉल कोचिंग कैंप में धनबाद से आए झारखंड पिकलबाल एसोसिएशन के कोच गौरव कुमार और दीपक कुमार ने क्लब के सदस्यों को इस खेल की बारीकियां सिखाईं। इस तीन दिवसीय सेशन में पिकलबॉल को पहली बार अनुभव करने वाले खिलाड़ियों में उत्साह देखा गया ।क्लब के सदस्य आनंद खेमका, दीपक अग्रवाल, पायल अग्रवाल, विनीत साबू, सुभाष अग्रवाल, प्रीति केडिया और रचित केडिया समेत दर्जनों खिलाड़ियों ने इस खेल को बड़े ही जोश और उत्साह के साथ खेला। सभी ने पिकलबॉल को एक नया और रोमांचक अनुभव बताया ।झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रभात कुमार का आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने इस खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करने की दिशा में अहम भूमिका निभाई ।जनवरी में 3 से 5 तारीख तक भुवनेश्वर, उड़ीसा में नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन से झारखंड के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# अफीम की अवैध खेती होने पर मुखिया और जन प्रतिनिधि भी होंगे जिम्मेवार : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में कर्रा प्रखंड के हाकाजांग स्थित पंचायत सचिवालय में शनिवार को अफीम के उत्पादन और विक्रय निषेध से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्रा बीडीओ, सीओ, मुखिया, थाना प्रभारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल थे। अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अफीम की अवैध खेती के खिलाफ सख्त मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने अफीम की खेती से आमजनों के जीवन पर पढ़ने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए लोगों से अपील की कि चंद पैसों के लोभ में जाने-अनजाने में अफीम की खेती की है, वह स्वयं ही अफीम के पौधों को नष्ट कर दे, तो उनके खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले दो माह में भीतर जिला प्रशासन के जरिये अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अवैध अफीम की खेती की जगह निर्भय होकर वैधानिक वैकल्पिक खेती करने की अपील की। जिला प्रशासन के जरिये वैकल्पिक खेती की ओर अग्रसर होने वाले किसानों को हरसंभव मदद की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि अफीम की खेती कोई भी करे, रैयतों के खिलाफ एफआइआर होगी। इसमें 10 से 20 साल की सजा होगी। उन्होंने कहा कि गैर मजरूआ, वन भूमि, आदि पर अफीम की खेती पाये जाने पर संबंधित मुखिया, ग्राम प्रधान जिम्मेवार माने जाएंगे। इस आलोक में उनके विरुद्ध गंभीर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में अफीम की फसल को सेटेलाइट के माध्यम से चिह्नित किया जा रहा है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों से अगले 15 दिनों तक गांव-गांव में अफीम की अवैध खेती नहीं करने के लिए जागरूक करने की अपील की। मौके पर अफीम की खेती मुक्त कराने की शपथ दिलाई गयी। इससे पूर्व उपायुक्त के जरिये सचिवालय में लाइब्रेरी कक्ष का उद्घाटन किया गया।

## एसबीयू में क्रिसमस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग द्वारा क्रिसमस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने इस अवसर पर बोलते हुए प्रभु यीशु के परोपकार के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। दुनिया भर के कई राष्ट्रों के बीच चल रहे परस्पर संघर्षों की चर्चा करते हुए उन्होंने इस दिशा में ईसा मसीह के शांति के उपदेशों से सभी को सीख लेने की सलाह दी। 'धन' और 'धर्म' के बीच के फर्क को स्पष्ट करते हुए उन्होंने धर्म की महत्ता को श्रेष्ठ करार दिया। मानव जीवन में क्षमा की शक्ति को उन्होंने आवश्यक बताया। अपने संबोधन में नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा ने क्रिसमस पर्व और प्रभु ईसा मसीह के जन्म के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही प्रभु द्वारा मानव कल्याण के निमित्त किए गए कार्यों और उनके उपदेशों पर चर्चा की। संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने प्रभु ईसा को करुणा और दया का प्रतीक बताया। मानव जाति के समग्र उत्थान के लिए प्रभु के आशीर्वचनों और प्रयासों का उन्होंने जिक्र किया। डीन डॉ. नीलिमा पाठक ने प्रभु यीशु के दया और करुणा के उपदेशों को सभी के लिए अनुकरणीय बताया। प्रभु के संदेशों पर उन्होंने विस्तार से रौशनी डाली। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग विभाग की छात्रा सरीन खलखो और गरिमा पांडेय एवं धन्यवाद संबोधन विभाग की उपप्राचार्या श्रीमती मिनाल श्वेता ने किया।कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा**

**-:आम सूचना:-**

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि 21वी0 पशुधन गणना 2024–25 पूरे भारतवर्ष में कराया जा रहा है। झारखण्ड राज्य के सभी 24 जिलों में दिनांक 20.12.2024 से 31.03.2025 तक संचालित किया जायेगा। शीघ्र ही प्रगणक आपके घर जायेंगे तथा आपसे सम्पर्क करेंगे। जिलान्तर्गत सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि भारत सरकार की इस योजना में अपनी सहभागिता दिखलाते हुये अपने सभी पशुओं की पूर्ण जानकारी प्रगणकों को देगें। पशुगणना से प्राप्त आकड़ो के आधार पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसान हित में कई विकास योजनाओं संचालित की जाती है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा
–सह–राज्य नोडल पदाधिकारी,
21वी0 पशुधन गणना

PR 342570 Animal Husbandry(24-25).D

**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ......................../ **आवश्यक सूचना** दिनांक ......................../

सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.12.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–छारदा, थाना–सिसई के पास से 11 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर ट्रॉली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 07.01.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 342608 (Forest, Environment and Climate Changes)24-25*D

**अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची का कार्यालय**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–02/परि0प्र0/2024–25

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024–25 हेतु आवासन हेतु टेन्ट से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
वैसे उत्पादनकर्ता/विक्रेता/अधिकृत एजेंट निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं जिनका जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो। निविदा दस्तावेज 500/– का बैंक ड्राफ्ट भुगतान कर अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड रॉंची 834002 के परिचारी प्रवर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची के नाम से होना चाहिए।
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 24/12/2024 समय 11:00 AM
निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–26/12/2024 समय 11:00 AM
निविदा खोलने की तिथि दिनांक– 31/12/2024 समय 11:30 AM
पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखण्ड, रॉंची सह क्रय उप–समिति के अध्यक्ष के समक्ष निविदा खोली जाएगी।
अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढ़ा दें।

अपर पुलिस अधीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग,
झारखण्ड, रॉंची

PR 342564 (Police)24-25*D

**अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची का कार्यालय**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–05/परि0प्र0/2024–25**

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024–25 हेतु आवश्यकतानुसार Printing से संबंधित कार्यों हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
वैसे उत्पादनकर्ता/विक्रेता/अधिकृत एजेंट निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं जिनका जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो। निविदा दस्तावेज 500/– का बैंक ड्राफ्ट भुगतान कर अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड रॉंची 834002 के परिचारी प्रवर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
**बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची के नाम से होना चाहिए।**
**निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 24/12/2024 समय 11:00 AM**
**निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–26/12/2024 समय 11:00 AM**
**निविदा खोलने की तिथि दिनांक– 31/12/2024 समय 11:30 AM**
पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखण्ड, रॉंची सह क्रय उप–समिति के अध्यक्ष के समक्ष निविदा खोली जाएगी।
अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढ़ा दें।

अपर पुलिस अधीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग,झारखण्ड, रॉंची

PR 342569 Police(24-25).D

**अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची का कार्यालय**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या– 09/परि0प्र0/2024–25

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024–25 समापन समारोह हेतु टेन्ट से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
वैसे उत्पादनकर्ता/विक्रेता/अधिकृत एजेंट निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं जिनका जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो। निविदा दस्तावेज 500/– का बैंक ड्राफ्ट भुगतान कर अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड रॉंची 834002 के परिचारी प्रवर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची के नाम से होना चाहिए।
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 24/12/2024 समय 11:00 AM
निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–26/12/2024 समय 11:00 AM
निविदा खोलने की तिथि दिनांक– 31/12/2024 समय 11:30 AM
पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखण्ड, रॉंची सह क्रय उप–समिति के अध्यक्ष के समक्ष निविदा खोली जाएगी।
अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढ़ा दें।

अपर पुलिस अधीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची

PR 342588 Police (24-25)_D

**अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची का कार्यालय**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या– 10/परि0प्र0/2024–25

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024–25 उद्घाटन एवं समापन समारोह के लिए Hi-Tea at Stadium हेतु टेन्ट से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
वैसे उत्पादनकर्ता/विक्रेता/अधिकृत एजेंट निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं जिनका जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो। निविदा दस्तावेज 500/– का बैंक ड्राफ्ट भुगतान कर अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड रॉंची 834002 के परिचारी प्रवर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची के नाम से होना चाहिए।
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 24/12/2024 समय 11:00 AM
निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–26/12/2024 समय 11:00 AM
निविदा खोलने की तिथि दिनांक– 31/12/2024 समय 11:30 AM
पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखण्ड, रॉंची सह क्रय उप–समिति के अध्यक्ष के समक्ष निविदा खोली जाएगी।
अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढ़ा दें।

अपर पुलिस अधीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची

PR 342593 Police (24-25)_D

## युवा महोत्सव के विजेता टीम का किया गया स्वागत



**सरिया (गिरिडीह):** शनिवार को सरिया कॉलेज सरिया में अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव की टीम सरिया पहूचाने पर कॉलेज परिवार के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विदित होकर विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा 28 वां युवा महोत्सव चतरा कॉलेज चतरा में दिनांक 17 दिसंबर से लेकर 20 दिसंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें सरिया कॉलेज की प्रेरणा कुमारी ने डिबेट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान जबकि रंगोली प्रतियोगिता में टिंकल कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। इस बार सरिया कॉलेज कई प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें कई प्रतियोगिता में सरिया कॉलेज ने प्रतिभागियों ने दर्शकों का अपनी अभिनय व कला के माध्यम से मंत्र मुग्ध किया। जिसमें मेहंदी, रंगोली, प्रतियोगिता,स्किट, फोक डांस, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, माईम, मिमिक्री, क्ले मॉडलिंग,क्विज प्रतियोगिता आदि शामिल थे। युवा महोत्सव में सरिया कॉलेज पहली बार किसी प्रतियोगिता में जीत हासिल की है । विद्यार्थियों के द्वारा दो प्रतियोगिता में जीते जाने पर शिक्षक शिक्षकेतर कर्मियों तथा विद्यार्थियों में हर्ष व्याप्त है युवा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को कॉलेज परिवार के द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर प्रचार डॉ संतोष कुमार लाल टीम मैंनेजर प्रो चायरा निशा ईंद, प्रो अरुण कुमार प्रो के मिश्रा, प्रो कार्तिक प्रसाद यादव, डॉ शीलेश मोहन, प्रो जितेंद्र प्रो आसिफ दिवाकर, डॉ श्वेता, प्रो अलका रानी जोजो, आकाश मंडल, विकास कुमार, प्रेरणा कुमारी, नेहा कुमारी, ट्विंकल कुमारी ,सपना कुमारी ,निशा कुमारी, मनीषा कुमारी, रूबी कुमारी ,चांदनी कुमारी, उमेश, राही समेत पुरी टीम के लोगों उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में भाई-बहन घायल

**सरिया (गिरिडीह):** शनिवार को सरिया थाना क्षेत्र के बकराडीह पुल के समीप हुए सडक दुर्घटना में दो लोग घायल हुए। दोनों घायल आपस में भाई बहन है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरिया थाना क्षेत्र के सिंगडीह निवासी इन्द्रदेव कुमार अपनी बहन अंजली कुमारी के साथ बाईक पर सरिया से अपने घर सिंगडीह जा रहा था तभी बकराडीह पुल के पास असंतुलित होकर बाईक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिससे दोनों भाई बहन गंभीर रुप से घायल हो गये। उसी समय उधर से गुजर रहे सरिया थाना के चौकीदार राजकुमार का नजर उस पर पडा। उन्होंने आनन फानन में उसे उठाकर सरिया अस्पताल लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गिरिडीह रेफर कर दिया गया।

## क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया



**चैनपुर :** परमवीर अल्वर्ट एक्का महाविद्यालय चैनपुर में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मिस्सा पूजा, चरनी आशीष एवं दीप प्रज्वलन से की गई। मुख्य अनुष्ठाता फादर रेमिस टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी नम्र एवं विनीत होकर बालक येशु जेसे महान कार्य करें। प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर ने सभों को जन्म पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। नव –नियुक्त फादर अगस्तुस एक्का ने कहा कि मसीहा का इस दुनिया में आना मानव जाति के लिए सबसे बड़ा तोहफा है। बेथलेहेम के बालक येसु मानव जाति को पाप बुराई एवं अंधकार से बचाने के लिए इस दुनिया में मसीहा बनकर आए। कॉलेज के कलाकारों ने अपने आकर्षक एवं रंगारंग क्रिसमस नाच – गान एवं स्किट से महफिल का समा बंधा। क्रिसमस पापा ने कार्यक्रम में चार चांद लगाया। कोयर दल की अगुवाई प्रो0 बुंदीप एवं धन्यवाद की प्रस्तुति अनुपम सर ने किया।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल में फिट इंडिया वीक का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में फिट इंडिया वीक का शनिवार को समापन हो गया। इस वीक में कई प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया जिसमें करीब 650 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें एथलीट में 100 मीटर 200 मीटर, रिले रेस, मॉडल रेस सेटल रन ,बैलून रेस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो खो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन सप्ताह भर आयोजित किया गया। प्रथम स्थान पर आने वाले रोहित पाहन, प्रितिम कच्छप, सृष्टि कुमारी ,अंश कुमार ,कारण मुंडा आदि रहे सभी बच्चों को मेडल और टॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर साइ के सहायक निदेशक करन साधवानी, रइ से ड्यूटी कमांडेन्ट अजय यादव, विद्यालय के चेयरमैन राम टहल चौधरी, निदेशक डॉ. रूद्र नारायण महतो, प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो, खेल शिक्षक सुरेश कुमार महतो, उमेश मण्डल, आनंद प्रसाद , सुमंत कुमार घासी राम महतो, भुनेवश्वर कुम्हार शिक्षिका पुतुल नीलू नाग, गयात्री सुदर्शी, स्नेहा शालिनी, कुसुम कुमारी, कल्याणी कुमारी, अंजलि, प्रियंका, अलका , फुलेश्वरी महतो, ललिता महतो आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर में क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर, उत्साह का माहौल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर में क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। ईसाई समुदाय में उत्साह और उल्लास का माहौल है। लोग अपने घरों को सजाने में जुटे हुए हैं और चर्च में भी तैयारियां जोरों पर हैं। क्रिसमस की तैयारियों के लिए घरों में चरनिया बनाने के साथ ही रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। इसके अलावा बाजार में भी क्रिसमस की धूम दिखाई दे रही है। सर्दी के बावजूद खरीदारों के उत्साह में कमी नहीं है। कपड़ों की दुकानों पर ग्राहक खरीदारी करने के लिए पहुंच रहे हैं। गिफ्ट गैलरी में भी सांता क्लाज की पोशाक और क्रिसमस ट्री बिक्री के लिए सजाए गए हैं। जो हाथों हाथ बिक रहे हैं। सांता टेडी बियर, इलेक्ट्रॉनिक्स सांता क्लाज व क्रिसमस डेकोरेशन सहित कई सामान बाजार में उपलब्ध है।

क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह आज

झमुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज के नेतृत्व में होने वाले क्रिसमस गैदरिंग की तैयारी पूरी कर ली गई है। श्री मिंज ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रिसमस मिलन समारोह सह गैदरिंग का उद्घाटन गुमला विधायक भूषण तिर्की के द्वारा किया जाएगा। रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन भी किया गया है। आर्केस्ट्रा प्रोग्राम में जॉलीवुड के कई नामी कलाकार शामिल होंगे। उन्होंने आगे बताया कि चैनपुर बस स्टैंड से लूथरन मैदान तक भव्य कार्निवल शोभायात्रा निकाला जाएगा।

## कैराली स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक गुरुकुल कूटाम पधारे



**मुरी/सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन कैराली स्कूल रांची के विद्यार्थी एवं शिक्षक गण भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम में पधारे। सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भगवान का दर्शन किया और भगवान के कीर्तन में नृत्य किया। गुरुकुल के संस्थापक श्रीमान दास गदाधर प्रभु के द्वारा बच्चों को श्रीमद् भागवत गीता का उपदेश दिया गया एवं अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए क्या-क्या मार्ग हो सकते हैं या क्या-क्या तरीके हैं उसको विस्तृत रूप से बताया गया। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच श्रील प्रभुपाद द्वारा अनुवादित भगवत गीता यथारूप भेंट किया गया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी।

# रामगढ़ में बढ़ेगी महिला लखपति किसानों की संख्या : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** रामगढ़ में महिला लखपति किसान पहल को लेकर शनिवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया । इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीपीएम जेएसएलपीएस रीता सिंह के जरिये महिला लखपति किसान की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के संबंध में हुए कार्यों की जानकारी दी गई। इसके बाद उनके जरिये रामगढ़ जिले में महिला लखपति किसानों की संख्या बढ़ाने को लेकर कार्य योजना के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में डीसी के जरिये जिले में महिला लखपति किसने की संख्या बढ़ाने को लेकर डीपीएम जेएसएलपीएस को कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों तथा पशुपालन, मतस्य प्लान, उद्यान आदि के साथ समन्वय करते हुए महिला किसानों को एक साथ कई क्षेत्रों में कृषि करने और अपने आमदनी बढ़ाने को लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के जरिये जिले के अलग-अलग क्षेत्र में क्लस्टर चिन्हित कर मटर, स्वीट कॉर्न, मशरूम केज फार्मिंग, अंडा उत्पादन आदि की दिशा में जिला को अग्रणी बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी के साथ साझा की गई। वहीं बैठक के दौरान महिला किसानों के एक्सपोजर विजिट पर भी चर्चा की गई। बैठक जिला योजना पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा, जिला कृषि पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई तथा सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास अधिकारी उपस्थित थे।

### रामगढ़ की हर गली में होगी पक्की सड़क
### 70 करोड़ से बन रहा 121 पीसीसी पथ

**रामगढ़ :** चुनाव खत्म हुआ तो रामगढ़ जिले में विकास योजनाओं का अंबार लग गया है। डीसी चंदन कुमार ने एक झटके में 70 करोड रुपए की लागत से 121 पीसीसी सड़क निर्माण का आदेश जारी कर दिया। सभी स्थानों पर काम शुरू भी हो गया है। शनिवार को डीसी चंदन कुमार ने बताया कि चुनावी वर्ष की वजह से लगभग पूरा साल रामगढ़ जिले में विकास की गति धीमी हो गई थी। लेकिन अब विकास को दुगनी रफ़्तार से आगे बढ़ाना है। शहर से लेकर गांव तक सड़कों का जाल बिछाना है, ताकि आवागमन में किसी भी व्यक्ति को परेशानी ना हो। डीसी ने बताया कि 121 योजनाओं की सूची सार्वजनिक कर दी गई है। इसके अलावा जिस किसी गांव या शहर की गली में सड़क की आवश्यकता है, ग्रामीण अपने जनप्रतिनिधी के माध्यम से आवेदन दें, तत्काल उस इलाके में काम शुरू हो जाएगा। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिला के विकास एवं लोगो को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। इसी उद्देश्य से डीएमएफटी मद से 70 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। साथ ही उन्होंने जिले के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किन्ही को लगता है कि उनके क्षेत्र में पीसीसी पथ होना चाहिए तो वे अविलंब अपने जनप्रतिनिधि के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

# क्या फिर होगा उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक



डॉ. आर.के. सिन्हा

जाकिर हुसैन शिखर पर अपनी कड़ी मेहनत के बल पर पहुंचे थे। वे अंत तक हर दिन रियाज करते , जिससे उनकी कला में निखार बना रहे। उनकी संगीत में जान बसती थी। उनका जुनून उनके प्रदर्शन में साफ दिखाई देता था। जाकिर हुसैन हमेशा नई चीजों को सीखने और प्रयोग करने के लिए तैयार रहते । उन्होंने अलग-अलग संगीत शैलियों में भी काम किया, जिससे उनका संगीत और भी समृद्ध हुआ।



उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से सारा देश और उनके सारे संसार में रहने वाले प्रशंसक उदास हैं। अभी कल ही तो अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सानफ्रांसिस्को शहर के एक कब्रिस्तान में उनके मृत शरीर को 'सुपुर्दे खाक' कर दिया गया । भरे मन से विश्व भर के सैकड़ों प्रसंशक उस्ताद जाकिर को मिट्टी देने पहुँचे। उनके प्रशंसकों का तो यही कहना है कि उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा? यह तो भविष्य ही बताएगा? परंतु, अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां वाकई में सबको याद आएंगी। ये युगलबंदियाँ वाकई कमाल की होती थीं।मैंने तो अपने युवावस्था में पटना के गर्दनीबाग मैदान में दशकों तक हर वर्ष दुर्गापूजा के अवसर पर इन महान कलाकारों के आयोजनकर्ताओं में एक रहा हूँ और इनसभी के संघर्ष के दिनों को करीबी से देखा है ।

क्या उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा? यह कहना तो सही नहीं होगा कि उनके जैसा कोई और नहीं होगा। संगीत एक ऐसी चीज है जो हमेशा अपने ढंग से विकसित होती ही रहती है। हो सकता है कि भविष्य में कोई ऐसा तबला वादक भी आए जो अपनी प्रतिभा और मेहनत से जाकिर हुसैन की याद दिला दे।लेकिन ,अभी के लिए, यह कहना सही ही होगा कि उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक फिर से पैदा होना मुश्किल होगा । वे एक अद्वितीय और महान कलाकार थे।

अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां वाकई में याद आएंगी। वह कमाल की होती थीं। इन दिग्गजों का साथ-साथ मंच पर आना ही अपने आप में एक अद्भुत अनुभव होता था। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले के उस्ताद थे, और उनकी लयकारी का कोई मुकाबला नहीं था। पंडित शिव कुमार शर्मा संतूर बजाते थे, जो एक मधुर और अद्वितीय वाद्य है। पंडित हरि प्रसाद चौरसिया बांसुरी के जादूगर है, और उनकी बांसुरी की धुनें मन को मोह लेती हैं। जब ये मंच पर आते, तो लय, ताल और मधुरता का एक अद्भुत संगम होता था। इन कलाकारों के बीच एक अद्भुत सामंजस्य भी था। वे एक-दूसरे की कला का सम्मान करते और एक-दूसरे के साथ संवाद करते हुए संगीत बनाते। उनकी जुगलबंदी सिर्फ एक साथ बजाना मात्र नहीं थी, बल्कि एक-दूसरे के साथ संगीत की एक महान यात्रा पर निकलना जैसा था।

इनकी जुगलबंदियों में भावनात्मक गहराई भी होती थी। वे अपने संगीत के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते थे, और श्रोता भी उनसे जुड़ जाते थे। उनके संगीत में खुशी, गम, प्यार, और शांति जैसे विभिन्न भावों का अनुभव होता था। इन तीनों कलाकारों की जुगलबंदियां भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक अनमोल विरासत के रूप में याद रखी जाएँगी । उन्होंने दुनिया भर में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी जुगलबंदियां भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में हमेशा याद रखी जाएंगी।

मेरा मानना है कि उस्ताद जाकिर हुसैन और पंडित शिवकुमार शर्मा की जुगलबंदी भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में एक अद्भुत और अद्वितीय घटना थी। दोनों ही अपने-अपने वाद्य यंत्रों के महारथी थे। जब ये दोनों मंच पर एक साथ आते थे, तो एक ऐसा जादुई माहौल बन जाता था जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता था। जाकिर हुसैन की तबले की थाप और शिवकुमार शर्मा के संतूर की मधुर ध्वनियाँ एक साथ मिलकर एक ऐसा लयबद्ध मिश्रण बनाती थीं , जो सुनने में बेहद सुखद होता था। दोनों कलाकार एक-दूसरे की लय को अच्छी तरह समझते भी थे और उसके साथ तालमेल बिठाते हुए संगीत को एक नई ऊँचाई पर ले जाते थे। उनकी जुगलबंदी केवल संगीत नहीं थी, बल्कि एक आत्मिक संवाद थी। ऐसा लगता था जैसे दोनों कलाकार अपने-अपने वाद्य यंत्रों के माध्यम से एक-दूसरे से बातें कर रहे हों। कभी तबले की तेज गति संतूर की मधुर तान के साथ बात करती थी, तो कभी संतूर की धीमी लय तबले की जोरदार थाप के साथ संवाद करती थी। उनकी जुगलबंदी में भावनाओं की गहराई होती थी। वे अपने संगीत के माध्यम से श्रोताओं को एक अलग ही भावनात्मक या यूँ कहें कि आध्यात्मिक दुनिया में ले जाते थे।

दोनों कलाकार अपने-अपने वाद्य यंत्रों के उस्ताद थे और उनकी कलात्मकता का कोई जवाब नहीं था। जाकिर हुसैन की उंगलियां तबले पर ऐसे थिरकती थीं जैसे कोई जादू कर रही हों, और शिवकुमार शर्मा अपने संतूर से ऐसे मीठे स्वर निकालते थे , जो सीधे दिल को छू जाते थे। जाकिर हुसैन की लय और ताल पर गजब की पकड़ थी। वे मुश्किल से मुश्किल तालों को भी आसानी से बजा लेते थे। वह तबला बजाते समय नए-नए प्रयोग करते रहते थे, जिससे उनकी प्रस्तुति हमेशा ताजा और दिलचस्प लगती थी। जाकिर हुसैन के तबले की धुन में एक अलग ही भावना होती थी, जो सुनने वाले को छू जाती थी। जाकिर हुसैन ने तबला वादन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने दुनिया भर के कई कलाकारों के साथ काम किया और तबले को एक वैश्विक वाद्य यंत्र बनाया।

पंजाब घराने से संबंध रखने वाले जाकिर हुसैन अपनी जटिल और बारीक लयकारी के लिए जाने जाते थे । वे मुश्किल तालों को भी सहजता से बजाते। उनकी लय में एक अद्भुत प्रवाह होता, जो संगीत को जीवंत और गतिशील बनाता । वे अपनी उंगलियों को तबले पर इस तरह चलाते जैसे कोई जादू कर रहे हों।

जाकिर हुसैन हमेशा नई-नई लय और तालों का प्रयोग करते रहते, जिससे उनका संगीत हमेशा नया और रोमांचक लगता। मैंने जाकिर हुसैन के कार्यक्रमों को दिल्ली और पटना में अनेकों बार निकटता से देखा है । वे हर बार छा जाते थे। उनके तबले से निकलने वाली हर ध्वनि स्पष्ट और सटीक होती थी । वे तबले के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग तरह की आवाजें निकालने में माहिर थे। उनकी उंगलियां तबले पर इतनी तेजी से चलती थीं कि देखने वाले भी हैरान रह जाते । वे अपनी अंगुलियों से विभिन्न तरह के बोल और लय बजाते।

वह तबले के साथ संवाद करते हुए महसूस होते । इस तरह से लगता था कि मानो उनकी उंगलियां तबले से जैसे कोई कहानी कह रही हों।

जाकिर हुसैन शिखर पर अपनी कड़ी मेहनत के बल पर पहुंचे थे। वे अंत तक हर दिन रियाज करते , जिससे उनकी कला में निखार बना रहे। उनकी संगीत में जान बसती थी। उनका जुनून उनके प्रदर्शन में साफ दिखाई देता था। जाकिर हुसैन हमेशा नई चीजों को सीखने और प्रयोग करने के लिए तैयार रहते । उन्होंने अलग-अलग संगीत शैलियों में भी काम किया, जिससे उनका संगीत और भी समृद्ध हुआ ।

जाकिर हुसैन ने दुनिया भर के कई प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया। उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों के संगीत को मिलाकर एक नया रूप दिया। वे भारतीय संगीत के राजदूत थे। उन्होंने पूरी दुनिया में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतने बड़े कलाकार होने के बावजूद जाकिर हुसैन बहुत ही सरल और विनम्र स्वभाव के थे । वह हमेशा दूसरों का सम्मान करते । इससे उनके प्रति सम्मान का भाव और बढ़ जाता था। वह युवा संगीतकारों के लिए प्रेरणा थे। उनसे सीखकर कई युवा तबला वादक आज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### सहयोग और निगरानी

भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों अजित डोभाल और वांग यी के बीच हुई 23 में बैठक में से इस बात के स्पष्ट संकेत मिले हैं कि दोनों देशों के आपसी रिश्ते प्रगति की ओर अग्रसर हैं। इससे पहले रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 23 अक्टूबर को बातचीत हुई थी जिसमें द्विपक्षीय संबंधों को फिर से बहाल करने पर जोर दिया गया था। डोभाल और वांग ने वार्ता के दौरान विश्वास प्रकट किया कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चार साल तक चले सैन्य गतिरोध से सबक लेना महत्त्वपूर्ण है। दोनों नेताओं ने सीमा पर तनाव के कारण पटरी पर से उतरे अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की। इस बैठक की महत्त्वपूर्ण बात यह भी रही कि भारत और चीन ने कैलाश मानसरोवर यात्रा, सीमा पर नदी सहयोग और नाथूला सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। भारत और चीन के बीच पांच साल के अंतराल के बाद विशेष प्रतिनिधियों की यह महत्त्वपूर्ण बैठक द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने के एजेंडे पर आधारित थी। दोनों पक्षों ने निष्पक्ष, तर्कसंगत और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचा के तहत सीमा विवादों को हल करने पर जोर दिय। लेकिन सीमा विवाद एक ऐसा जटिल मुद्दा है जिसको हल करने की दिशा में दोनों देशों का नजरिया अलग-अलग है। इसको लेकर भारत और चीन के बीच कई चक्र की वार्ता हो चुकी है, लेकिन चीन इसे हल करने की दिशा में कभी गंभीर नहीं रहा। चीन चाहता है कि सीमा के मूल मुद्दों को अलग करके द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाया जाए, जबकि नई दिल्ली का विश्वास है कि सीमा विवाद के मसले जब तक हल नहीं होंगे, आपसी रिश्ते असहज बने रहेंगे। यह मसले कुछ इसी तरह के हैं कि भारत सीमा पर आतंक को रोकने के बाद ही पाकिस्तान से रिश्ते सहज होने की बात करता है। जाहिर है जब तक भारत चीन सीमा पर शांति और स्थिरता नहीं रहेगी तब तक आपसी रिश्ते भला कैसे सामान्य हो सकते हैं। विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य सहमति की संभावित कमी को इशारा करता है। चीन के वक्तव्य में सर्वसम्मति के छह सूत्रों का उल्लेख किया गया है जबकि भारत की ओर से इस तरह के किसी सर्वसम्मति का हवाला नहीं दिया गया है। हालांकि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लंबे सैन्य गतिरोध से बाहर निकलना और द्विपक्षीय संबंधों को समान स्तर पर बहाल करने की दिशा में आगे बढ़ाना अच्छे संकेत हैं, लेकिन भारत चीन की सीमा महत्त्वाकांक्षा पर भारत को पैनी नजर रखनी होगी।



## चिंतन-मनन

### अहं भाव न पालें

एक बार देशभक्त वीर शिवाजी सज्जनगढ़ का किला बनवा रहे थे। हजारों मजदूर वहां काम करते थे। एक दिन शिवाजी किले को देखने गए। यत्र की तरह उनको काम करते देखकर शिवाजी के मन में अहं आ गया। वे सोचने लगे- इन सबकी आजीविका मेरे द्वारा चलती है! इतने में उनके गुरू समर्थ रामदास स्वामी वहां पहुंच गए। विशिष्ट ज्ञान के द्वारा उन्होंने शिवाजी के मन की बात जान ली और निश्चय किया कि इसको प्रतिबोध देना जरूरी हो गया है। वास्तव में गुरू वे ही होते हैं, जो समय पर अनुयायियों को गिरने से बचा लें। स्वामी रामदास ने वहां काम करने वालों को आदेश दिया कि एक बड़ी चट्टान को तोड़ो। उनकी आज्ञा से चट्टान तोड़ी गई। भीतर पानी और मेढक निकले। रामदास ने पूछा - शिवाजी ! इनका लालन-पालन कौन करता है?

शिवाजी - इनका पोषण प्रकृति से होता है, करता कोई नहीं।

रामदासजी- और इन मजदूरों का जीवन किससे चलता है?

शिवाजी ने गुरू के पैर पकड़ लिए और बोले- गुरुदेव! आपने मुझे बचा लिया। आपने मेरे अभिमान को चूर-चूर कर सही रास्ता दिखा दिया। ये सब अपने पुरूषार्थ से जीते हैं। मेरा अहं झूठा था, मैं किसका पालन कर सकता हूं? कहने का अर्थ यह है कि मनुष्य प्रामाणिकता और चरित्र-निष्ठा से काम करे, पर मिथ्या अभिमान न करे। कुछ लोग सोचते हैं-हम ही सब कुछ करने वाले हैं। हम जमीन-आसमान एक कर देंगे। यही अहं भाव व्यक्ति को आगे नहीं बढ़ने देता।

# राष्ट्रीय गणित दिवस: श्रीनिवास रामानुजन : संख्याओं के जादूगर



योगेश कुमार गोयल




प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को भारत में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है, जो देश के महान गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन को सम्मान देने के उद्देश्य से उनकी स्मृति में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। करीब एक दशक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे प्रतिभावान तथा गूढ़ ज्ञान वाले पुरूषों और महिलाओं का जन्म कभी-कभार ही होता है। गणित में रामानुजन के अविस्मरणीय योगदान को याद रखने और सम्मान देने के लिए उसी अवसर पर रामानुजन के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को ह्यराष्ट्रीय गणित दिवसह्व मनाए जाने का निर्णय लिया गया था।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था।

गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे।

एक दिन एक ब्रिटिश की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जी. एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। महान गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की।

भारतीय गणित की महान परम्परा के वाहक श्रीनिवास रामानुजन को 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# मुद्दाः क्या अंडे.शाकाहार हैं



रजनीश कपूर

विज्ञापन जगत ने आम जनता के मन में एक बात बिठा दी है कि अंडे शाकाहारी नहीं हैं। अंडे का उपयोग बढ़ाने के लिए इसे प्रोटीन का बढ़िया स्रोत बताया जाता है। प्रोटीन की मात्रा बहुत सारी शाकाहारी चीजों में भी काफी ज्यादा है पर इस विवाद में नहीं भी पड़ा जाए तो यह तथ्यात्मक रूप से गलत है कि अंडा शाकाहारी है। इसलिए शाकाहारियों के लिए अंडे को लोकप्रिय बनाने के लिए किए जाने वाले प्रचार का उल्टा नारा लगाया जा सकता है - 'संडे हो या मंडे, कभी न खाओ अंडे'। कोई क्या खाए और क्या नहीं इसमें बहुत कुछ आदमी की अपनी पसंद और जीवनशैली के साथ-साथ कई अन्य बातों पर निर्भर करता है। फिर भी आप जो चीज खाते हैं या किसी कारण से नहीं खाते हैं उसके बारे में आपको आवश्यक जानकारी अवश्य होनी चाहिए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 100 ग्राम अंडों में जहां 13 ग्राम प्रोटीन होगा, वहीं पनीर में 24 ग्राम, मूंगफली में 31 ग्राम, दूध से बने कई पदार्थों में तो इससे भी अधिक एवं सोयाबीन में 53 ग्राम प्रोटीन होता है। यही तथ्य कैलोरी के बारे में है। जहां 100 ग्राम अंडों में 173 कैलोरी, मछली में 93 कैलोरी व मुर्गे के गोश्त में 194 कैलोरी प्राप्त होती है, वहीं गेहूं व दालों में 300 कैलोरी, सोयाबीन में 350 कैलोरी व मूंगफली में 550 कैलोरी और मक्खन निकले दूध एवं पनीर से लगभग 350 कैलोरी प्राप्त होती है तो हम यह निर्णय ले सकते हैं कि स्वास्थ्य के लिए क्या चीज जरूरी है? यह स्पष्ट करना भी उचित रहेगा कि अधिक कोलेस्ट्रोल शरीर के लिए लाभदायक नहीं है। 100 ग्राम अंडों में कोलेस्ट्रोल की मात्रा 500 मिलीग्राम है और मुर्गी के गोश्त में 60 है तो वही कोलेस्ट्रोल सभी प्रकार के अन्न, फलों, सब्जियों आदि में शून्य है। अमेरीका के विश्वविख्यात विशेषज्ञ डॉ. माइकेल कलेपर का कहना है कि अंडे का पीला भाग विश्व में कोलेस्ट्रोल एवं जमी चिकनाई का सबसे बड़ा स्रोत है जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। उन्होंने यह भी साबित किया है कि जो व्यक्ति मांस या अंडे खाते हैं उनके शरीर में 'रिस्पटरों' की संख्या में कमी हो जाती है जिससे रक्त के अन्दर कोलेस्ट्रोल की मात्रा अधिक हो जाती है। इससे हृदय रोग शुरू हो जाता है और गुर्दे के रोग एवं पथरी जैसी बीमारियों को भी बढ़ावा मिलता है। वास्तविकता यह है कि 1962 में यूनीसेफ ने एक पुस्तक प्रकाशित की तथा अंडों को लोकप्रिय बनाने के लिए अनिषेचित (इनफर्टाइल) अंडों को शाकाहारी अंडे (वेजीटेरियन) जैसा मिथ्या नाम देकर भारत के शाकाहारी समाज में भ्रम फैला दिया। 1971 में मिशिगन यूनीवर्सिटी (अमेरिका) के वैज्ञानिक डॉ. फिलिप जे. स्केन्ट ने यह सिद्ध किया कि: अनिषेचित अंडे किसी भी प्रकार से शाकाहारी नहीं होते क्योंकि वे न तो पेड़ों पर उगते हैं और न किसी पौधे पर बल्कि वे सब मुर्गी के पेट में से ही उत्पन्न होते हैं। एक वैज्ञानिक प्रयोग के आधार पर यह देखा गया है कि विद्युत धारा के द्वारा अंडों को आंका जा सकता है। अनिषेचित अंडे में निषेचित अंडे की भांति ही यह विद्युत धारा होती है। यह वैज्ञानिक तथ्य है कि निर्जीव वस्तु में कभी भी विद्युत धारा का अंकन नहीं किया जा सकता। विज्ञान ने यह साबित कर दिया है कि किसी भी प्राणी के जीवन का आधार मात्र लैंगिक प्रजनन क्रिया ही नहीं है बल्कि अलैंगिक प्रजनन के द्वारा भी जीवन हो सकता है जैसे अमीबा और अनेक एककोशीय प्राणी बिना निषेचन क्रिया के उत्पन्न होते रहते हैं। इसी प्रकार से 'टेस्ट ट्यूब बेबी' या उसके द्वारा उत्पन्न प्राणी निर्जीव नहीं गिने जा सकते। सच्चाई यह है कि अंडे दो प्रकार के होते हैं एक वे जिनसे बच्चे निकल सकते हैं तथा दूसरे वे जिनसे बच्चे नहीं निकलते। मुर्गी यदि मुर्गे के संसर्ग में न आए तो भी जवानी में अंडे दे सकती है। इन अंडों की तुलना स्त्री के रजःस्राव से की जा सकती है। जिस प्रकार स्त्री के मासिक धर्म होता है। उसी तरह मुर्गी के भी यह धर्म अंडों के रूप में होता है। यह अंडा मुर्गी की आंतरिक गंदगी का परिणाम है। मुर्गियां जो अंडे देती हैं वे सब अपनी स्वेच्छा से या स्वभावतया नहीं देतीं! बल्कि उन्हें विशिष्ट हार्मोन्स और एग-फर्मयुलेशन के इंजेक्शन दिए जाते हैं। इन इंजेक्शनों के कारण ही मुर्गियां लगातार अंडे दे पाती हैं। अंडे के बाहर आते ही उसे इन्क्यूबेटर (सेटर) में डाल दिया जाता है ताकि उसमें से 21 दिन की जगह 18 दिनों में ही चूजा बाहर आ जाए।

मुर्गी का बच्चा जैसे ही अंडे से बाहर निकलता है नर तथा मादा बच्चों को अलग-अलग कर लिया जाता है। मादा बच्चों को शीघ्र जवान करने के लिए एक खास प्रकार की खुराक दी जाती है और इन्हें चैबीसों घंटे तेज प्रकाश में रखकर सोने नहीं दिया जाता ताकि



ये दिन रात खा-खा कर जल्दी ही रजःस्राव करने लगें और अंडा देने लायक हो जाएं। अब इन्हें जमीन की जगह तंग पिंजरों में रख दिया जाता है। इन पिंजरों में इतनी अधिक मुर्गियां भर दी जाती हैं कि वे पंख भी नहीं फड़फड़ा सकतीं। तंग जगह के कारण आपस में चोंचें मारती हैं, जख्मी होती हैं, गुस्सा करती हैं व कष्ट भोगती हैं। जब मुर्गी अंडा देती है तो अंडा जाली में से किनारे पड़कर अलग हो जाता है और उसे अपनी अंडे सेने की प्राकृतिक भावना से वंचित रखा जाता है ताकि वह अगला अंडा जल्दी दे। जिंदगी भर पिंजरे में कैद रहने व चल फिर न सकने के कारण उसकी टांगे बेकार हो जाती हैं। जब उसकी उपयोगिता घट जाती है, तो उसे कत्लखाने भेज दिया जाता है। इस प्रकार से प्राप्त अंडे अहिंसक व शाकाहारी कैसे हो सकते हैं?

एक नजर

## कोटालपोखर ग्रामीण जलापूर्ति योजना तीन माह से बाधित



**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोटालपोखर बाजार में ग्रामीण जलापूर्ति योजना पिछले तीन महीने से बाधित है। इस कारण यहां के लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त नहीं हो रहा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से करोड़ों रुपए खर्च कर शुरू की गई महत्वपूर्ण योजना 3 महीने से अधर में लटकी हुयी है। और, विभाग की दलील है कि योजना को पूर्ण होने के बाद कोटालपोखर के मुखिया को हैंडओवर कर दिया गया है, और मुखिया के द्वारा ही जल संचालन समिति का गठन कर इसका संचालन करना है। जबकि, मुखिया सेरोफिना हेम्ब्रम का कहना है कि हमारे पास कोई फंड नहीं है, तो हमलोग इसका संचालन कैसे करेंगे। पंचायत में जल संचालन समिति का गठन तो किया गया है लेकिन समिति के द्वारा इसकी मॉनिटरिंग सही तरीके से नहीं की जा रही है। नियमानुसार, लाभुक को प्रति कनेक्शन निर्धारित सरकारी दर 62 रुपये जल शुल्क के रूप में जल संचालन समिति को भुगतान करना है, और जल संचालन समिति ही इसका सारा मेंटेनेंस और इसमें कार्य करने वाले मजदूरों का भुगतान करेगी। लेकिन, यहां जल संचालन समिति ही सही तरीके से कार्य नहीं कर रही है एवं विभाग के द्वारा उक्त योजना में पहल नहीं होने के कारण आम लोगों को इसका सही तरीके से लाभ नहीं मिल रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया जांच का हुआ आयोजन



**साहिबगंज/बोरियों :** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों के फाइलेरिया क्लिनिक मे डॉ रोहित गोंड चिकित्सा पदाधिकारी बोरियों के द्वारा फाइलेरिया रोगियों को स्क्रीनिंग करते हुवे स्टेजिंग किया गया तथा तीसरा स्टेज से ऊपर वाले फाइलेरिया रोगियों को विकलांग प्रमाण पत्र बनाने को कहा गया। साथ ही फाइलेरिया जैसे गंभीर बीमारी से बचाव हेतु हाथीपांव रोगियों को रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता रोकथाम किट प्रदान किया गया। साथ-साथ हाथीपांव रोगियों को रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता रोकथाम किट को कैसे प्रयोग करना है इसकी पूरी जानकारी मनोहर पंडित एमटीएस के द्वारा प्रैक्टिकल करके बताया गया। जिसमे कुल 45 फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट प्रदान किया गया। मौके पर शशिशेखर शर्मा एमपीडब्ल्यू, बेंजामीन मुर्मू एमपीडब्ल्यू, पवन कुमार एमपीडब्ल्यू, सुशीला मुर्मू सहिया साथी आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## विधायक ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

**चतरा :** सिमरिया प्रखंड के इचाक पैक्स कार्यालय में शनिवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास ने फीता काटकर धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से पूर्वी क्षेत्र के किसानों को धान बेचने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने किसानों से बिचौलियों को धान ना देकर क्रय केंद्र में ही बेचने की सलाह दी है। इस क्रय केंद्र में आठ पंचायत के किसानों से धान की खरीदारी की जाएगी। पैक्स अध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि इस वर्ष डीएम जेएफएससी कंपनी के जरिये किसानों से धान की अधिप्राप्ति की जाएगी।

# उपायुक्त ने बोड़ाम प्रखंड के लायलम में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निदेशानुसार सभी 11 प्रखंडों के लिए नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपने प्रखंड क्षेत्र के किसी एक पंचायत का निरीक्षण किया जाता है पंचायतों में क्रियान्वित विकास योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत होने जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त भी बोड़ाम प्रखंड के लायलम पंचायत पहुंचे। मौके पर एसडीओ धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, बीडीओ बोड़ाम श्री किकू महतो मौजूद रहे। इस दौरान उन्होने स्वास्थ्य केन्द्र, मनरेगा की योजना, पंचायत भवन, जन वितरण प्रणाली दुकान, विद्यालय आदि का निरीक्षण कर लोगों को दी जा ही सेवाओं, पंचायत में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली तथा प्रखंड के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । निरीक्षण के क्रम में बोड़ाम के लायलम में स्वास्थ्य उपकेन्द्र बंद पाये जाने तथा किसी भी पारा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति नहीं पाये जाने पर उपायुक्त द्वारा एमओआईसी बोड़ाम को शोकॉज किया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि सरकारी संस्थायें किस प्रकार कार्य कर रही हैं, विद्यालयों में पठन-पाठन के अलावा अन्य पाठ्येत्तर गतिविधि तथा बच्चों को मिलने वाले सरकार की योजनाओं का लाभ, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषाहार वितरण, बच्चों एवं गर्भवती माताओं के सेहत की निगरानी व उचित परामर्श, स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सीय सेवाओं, जन वितरण प्रणाली दुकानों से ससमय खाद्यान्न का वितरण, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती मनरेगा की योजनाओं का सघन अनुश्रवण इस पंचायत स्तरीय निरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य है जिससे विकास कार्यों की योजनाएं निर्बाध गति से सुचारू रूप से संचालित होती रहें, किसी समस्या आने पर प्रखंड के पदाधिकारी तत्काल जिला के पदाधिकारी से समन्वय बनाकर समाधान ढूंढ सकें। इस दौरान बोड़ाम बीडीओ किकू महतो, एई सुमित कुमार , जेई सुशील बेसरा,बीपीओ दीनबंधु महतो आदि उपस्थित थे ।

## थाना दिवस पर तीन मामलों का सीओ ने किया निबटारा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/तालझारी :** भूमि विवाद के निपटारा को लेकर तालझारी थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद व एसआई अनिल कुमार यादव ने किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र से कुल तीन मामला आया, जिसमे एक भूमि विवादों को दोनों पक्षों को समझौता कराकर विवाद का निपटारा कर दिया गया। मौके पर सीओ ने कहा कि अंचल क्षेत्र में अधिक भूमि विवाद को देखते हुए थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। इस थाना दिवस में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता कराया जाता है। कुल तीन मामला मे एक का निपटारा कर दिया और दो मामला शपथपत्र जमीन से संबंधित था जिस गांव में ही समझौता करने को कहा गया। थाना दिवस का आयोजन होने से लोगों को अंचल और कोर्ट के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। इस मौके पर एएसआई मनोज अजाद उपस्थित थे।

## क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं निखारने की है जरूरत : सविता महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** शनिवार को कुकडू प्रखंड के चोकेगाड़िया फुटबॉल मैदान में एचएसबी चोकेगाड़िया के तत्वाधान में एक दिवसीय 16 दलीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो शामिल हुई। प्रतियोगिता का फाईनल मैच एचएसबी चोकेगाड़िया बनाम मानभूम एफसी के बीच खेला गया। फाइनल मैच गोलरहित रहा। पेनाल्टी शूटआउट में एचएसबी चोकेगाड़िया की टीम विजय हुआ।प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एचएसबी चोकेगाड़िया को नगद 20 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार मानभूम एफसी को नगद 15 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार जेएससी गीतिलबुरु को 10 हजार रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार सुकेन स्पोर्टिंग चौका को 10 हजार रुपये नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की जरुरत है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार भी शिक्षा के साथ-साथ खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने देने को लेकर संवेदनशील है। और उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इस क्षेत्र से भी कई खिलाड़ी अपने प्रतिभा के दम पर राज्य और देश का रौशन करेंगे। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, विधायक के आप्त सचिव काबलू महतो,निरंजन महतो अब्दुल रशीद अंसारी, गोपेश्वर कुमार, रमेश महतो, शंकर सोरेन, सुधीर किस्कू आदि उपस्थित थे।

## गंगा घाट में बड़ा हादसा, फायर ब्रिगेड की गाड़ी गंगा में समाई, ड्राइवर की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** संताल परगना के साहिबगंज जिले में शनिवार को सुबह-सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी गंगा में पानी भरने के लिए गई थी,इसी दौरान गाड़ी डूब गई,गाड़ी का ड्राइवर लापता है।

**राजमहल में गंगा तट पर सुबह 7:45 बजे डूबा अग्निशमन वाहन**

घटना राजमहल अनुमंडल स्थित गंगा तट पर शनिवार सुबह करीब 7:45 बजे हुई। राधानगर में तैनात दमकल वाहन में पानी की कमी हो जाने पर गाड़ी गंगा से पानी भरने के लिए तट पर आई थी। अग्निशमन वाहन के चालक अरुण कुमार बैक करके गंगा तट पर पहुंचे थे।

**फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बैक करने के दौरान मिट्टी धंसी**

इसी क्रम में मिट्टी धंस गई और दमकल वाहन गंगा में समा गया। इस दौरान अग्निशमन वाहन के चालक अरुण कुमार बाहर नहीं निकल पाए। सूचना मिलते ही राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सीओ यूसुफ शेख, अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार शुक्ला गंगा तट पर पहुंचे।

**चालक का पता लगाने के लिए गंगा में उतरे गोताखोर**

तत्काल गोताखोर को बुलाया गया, गोताखोर गंगा में उतरे और नदी में समाए दमकल वाहन के लापता चालक की खोजबीन में जुट गए। जहां राजमहल फेरी सेवा गंगा घाट के समीप गंगा नदी में हुए हादसे को लेकर सबसे बड़ा खबर आया है कि लापता चालक की मौत हो गई है। प्रशासन ने गंगा नदी में रेस्क्यू कर लापता वाहन चालक अरुण कुमार की शव को निकाला है।वहीं चालक की लाश मिलने से परिजनों में स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है, तो वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है.वहीं आपको बताए कि लापता चालक की मौत की पुष्टि राजमहल के एसडीओ कपिल कुमार ने किया है।

## साहित्य के प्रति प्रेम से समाज की अनेक बुराइयों को दूर किया जा सकता है : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** साहित्य के प्रति प्रेम और समर्पण समाज से अनेक बुराइयों को दूर करने का सर्वोत्तम माध्यम है। हम जैसे ही अपने आप को साहित्य के प्रति समर्पित करते हैं हमारे अंदर की कई प्रकार की दुर्भावनाएं स्वत दूर हो जाती है। साहित्य केवल मां की कल्पना नहीं अपितु समाज का आईना भी है। उपरोक्त बातें साहित्य की दुनिया के दो दिवसीय राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कही। विधायक ने कहा कि साहित्य केवल समाज का दर्पण ही नहीं बल्कि मानसिक और शारीरिक विकारों को दूर करने का एक प्रयास भी है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव के प्रयासों की सराहना करते हुए विधायक ने कहा की साहिबगंज जैसे साहित्यिक रूप से मृतप्राय शहर में फिर से साहित्य का अलख जगाना अपने आप में एक मिसाल है। मंच के द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास से साहिबगंज शहर में यह तीसरा राष्ट्रीय वार्षिकोत्सव और कवि सम्मेलन संपन्न होने जा रहा है जिसमें देश के कई भागों से रचनाकार आए हुए हैं। साहिबगंज जैसे सुदूर भारती क्षेत्र में इतनी दूर-दूर से रचनाकारों का समागम करवाना मंच की सबसे बड़ी सफलता है। विधायक ने कहा कि अगर समय का अभाव नहीं होता तो मैं दो दिनों तक इस पूरे कार्यक्रम का आनंद लेता। मंच के मुख्य संरक्षक प्रणय कुमार ने कहा कि साहित्य हर एक के मन में बसा हुआ है फर्क सिर्फ इतना है कि कुछ लोग इसे शब्दबद्ध और लब्बद्ध कर पाते हैं कुछ अपनी भावनाओं को अन्य रूपों में प्रकट करते हैं।

# एसकेएमयू कुलपति के विरुद्ध छात्रों ने दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** शनिवार को एनएसयूआई छात्र नेता सोयेब अख्तर की नेतृत्व में एसकेएमयू विश्वविद्यालय कुलपति के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। आप सबको ज्ञात है की नॉन टीचिंग कर्मचारियों द्वारा लगभग एक महीने से यूनिवर्सिटी सहित सभी महाविद्यालय हड़ताल है जिस कारण से विद्यार्थियों को महाविद्यालय से जुड़े कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जैसे की सीएलसी/टीसी निर्गत नहीं हो रहा है। अंक पत्र, प्रवेश पत्र, मूल प्रमाण पत्र आदि महाविद्यालय द्वारा नहीं दिए जा रहे हैं। मुख्य रूप से इंटरमीडिएट की पंजीकरण एवं परीक्षा प्रपत्र भरने में विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यूजी सेमेस्टर 6 सत्र (2021-24) कि अभी तक प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं हुई है जिस कारण से परीक्षा फल में देरी हो रही है। यूजी सेमेस्टर 3 सत्र (2022-26) नेप एवं यूजी सेमेस्टर 3 ओल्ड कॉर्स की परीक्षा प्रपत्र भरा जा चुका है लेकिन अभी तक परीक्षा तिथि घोषित नहीं की गई है। छात्रवृत्ति के लिए बोनाफाइड निर्गत नहीं हो पा रहा है एवं कुछ विद्यार्थियों की बोनाफाइड में त्रुटि है जिसे सुधार के लिए महाविद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं इसके बावजूद भी उन्हें सफलता नहीं मिलती है। नॉन टीचिंग कर्मचारियों की समस्याओं की समाधान करें एवं महाविद्यालय को सुचारू रूप से चालू करवा। इन्हीं सब समस्याओं के कारण विद्यार्थियों के साथ एनएसयूआई कॉलेज इकाई बीएसके महाविद्यालय के गेट के सामने कुलपति के विरुद्ध में विद्यार्थियों ने जमकर नारेबाजी की एवं दो दिनों का अल्टीमेट समय दिया। छात्र नेता सोयेब अख्तर ने बताया कि उपरोक्त बिंदुओं पर यथाशीघ्र ध्यान दें एवं कोई वैकल्पिक समाधान निकाला जाए। जिस तरह से विद्यार्थियों को समस्या हो रही है लगभग महीने भर से महाविद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं इसके बावजूद भी उनके कार्य में बाधा उत्पन्न रहती है। अगर दो दिनों के अंदर कोई वैकल्पिक समाधान नहीं निकाला जाता है तो एनएसयूआई छात्रों के साथ विश्वविद्यालय सहित सभी महाविद्यालय में आंदोलन करेगी। अन्य यूजी सत्र पहले से ही देरी से चल रहे थे लेकिन हड़ताल के कारण और भी विलंब हो रहे हैं और विश्वविद्यालय प्रशासन बड़ी ही लापरवाही से अपनी काम कर रहे हैं और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ शुरू से ही खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं। कहीं ऐसे विद्यार्थी हैं जो अन्य जगहों पर अपना नामांकन करवाया है एवं उन्हें यहां से टीसी अथवा सीएलसी लेना है लेकिन कॉलेज हड़ताल होने के कारण उनके इस कार्य में हड़ताल बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। अगर वह विद्यार्थी समय पर अपनी मूल कागजात जमा नहीं कर पाते हैं तो उसका नामांकन रद्द भी हो सकता है इसका जिम्मेदार विश्वविद्यालय प्रशासन है। विश्वविद्यालय प्रशासन इतना लापरवाह है कि छात्र हित के विरुद्ध में ही रहते हैं आए दिन छात्रों को अपने हक के लिए विश्वविद्यालय के चक्कर और महाविद्यालय का घिराव करने में मजबूर होना पड़ रहा है। शिक्षा ग्रहण करने से ज्यादा विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह बिंदु धाम एवं सिद्धू कानों की पावन धरती है यहां से आंदोलनकारी ही निकलते हैं विश्वविद्यालय को आने वाला समय में बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ेगा। मौके पर उपस्थित सदस्य जमील अख्तर, शाहिद जुनैद, आहसान जमील, सैयद रबीउल हुसैन, श्याम कुमार, इमरान फरहाद, अंजू कुमारी, सुमन भारती, साहिल आखतर, इब्राहिम शेख, रफत हुसैन, जुली कुमारी, अभिषेक गुप्ता, राजा, तौफीक उमर सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## पटमदा प्रखंड सभागार में समन्वय समिति की हुई बैठक



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड सभागार में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी विभागों के साथ समन्वय समिति की बैठक कर एक दूसरे से मिलजुलकर समस्या समाधान की बात की।बैठक में पशुपालन पदाधिकारी अंबुज कुमार के द्वारा विभाग द्वारा 20 दिसंबर से 31 जनवरी तक चल रहे पशु गणना का अभियान चलने की जानकारी देते हुए । प्रत्येक पशुपालक से सरकार द्वारा कराए जा रहे पशु गणना करने पहुंचने वाले प्रगणकों को सही संख्या अंकित करवाने की अपील की गई। वही विभाग द्वारा पशुपालन के लिए मिल रहे पशुधन की किसान अंशदान की राशि जमा करवाने में जेएसएलपीएस की सहयोगिता सुनिश्चित कराने की मांग की। बिजली विभाग को आवेदन के आधार पर सभी सरकारी कार्यालयों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवाने ओर बिजली बिल मुहैया करवाने का निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस ने कार्यालय की मांग की। कृषि विभाग द्वारा मसूर,चना,सरसों, बीज किसानों के बीच वितरण,आंगनबाड़ी केंद्र पटमदा के जर्जर होने की शिकायत पर संवेदक पर कार्यवाही की मांग पर चर्चा करते हुए सुधार करवाने की बात की गई,आवास से जुड़े लाभुको को राशि समय पर उपलब्ध करवाने,बैठक में जिला में एक भी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नहीं होने की बात भी सामने आया हैं। वनपाल द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी से टीसीबी ओर पोटो हो खेल मैदान के लिए भूमि आबंटन की मांग करने की चर्चा की गई।बैठक में पेयजल विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे, बीडीओ ने बताया कि हर माह समन्वय समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।बैठक में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉ रंजन कुमार दास, बीएएचओ अंबुज कुमार, बिजली विभाग जेइ अमीर हमजा,वन विभाग,कृषि पदाधिकारी देव कुमार ,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्टोफर बेसरा,श्रमिक मित्र महावीर महतो,सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा, बीटीएम सालगे सोरेन,प्रखंड समन्वयक सोनी हेंब्रम,सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान



**साहिबगंज :** झालसा रांची के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देशन में साहिबगंज जिला में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ज्ञातव्य हो यह विधिक जागरूकता कार्यक्रम डालसा के तहत 90 दिनों तक जिला के सभी प्रखंडों में की जाएगी। इसी के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत के देख रेख में कारा में बंदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां बंदियों का स्वास्थ्य जांच कराया गया एवं बंदियों के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित की गई। जिला के सभी प्रखंडों में भी डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इस क्रम में आज पीएलवी ने सदर अस्पताल जाकर रोगियों एवं अन्य लोगों से मिलकर निःशुल्क, सुलभ विधिक सेवा प्राप्त करने की बात कहकर जागरूक किया। इस मौके पर पीएलवी बचन कुमार पाठक, अमित कुमार तोदी, मनोज कुमार एवं सुदर्शन ठाकुर मौजूद थे।

## मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केंद्रीय अधिवेशन का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का केन्द्रीय अधिवेशन बाकुडी में किया गया जिसकी अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कामगार श्रमिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गया प्रसाद शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव उपस्थित हुए। मंच संचालन रणधीर प्रसाद चौरसिया ने किया। झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक पिछले तीन साल से झारखंड में मजदूरों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए प्रथम केन्द्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं संघ का झंडोत्तोलन कर किया। झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के सभी पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। और पुरानी कमिटी को भंग कर नयी कमिटी का गठन किया गया। जिसमें 17 सदस्य का नया कमिटी बनाया गया जिसमें मुख्य रूप से पुनः संजय कुमार गुप्ता को केन्द्रीय अध्यक्ष, राजकुमार यादव को केन्द्रीय महामंत्री, अजय कुमार रजक को कोषाध्यक्ष बनाया गया। झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केन्द्रीय अधिवेशन में रविकांत ठाकुर, फुल कुमारी देवी, ललित कुमार सिंह, गणेश ठाकुर, मिथुन राजवंशी, चंचल यादव, सुनिल कुमार गुप्ता, मनोज खुदानियां, मो मोती उर रहमान, मो इमाम विश्वास, परवेज आलम, महिला अध्यक्ष मंजु देवी, रंजीत यादव, साहेबगंज जिला अध्यक्ष मिथुन यादव, पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमित कुमार मंडल, गोंडा जिला अध्यक्ष महेन्द्र यादव, तालझारी प्रखंड अध्यक्ष बिनोद कुमार पंडित, उधवा प्रखंड अध्यक्ष मोहन मंडल, बड़हरवा प्रखंड अध्यक्ष संजीव घोष, साहेबगंज प्रखंड अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, मंडरो प्रखंड अध्यक्ष बिनोद कापरी, बोरियो प्रखंड अध्यक्ष आलोक सेन, राजमहल प्रखंड अध्यक्ष जमुना राय सहित दर्जनों मजदूर संघ के सदस्यों ने हिस्सा लिये और आगे भी मजदूरों के हक अधिकारों के लिए संघर्षरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का घोषणा किया।

## मुखिया संघ की मासिक बैठक संपन्न

**बरही :** बरही प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार को बरही मुखिया संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने की। इस दौरान प्रखंड और पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा की गई और वर्तमान में चल रही समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में सभी पंचायतों के मुखिया और उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में विजय कुमार यादव ने प्रमुखता से मनरेगा के तहत होने वाले भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजनाओं के तहत मजदूरों और ठेकेदारों को समय पर भुगतान न होने के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि मनरेगा के भुगतान की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया जाए।

# दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट फ्लाईवे पर टोल टैक्स बंद, सुप्रीम कोर्ट का फैसला



**नई दिल्ली ।**

दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) फ्लाईवे पर टोल टैक्स नहीं लगेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। एक याचिका के आधार पर जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ जायजा लिया गया था। याचिका के अनुसार इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2016 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें फ्लाईवे को टोल फ्री करने का सुझाव दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश और दिल्ली की सरकारों को भी फटकार लगाई, क्योंकि वे अवैध रूप से इस परियोजना को नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) को सौंप दिया था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने कहा कि टोल वसूलने की कोई वजह नहीं है और एनटीबीसीएल को लागत से अधिक धन वसूलने की अनुमति नहीं है। उन्होंने टॉल वसूलने की प्रक्रिया पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि एनटीबीसीएल ने जनता की पीड़ा के बदले अनुचित लाभ हासिल किया। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ एनटीबीसीएल के साथ अनुबंध को भी मंजूरी दी, जिसके तहत एनटीबीसीएल ने परियोजना की लागत से कहीं अधिक धन वसूला था। कोर्ट ने कहा कि यह तब तक संभव नहीं था जब तक राज्य सरकारों और नोएडा के अधिकारियों की मिलीभगत न होती, जिन्होंने अनुबंधीय दायित्वों को नजरअंदाज किया। इस नई फैसले के साथ, दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट फ्लाईवे को टोल-फ्री घोषित कर दिया गया है, जिससे लोगों को सड़क यातायात में अधिक सुविधा होगी।

# कैबिनेट समिति ने कोपरा का एमएसपी बढ़ाकर 12,100 रुपए प्रतिक्विंटल किया

**- किसानों को कोपरा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित मिलेगा**



**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आर्थिक मामलों पर कैबिनेट समिति ने 2025 विपणन सत्र के लिए उचित औसत गुणवत्ता वाले मिलिंग कोपरा और बॉल कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बड़ी वृद्धि की है। इस फैसले के अनुसार, मिलिंग कोपरा का एमएसपी 11,582 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा का एमएसपी 12,100 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यह निर्णय न केवल नारियल उत्पादकों को बेहतर लाभ पहुंचाएगा, बल्कि किसानों को कोपरा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित भी करेगा। मूल्य समर्थन योजना के तहत केन्द्रीय नोडल एजेंसियों के माध्यम से कोपरा और छिलका रहित नारियल की खरीद की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य है कि किसानों को अच्छे मूल्य मिलें और वितरण में समाज के कमजोर वर्गों को सस्ती कीमत पर लाभ पहुंचाया जा सके। केंद्र सरकार किसानों के लिए धान, मोटे अनाज और गेहूं के मूल्य समर्थन भी प्रदान कर रही है। निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार सभी खाद्य अनाज को सार्वजनिक खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इसके साथ ही किसानों को उनकी उपज को एफसीआई/राज्य एजेंसियों को एमएसपी पर या खुले बाजार में बेचने का विकल्प भी उपलब्ध होगा। इस नए निर्णय से किसानों को अधिक उत्साह मिलेगा और उन्हें अधिक लाभ पहुंचेगा। यह सरकार के पक्षपात और किसानों के हित के दरमियान संतुलन स्थापित करेगा।

# भारत की फार्मा इंडस्ट्री मात्रा के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री



**केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत की फार्मा इंडस्ट्री मात्रा के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री है। इतना ही नहीं वित्त वर्ष 2023-24 में फार्मास्युटिकल बाजार का मूल्य 50 बिलियन डॉलर हो गया है। राज्यसभा में लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में फार्मास्युटिकल मार्केट का घरेलू उपभोग मूल्य 23.5 बिलियन डॉलर और निर्यात मूल्य 26.5 बिलियन डॉलर रहा। यह उत्पादन के मूल्य के मामले में भी 14वें स्थान पर है, जिसमें जेनेरिक दवाएं, बल्क ड्रग्स, ओवर-द-काउंटर दवाएं, टीके, बायोसिमिलर और बायोलॉजिक्स शामिल हैं।

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2024 के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए स्थिर मूल्यों पर फार्मास्यूटिकल्स, औषधीय और बोटैनिकल प्रोडक्ट के लिए कुल उत्पादन 4,56,246 करोड़ रुपये है, इसमें से 1,75,583 करोड़ रुपये वैल्यू एडेड है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान फार्मास्यूटिकल्स, औषधीय और बोटैनिकल प्रोडक्ट उद्योग में 9,25,811 लोग लगे हुए थे। इस बीच, राज्य मंत्री ने बताया कि फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में सात राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) स्थापित किए हैं। ये संस्थान स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की शिक्षा प्रदान करते हैं, साथ ही विभिन्न फार्मा विशेषज्ञताओं में उच्च स्तरीय शोध भी करते हैं। इसके अलावा, विभाग ने फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों में रिसर्च, विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय नीति भी तैयार की है।

# भारतीय सीमेंट इंडस्ट्री को 2025 में मजबूती की उम्मीद: रिपोर्ट

**- अक्टूबर-नवंबर के दौरान सीमेंट इंडस्ट्री में सालाना आधार पर 3-5 प्रतिशत की वृद्धि हुई**

**मुंबई ।**

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने जारी की गई रिपोर्ट में बताया कि भारतीय सीमेंट इंडस्ट्री को वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में मजबूत सुधार देखने की उम्मीद है। इसमें मांग, सरकारी पूंजीगत व्यय में उछाल और रियल एस्टेट तथा आवास क्षेत्रों में निरंतर गति का भी जिक्र है। रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर-नवंबर 2024 के दौरान सीमेंट इंडस्ट्री में सालाना आधार पर 3-5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो दौरनिक चुनौतियों के बावजूद बेहतर हासिल हुई। नवंबर में भी 20-22 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही के लिए रिपोर्ट में मात्रा में 8-9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान दिया गया है। वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत के दौरान भी मजबूत रहने की उम्मीद है। इस सेक्टर में अंबुजा सीमेंट्स (एसीईएम) ने अपना सर्वोच्च पसंद दर्ज कराया है। सीमेंट की कीमतें नवंबर में मासिक आधार पर काफी हद तक स्थिर रहीं। इस समय ईंधन की कम कीमतों से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में सीमेंट स्प्रेड में 25-30 रुपये प्रति टन की वृद्धि की उम्मीद है।



इसके साथ ही प्रति टन एबिटा में 23 प्रतिशत की वृद्धि का भी अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सीमेंट क्षेत्र मजबूत मांग बुनियादी ढांचे और बेहतर लागत संरचनाओं के साथ संरचनात्मक रूप से लचीला बना रहेगा। इसका मतलब है कि सीमेंट इंडस्ट्री के आगे के दिनों में नए दौर की शुरुआत होने की उम्मीद है।

# तीसरी तिमाही के नतीजे कमजोर होने की आशंका से शेयर बाजार में घबराहट

**5 दिन में 4092 अंकों की गिरावट से शेयर बाजार आईसीयू में**

**मुंबई ।**

दिसंबर माह में समाप्त होने वाली तीसरी तिमाही के कमजोर नतीजे को लेकर शेयर बाजार का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है। दिसंबर माह में शेयर बाजार की जो स्थिति है। वह जुलाई और सितंबर तिमाही के नतीजे के कारण है। जब दिसंबर में समाप्त होने वाली तीसरी तिमाही के नतीजे आएगे। तब शेयर बाजार में और भी बड़ी उथल-पुथल होने की संभावना आर्थिक विशेषज्ञों द्वारा जताई जा रही है। जिस तेजी के साथ शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। उसका सिलसिला जल्द थमेगा, ऐसा दिखता नहीं है सिर्फ 5 दिनों में शेयर बाजार में 4092 अंक की गिरावट आई है। हाल ही के महीने में जो आर्थिक आंकड़े सामने आ रहे हैं। वह जीडीपी के हों, या महंगाई के सभी ओर से नकारात्मक आंकड़े मिल रहे हैं।

डॉलर के मुकाबले रुपया बहुत कमजोर हो चुका है। आयातित सामान मे अब और ज्यादा पैसा भारत को खर्च करना पड़ेगा। जिसके कारण भारत में महंगाई बढ़ने की आशंका बन गई है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 6 माह तक शेयर बाजार की यही स्थिति बनी रह सकती है। केंद्र सरकार के बजट आने के बाद और केंद्र सरकार द्वारा इस स्थिति से निपटने के लिए कौन से प्रयास किये जा रहे हैं। उसको देखने के बाद ही शेयर बाजार के बारे में कुछ कहा जा सकता है। आर्थिक विशेषज्ञों की माने, तो अभी शेयर बाजार भगवान भरोसे है।इस तरह की गिरावट इसके पहले कभी नहीं देखी गई। बिकवाली और आर्थिक मंदी के कारण शेयर बाजार का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है। आने वाले दिनों में शेयर बाजार में कुछ भी हो सकता है। इसका असर बैंकों और बीमा क्षेत्र में भी पडने की संभावना जताई जा रही है।भारत की आर्थिक स्थिति 2008 की अमेरिका की आर्थिक मंदी जैसी स्थिति में पहुंचती हुई दिख रही है। जिसके कारण आर्थिक जगत में घबराहट मची हुई है।

## गूगल ने 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की

**- कंपनी की परिचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए लिया फैसला**



**नई दिल्ली ।** सीईओ सुंदर पिचाई ने गूगल में 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की है। इसका उद्देश्य संगठनात्मक पुनर्गठन कर कंपनी की परिचालन दक्षता को बढ़ाना है। यह पहली बार नहीं है जब गूगल ने ऐसा कदम उठाया है। इस बार कंपनी ये छंटनी मैनेजमेंट रोल से कर रही है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य प्रोडक्टिविटी बढ़ाना है। पहले गूगल ने 6 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की थी। इन परिवर्तनों के साथ तकनीकी दिग्गज उत्पादकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में निवेश के तरीके और संचालन को अधिक अनुकूलित करने की खोज कर रहे हैं। गूगल का रीसे ट्रूबे चर, दूसरे तकनीकी दिग्गजों को भी प्रेरित कर रहा है। इस नए दौर में गूगल की योजनाएं अदभुत उच्चतम तकनीकी मानकों को अपनाने के लिए दरारबंदी को पुनर्योजित करने की ओर बढ़ रही है।

## टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो को पीछे छोड़ा जोमैटो ने

**मुंबई ।** फूड डिलीवरी एग्रीगेटर जोमैटो ने टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो को पछाड़ दिया है। जोमैटो 30 कंपनियां वाली सूची में 27 नंबर पर पहुंच गई है। इन दोनों दिग्गज कंपनियों से जोमैटो का मार्केट कैप बड़ा हो गया है।जोमैटो 2.78 लाख करोड रुपए मार्केट कैप की कंपनी बन गई है। टाटा मोटर्स का मार्केट कैप बीएसई में 2.73 लाख करोड़ का है। वही बजाज ऑटो का 2.50 लाख करोड़ का है। 30 शेयर वाली सूची में जोमेटो शामिल हो जाएगी। वहीं 30 शेयर वाली सूची से जेएसडब्ल्यू स्टील बाहर हो जाएगी। 2024 में जोमैटो के शेयर में लगातार तेजी देखने को मिली। निवेशकों का निवेश दोगुना से ज्यादा हो गया है। 2023 में 124 रूपये के शेयर में 135 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है।जुलाई 2008 में यह कंपनी बनी थी। 5 दिसंबर 2024 को इस कंपनी का शेयर 304.50 पैसे पर पहुंच गया। मार्केट कैप के हिसाब से यह कंपनी 27 वें नंबर पर आ गई है।

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्स समेत कई मुद्दों पर हो सकता है फैसला

**148 वस्तुओं पर लगने वाले जीएसटी दरों पर किया जा रहा विचार**

**नई दिल्ली ।** राजस्थान में आयो जित जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 148 वस्तुओं पर लगने वाले जीएसटी दरों पर विचार किया जा रहा है। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ कई राज्यों के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री भाग ले रहे हैं। बैठक में हुए अहम फैसले के चरण पर, हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रेमियम पर जीएसटी माफ किया जा सकता है। इससे 5 लाख रुपए तक के हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी की हावी भारी गिरावट संभावित है। इसके साथ ही प्रीमियम और लग्जरी चीजों के लिए अलग से टैक्स स्लैब भी तैयार किए जा सकते हैं। इस बैठक में उपयोग होने वाले फ्यूल एटीएफ और खाद्य सेवा प्लेटफॉर्मों के लिए भी निर्णय करने की संभावना है। उम्मीद है कि इन फैसलों से अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन की ताकत लौटेगी।

## सारी दुनिया के देशों के शेयर बाजार में हाहाकार

**- सोने-चांदी और क्रिप्टो करेंसी में भी गिरावट**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी फैड रिजर्व ने अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती करने का अनुमान जताया है। उसके बाद से दुनिया भर के शेयर मार्केट में हाहाकार मचा हुआ है। विदेशी निवेशकों ने विशेष रूप से भारत के शेयर बाजार से भारी मात्रा में बिकवाली शुरू कर दी है। लगातार पांचवें दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। साप्ताहिक अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को 1100 अंकों की गिरावट के साथ बाजार बंद हुआ। लगातार 5 दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। निवेशको को लगभग 12 लाख करोड रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिकी फैड रिजर्व के सख्त रुख के कारण भारतीय बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। जिसके कारण बीएसई और निफ्टी में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। भारतीय शेयर बाजार में बैंकिंग और रियल स्टेट के निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार बैंकिंग और आईटी जैसे शेयर में मुनाफा वसूली का दौर देखने को मिल रहा है। बैंकिंग और आईटी के शेयर में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार अगले सप्ताह भी गिरावट देखने को मिल सकती है।आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है वैश्विक आर्थिक मंदी को देखते हुए अनिश्चितता का वातावरण बना रहेगा 20 जनवरी को अमेरिका में जब राष्ट्रपति पद की डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेंगे। उसका असर भी अर्थव्यवस्था में पड़ना तय माना जा रहा है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में पांच फीसदी गिरावट रही

- **सेंसेक्स 1,176 अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद**
- **निफ्टी 364 अंक फिसलकर 23,587.50 पर बंद**

**मुंबई ।**

घरेलू इक्विटी बाजारों में लगातार चार सप्ताह की तेजी के बाद पहली बार साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई है। फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती की संभावना जताने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। दोनों सूचकांक पिछले 5 कारोबारी सत्र में नुकसान में रहे, जो निफ्टी का 18 नवंबर, 2024 के बाद और सेंसेक्स का 26 अक्टूबर, 2023 के बाद गिरावट का सबसे लंबा सिलसिला रहा। इस हफ्ते सेंसेक्स 5 फीसदी और निफ्टी 4.7 फीसदी नुकसान में रहे, जो 17 जून, 2022 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। बीते सप्ताह पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 215.59 अंक की गिरावट के साथ 81,917.53 अंक पर खुला और 384.55 अंक गिरकर 81,748.57 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 49.45 अंक फिसलकर 24,718.85 अंक पर खुला और 100.05 अंक की गिरावट के साथ 24,668.25 अंक पर आ गया। अमेरिकी फेड के ब्याज दर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे ब्लू-चिप शेयरों में बिकवाली के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 617.83 अंक गिरकर 81,130.74 अंक पर खुला और 1,064.12 अंक टूटकर 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 199.75 अंक गिरकर 24,468.50 अंक पर खुला और 332.25 अंक गिरकर 24,336 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी गिरावट का दौर जारी रहा। सेंसेक्स 428.09 अंक गिरकर 80,268.36 पर खुला और 502.25 अंक टूटकर 80,182.20 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 104.35 अंकों की गिरावट के साथ 24,231.65 के स्तर पर खुला और 137.16 अंक फिसलकर 24,198.85 पर बंद हुआ। अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती के अमेरिकी फेड के अनुमान और लगातार चौथे दिन बिकवाली हावी रहने की वजह से घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को खुलते ही धड़ाम हो गया। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 1,162.12 अंक की गिरावट के साथ 79,020.08 अंक पर खुला और 964.15 अंकों की गिरावट के साथ 79,218.05 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 328.55 अंक फिसलकर 23,870.30 अंक पर खुला और 247.15 अंक टूटकर 23,951.70 पर बंद हुआ। घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 214.08 अंक फिसलकर 79,003.97 अंक पर खुला और 1,176.46 अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 63.8 अंक की गिरावट के साथ 23,887.90 अंक पर खुला और निफ्टी 364.21 अंक फिसलकर 23,587.50 पर बंद हुआ।




## एक्सपायर डेट वाली चीजों का डेटा ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली से पेश करें: एफएसएसएआई

**- पोर्टल पर अपलोड करना होगा डेटा**



**नई दिल्ली ।** भारतीय खाद्य मानक और प्रमाणन प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है, जिसमें लाइसेंस प्राप्त खाद्य निर्माता और आयातकों को स्पष्ट किया गया है कि वे रिजेक्टेड और एक्सपायर खाद्य आइटम्स का तिमाही डेटा (ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली) के माध्यम से पेश करें। इसका मकसद है कि ऐसे उत्पादों के पुनः उपयोग को रोका जा सके। इस निर्देश के तहत, तीन अहम क्षेत्रों का विशेष महत्व है- पहला, आंतरिक गुणवत्ता परीक्षण या निरीक्षण में फेल होने वाले उत्पादों की मात्रा; दूसरा, फूड सप्लाई चेन से रिजेक्टेड उत्पादों की संख्या; और तीसरा, प्रोडक्ट डिस्पोजल की डिटेल रिपोर्ट। यह निर्देश हाल ही में जारी किया गया और इसका पालन करने के लिए रिपैकर्स और रीलेवलर्स को जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। एफओएससीओएस की रिपोर्टिंग फंक्शन अभी भी विकसित हो रहा है, और नियामक ने खाद्य उद्यमों से जरूरी डेटा इकट्ठा करने का आग्रह किया है। हाल ही में एफएसएसएआई ने एक अलग आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि ऑनलाइन काम करने वाले सभी फूड बिजनेस ऑपरेटर्स (एफबीओ) को चाहिए कि उन्हें केवल उन खाद्य आइटम्स की डिलीवरी करें, जिनकी एक्सपायरी डेट कम से कम 45 दिन बाकी हो। यह कदम उपभोक्ताओं के हित के लिए उठाया गया है ताकि उन्हें ताज़गी से तैयार भोजन मिल सके। कंज्यूमर्स की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने एक नया ई-जागृति ऐप शुरू करने की योजना बनाई है, जिसकी विशेषता यह है कि इसके माध्यम से लोग अपनी शिकायतें आसानी से दर्ज कर सकें। इन निर्देशों का पालन करने से प्रयोजन है कि भारत में खाद्य सुरक्षा में सुधार हो, और उपभोक्ताओं को सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य सुरक्षा का आनंद मिले।

# भारत की पीएलआई योजनाएं: आत्मनिर्भर भारत की ओर महत्वपूर्ण कदम

**- भारत के विजन को दे रही नई दिशा, 1.97 लाख करोड़ का प्रोत्साहन**

**नई दिल्ली ।**

भारत के आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजनाएं एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही हैं। इस योजना के तहत 1.97 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जो देश की विनिर्माण और निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है। नवंबर 2020 में शुरू की गई इस योजना ने अब तक अनेक उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। इसके तहत 1.46 लाख करोड़ रुपए के निवेश को प्रोत्साहित किया गया है, जिससे 12.50 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा दिया गया है। इसके साथ ही, 4 लाख करोड़ रुपए के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है और 9.5 लाख लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। इस योजना ने 14 प्रमुख क्षेत्रों में अपना प्रभाव दिखाया है, जिसमें मोबाइल निर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, और उन्नत रसायन कोशिका बैटरियां शामिल है। यह योजना देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसके साथ ही पीएलआई योजना ने विभिन्न क्षेत्रों में अनुकूलित एंकर इकाइयों की मदद से आपूर्ति श्रृंखला में सुधार किया है, जिससे एमएसएमई क्षेत्र में नई विनिर्माण इकाइयों का विकास हो रहा है।




पीएलआई योजना के तहत विभिन्न 14 क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकी विकास की उम्मीद है। इसके माध्यम से यह साबित हो रहा है कि पीएलआई योजना भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## भारत प्योर स्टोरेज के लिए तेजी से बढ़ता बाजार: रिपोर्ट

**- कंपनी भारत में विस्तृत व्यापार नेटवर्क का कर रही है विस्तार**

**नई दिल्ली ।**

डेटा सॉल्यूशंस और प्लेटफॉर्म्स कंपनी प्योर स्टोरेज ने भारत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करने के बाद नए उत्साह से विस्तार की योजना बनाई है। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवायएसई) पर सूचीबद्ध प्योर स्टोरेज ने अपने कारोबार में वृद्धि के उत्कृष्ट परिणामों की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनी भारत में विस्तृत व्यापार नेटवर्क का विस्तार कर रही है और इसके लिए भारतीय बाजार में निवेश करने की योजना बना रही है। भारत की तकनीकी रूप से उन्नित जनसंख्या के कारण भारत एक महत्वपूर्ण बाजार है, और उनके इनोवेशन और उद्यमिता से कंपनी का व्यापक विस्तार हो सकता है। कंपनी की योजना है कि वे भारत में अपनी बिक्री और मार्केटिंग क्षमताओं को दोगुना करें और उच्च-तकनीकी समुदाय के लिए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करें। इसके साथ ही प्योर स्टोरेज का मुख्य ध्यान स्टोरेज-एज़-अ-सर्विस समाधान प्रदान करने पर है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को स्टोरेज की सुविधा और क्लाउड सेवाओं की तरह सुविधा प्रदान करना है। कंपनी की आगामी योजनाएं भारत में डेटा प्रबंधन को एक नए स्तर पर ले जाने पर हैं, साथ ही एआई के क्षेत्र में दक्ष स्टोरेज समाधान विकसित करने का लक्ष्य रखा जा रहा है।

# हम छोटे लोग, नीतीश पर फैसला बड़े नेता लेंगे

## 24 घंटे में बदले दिलीप जायसवाल के सुर, कल कहा था- 2025 में नीतीश ही हमारे नेता

**पटना।** पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा था कि, 'चुनाव बाद देखेंगे बिहार में अगला सीएम कौन होगा? इस बयान के बाद बिहार में सियासी पारे को चढ़ा दिया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हमें समझना चाहिए कि अमित शाह यह रेखांकित करने की कोशिश कर रहे थे कि वह एक ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसमें बड़े फैसले संसदीय बोर्ड लेता हैं।' उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नेतृत्व तय है। इस पर पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है, लेकिन 24 घंटे के बाद ही वो अपने बयान से पलट गए। शनिवार को दिल्ली में कोर कमिटी की बैठक में भाग लेने से पहले कहा कि सीएम फेस पर फैसला आलाकमान लेगी, हम लोग छोटे कार्यकर्ता हैं।



### भाजपा के लिए नीतीश मजबूरी क्यों

**दिल्ली में एन.डी.ए कोर कमिटी की बैठक**

दिल्ली में बिहार एन.डी.ए कोर कमिटी की बैठक है। इसमें भाग लेने के लिए डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भी दिल्ली गए हैं। दिल्ली जायसवाल ने दिल्ली जाने से पहले बताया कि संसद का सत्र चल रहा था, इसलिए सांसद और मंत्री दिल्ली में ही हैं। यही सोचकर बैठक रखी गई है कि सभी हिस्सा ले पाएंगे।

**मीटिंग के बाद एक सुर में बताया नीतीश गठबंधन के नेता**

दरअसल, शुक्रवार को बिहार एन.डी.ए की बैठक हुई। इसमें भाजपा, जे.डी.यू एल.जे.पी (R), एच;ए एमऔर उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद एक सुर में सबने कहा- 2025 में नीतीश कुमार ही हमारे नेता होंगे और वहीं सीएम बनेंगे। लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि एनडीए आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा। अगर कोई आशंका थी तो बिहार भाजपा अध्यक्ष ने अपने स्पष्ट बयान से उसे दूर कर दिया है।' जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा, 'जदयू को नेतृत्व की कभी चिंता नहीं रही, जो बिहार में एक सुलझा हुआ सवाल है। हम न केवल राज्य, बल्कि जिला और बूथ स्तर पर भी बेहतर समन्वय पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### नीतीश पर कभी हां, कभी ना



**भाजपा की बेचैनी के कारण को समझिए**

अमित शाह ने इंटरव्यू के बाद संसद में अंबेडकर पर टिप्पणी कर दी। मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था, 'अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' कांग्रेस ने इसे अंबेडकर का अपमान बताते हुए शाह के इस्तीफे की मांग की है।

इसके बाद AAP संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नीतीश कुमार को लेटर लिखकर केंद्र सरकार से समर्थन वापस लेने की मांग कर दी। फिलहाल, केंद्र की मोदी सरकार नीतीश की जे.डी.यू और चंद्रबाबू नायडू की TDP की वैशाखी पर चल रही है।

**संजय झा और ललन सिंह के बयान से NDA को राहत**

केजरीवाल को जे.डी.यू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने जवाब दिया। झा ने लेटर का जवाब लेटर लिखकर देते हुए कहा, 'हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबा साहब के पद चिह्नों पर चलते हुए बिहार में दलितों और पिछड़ों के लिए जो किया है, आप और आपके गठबंधन के नेता उसे करने की कल्पना भी नहीं कर सकते। देश की प्रगति के प्रति दुराग्रह छोड़िए और सकारात्मक सोच रखिए। इस देश का संविधान बहुत मजबूत है।'उन्होंने नीतीश कुमार को पत्र लिखा तो मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जब नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़ा तो उन्होंने एक दलित को बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने (अरविंद केजरीवाल) अपना ट्रैक रिकॉर्ड नहीं देखा। जब केजरीवाल ने सीएम पद छोड़ा तो उन्होंने किसे सीएम बनाया या पंजाब में दलित को सीएम क्यों नहीं बनाया?ललन सिंह ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल को नीतीश कुमार को परामर्श देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। नीतीश कुमार सार्वजनिक जीवन में अपनी ईमानदारी और गरिमा के लिए विख्यात हैं। उनके सार्वजनिक जीवन पर आज तक कोई दाग नहीं लगा है।' 'वहीं, भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जा चुके व्यक्ति का नीतीश कुमार जैसे स्वच्छ छवि वाले नेता को सलाह देना न केवल अनुचित है।'

## रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव



**भागलपुर।** में शनिवार को घर से तीन किलोमीटर दूर रेलवे लाइन के किनारे युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। दरअसल, युवक का शव देखने से हत्या प्रतीत हो रहा है। मृतक के शरीर पर जख्म का निशान है। मुंह और नाक से ब्लड निकल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि पत्थर से कूच-कूच कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर होल्ड के पास बैसाखी कुंडी की है। मृतक की पहचान जोगीबीर निवासी संजय कुमार शाह के पुत्र आकाश उर्फ करू(25) के रूप में की गई है। परिजन ने कहा है कि आरोपी सुनील और अरुण शराब बेचते थे, जिसकी सूचना आकाश पुलिस को दे देता था। इसलिए दोनों ने मिलकर आकाश की हत्या की है। मृतक के दादा और भाई बादल ने जोगीबीर के सुनील महतो और अरुण महतो पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है कि सुनील और अरुण ने पहले आकाश को जान मारने की धमकी दी थी। आकाश शुक्रवार की शाम को घर से निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं आया तो काफी खोजबीन भी किया, लेकिन कोई आता पता नहीं चला। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे किनारे शव देखा। जिसके बाद घटना की जानकारी इलाके में आग की तरह फैल गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंच कर शव की पहचान की।

## सिविल कोर्ट लिपि सीपीटी परीक्षा की तैयारी

### डीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश

**भागलपुर।** जिला अधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा भवन में बैठक हुई। इसमें 22 दिसंबर को सिविल कोर्ट में लिपिक के पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रारंभिक जांच परीक्षा (पीटी) के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी तृतीय पक्ष अधिकृत एजेंसी CF डाटा मेंशन रिसर्च सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है।



### 22 केंद्रों पर तकरीबन 11 हजार परीक्षार्थी देंगे एग्जाम

बैठक में डीएम की ओर से संबंधित एजेंसी के नोडल पदाधिकारी अभिषेक को परीक्षा लेने के लिए अधिकृत करने से संबंधित पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियो ग्राफी कराई जाएगी और अभ्यर्थियों की अच्छी तरह से स्क्रीनिंग (जांच) के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी बाहरी अधिकारी बिना पहचान पत्र के परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। बैठक में बताया गया कि भागलपुर के 22 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 11 हजार अभ्यर्थी, 22 दिसंबर (रविवार) को परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दो पालियों में चलेगी।

मौके पर नोडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, डीडीसी एसडीओ नवगछिया, सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता मिथिलेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विजय सिन्हा डिप्टी सीएम बनने के लायक नहीं



**पटना।** बिहार में बीपीएससी एग्जाम को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर पेपर लीक कराने का आरोप लगा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पेपर लीक के पीछे आरजेडी के लोगों का हाथ बताया है। इस पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि विजय सिन्हा तो डिप्टी सीएम बनने के लायक ही नहीं है। पहले जानिए डिप्टी सीएम ने क्या कहा आज दिल्ली में बीजेपी कोर कमिटी की बैठक है। दिल्ली रवाना होने से पहले पटना एयरपोर्ट पर विजय सिन्हा ने कहा कि 'हमने कई बार पेपर लीक को लेकर सवाल उठाया था। उनके पीएस प्रीतम को लेकर भी सवाल उठाया था। इस पर तेजस्वी यादव आज तक कुछ जवाब नहीं दे पाए हैं। आरजेडी वही पार्टी है, जो बिहार में अराजकता फैलाने का काम किया है। यहां के लोगों को पलायन के लिए विवश कर दिया। नियुक्ति के नाम पर जमीन लिखवा ली। पूरी शिक्षा व्यवस्था को इन लोगों ने चौपट कर दिया।'विजय सिन्हा ने आगे कहा कि 'आज बिहार बदला हुआ नजर आ रहा है। 1 लाख 80 हजार करोड का निवेश हो रहा है। जिससे 2 लाख लोगों को रोजगार मिलेगी। इनके जंगल राज के कारण पहले निवेशक नहीं आते थे। जिस दिन जनता पूरी तरीके से आरजेडी पर विश्वास नहीं करेंगे। उस दिन से रोजगार की कमी बिहार में नहीं पड़ेगी।' तेजस्वी ने पेपर लीक का नालंदा से जोड़ा कनेक्शन तेजस्वी यादव इन दिनों कार्यकर्ता संवाद यात्रा पर हैं। शनिवार को वो कटिहार में थे। मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी ने विजय सिन्हा के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विजय सिन्हा बेकार में डिप्टी सीएम बन गए हैं। डिप्टी सीएम बनने की कोई क्वालिटी नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा कि 'अगर पेपर लीक में आरजेडी के लोग शामिल हैं, तो वो किस बात के मंत्री हैं। हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए हैं।' सीएम को अब बोलने नहीं दिया जाता तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश पर भी वार किया। उन्होंने कहा कि 'सीएम बड़े से बड़े मुद्दे पर चुप्पी साधे रहते हैं । देश के इतिहास में पहली बार हुआ कि इस बार विधानसभा हो या विधान परिषद सीएम नीतीश कुमार ने एक शब्द भी नहीं कहा। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि वह सदन में मौन थे। उन्हें बोलने नहीं दिया जाता है। अब तो यह बात तो नीतीश कुमार ही बताएंगे कि वह क्यों नहीं बोल पाते हैं।' मार्ट मीटर, जमीन सर्वे से लोग परेशान बिहार में राजद की सरकार बनी तो माई बहिन मान योजना लागू करेंगे।

## आलू में छिपाकर पंजाब से लाई जा रही शराब जब्त

**मुजफ्फरपुर।** पुलिस ने शनिवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब से भरी ट्रक को जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 35 लाख रुपए है। तस्कर पंजाब से आलू के बोरा में शराब को छीपा कर ला रहे थे, जिसे नए साल में मुजफ्फरपुर में खपाने का इरादा था। मौके से शराब तस्कर फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस आगे की करबाई में जुटी हुई है। किसके कहने पर मुजफ्फरपुर में शराब की खेप लाई जा रही थी, उसकी भी पहचान करने की कोशिश की जा रही है।



पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान 750 एमएल के 387 कार्टून शराब जब्त की गई। बिहार नंबर वाले ट्रक से विदेशी शराब की 750 एमएल की बोतलें बरामद की गई हैं, जो करीब 3411 लीटर हैटाऊन डीएसपी सीमा देवी ने बताया कि पुलिस टीम ने शनिवार की सुबह सदर थाना क्षेत्र के दीघरा रेलवे क्रॉसिंग के पास छापेमारी की। तीन हजार लीटर शराब लोड ट्रक को जब्त किया गया है। शराब को आलू के बोरा के बीच छीपा कर कर रखा गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ट्रक को उत्तर प्रदेश से ट्रेस कर रही थी।

## संक्षिप्त डायरी

### भोजपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत, 2 जख्मी



**भोजपुर।** के शाहपुर थाना क्षेत्र के बीरपुर मोड़ के समीप शुक्रवार की रात बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार तीन दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई । जबकि अन्य दो युवकों को हल्की चोट आई है। घटना के बाद दोस्तों ने इस हादसे की खबर परिजनों को दी।मृत युवक बिहिया थाना क्षेत्र के आनर गांव वार्ड 14 निवासी बदन यादव 24 वर्षीय कन्हैया कुमार है।कन्हैया सूरत में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। तीन महीने पहले वो अपने गांव आए थे। जबकि जख्मियों में अर्जुन यादव(18) एवं विकास कुमार(19) शामिल है।मृत युवक के भाई सुनील कुमार ने बताया कि कन्हैया अपने दो दोस्त अर्जुन और विकास के साथ बक्सर जिले के ब्रह्मपुर गांव किसी दोस्त के बर्थडे में गया हुआ था जब वापस लौट रहा था,तभी बीरपुर मोड़ के समीप बेलगाम ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कन्हैया की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और अन्य दो दोस्त जख्मी हो गए । घटना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और इसके पश्चात हादसे की खबर शाहपुर थाना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत युवक अपने तीन भाई सुनील,धर्मवीर एवं गोरख और चार बहन शांति,मानती,क्रांति एवं बसंती से पांचवे नंबर पर थे। घर में मां बसंती देवी समेत अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत




**भागलपुर।** रंगग्राम जन सांस्कृतिक मंच भागलपुर की ओर से 21 से 23 दिसंबर तक कला केंद्र में भागलपुर रंग महोत्सव 2024 का आयोजन होगा। महोत्सव को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंच व पंडाल को सजा लिया गया है और हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। डोकनियां धर्मशाला में विभिन्न प्रांतों से आने वाले कलाकारों के आवास स्थल नाट्यग्राम का शुभारंभ हुआ। इतना ही नहीं देश के आठ प्रांतों के कलाकारों का पहुंचना शुरू हो गया है। सबसे पहले पटना की टीम रंगश्री पहुंची जिसके बाद मणिपुर और पश्चिम बंगाल की टीम पहुंची। उड़ीसा, गिरीडीह, जमशेदपुर, दमदम, कोलकाता, प्रयागराज की टीम भी जल्द पहुंचने वाली है। आयोजन समिति के संरक्षक मंडल सदस्य प्रकाश चन्द्र गुप्ता एवं समिति के अन्य सदस्यों ने नारियल फोड़ एवं फीता काट नाट्यग्राम का उदघाटन किया। देवाशीष बनर्जी, डॉ अशोक यादव और जगतराम साह कर्णपुरी ने कहा कि यह आयोजन पिछले 10 वर्ष से सफलता के साथ होते आ रहा है और इस वर्ष भी हम इस काम पर पहुंच रहे हैं। अपसंस्कृति के खिलाफ चलाए जा रहे इस मुहिम में लगातार सहयोग मिल रहा है।। भागलपुर रंग महोत्सव के कार्यक्रम में लोक नृत्य ,शास्त्रीय नृत्य एवं विविध भारतीय भाषाओं में नाटक का मंचन किया जायेगा। इसके अलावा रंग जुलूस, नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन होगा। मौके पर आयोजन समिति के श्रीप्रकाश चौधरी, अरविंद आनंद, तकी अहमद जावेद,डॉ अशोक कुमार यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### शराब पार्टी में हंगामा के बाद 5 अरेस्ट



**जमुई ।** शहर के खैरा मोड़ के पास से एसपी चंद्रप्रकाश ने शराब पार्टी के बाद हंगामा करते निजी क्लीनिक के संचालक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के मेडिकल में शराब पीने की पुष्टि हुई है। इन्हें न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पटना के खेमनी चक निवासी प्रदीप कुमार और उनके सहयोगी भगवना निवासी मो. शाहबाज शेख, जीकू जॉन, आनंद कुमार और शिवम मिश्रा के रूप में की गई है। पटना खेमनी चक निवासी प्रदीप कुमार जमुई के रहने वाले सुभाष कुमार के साथ मिलकर शहर के बोधवन तालाब जवाहर स्कूल के बगल में एक निजी क्लीनिक चलाता है। पार्टनर की बेटी के जन्मदिन पर शराब पार्टी पकड़े गए प्रदीप के पार्टनर सुभाष की बेटी की बर्थडे पार्टी थी। जहां पांचों ने पार्टी में जमकर शराब पिया और खैरा मोड़ के समीप हंगामा कर रहा था। तभी एसपी चंद्रप्रकाश की गाड़ी जब पहुंची तो उन्होंने देखा के पांच युवक शराब के नशे में धूत होकर हंगामा कर रहा है। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया और जब उसकी जांच की तो सभी में शराब पीने की पुष्टि की गई। उसे मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उसे न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया गया।

टाउन थानाध्यक्ष अरूण कुमार ने बताया कि शराब पीकर हंगामा कर रहे पांच लोगों को एसपी ने पकड़ा है। सभी को न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया गया है।

## लोगों के हाथों में हथियार देख कर भागे थे अंग्रेज



**पटना।** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि 'ब्रिटिश शासकों ने सत्याग्रह के कारण नहीं, बल्कि भारतीयों के हाथों में हथियार देख कर भारत छोड़ा था। उन्हें एहसास हो गया था कि भारत के लोग आजादी के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।' शुक्रवार को गोवा में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ये बयान दिया है।

राज्यपाल आर्लेकर में कहा कि 'ब्रिटिशर्स ने एक कहानी गढ़ने की कोशिश की, लेकिन सच्चाई यह है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम हथियारों के बिना नहीं लड़ा गया। अंग्रेज सत्याग्रह के कारण भारत नहीं छोड़कर गए।'राज्यपाल ने कहा कि अब समय आ गया है, बिना किसी से डरे इतिहास के बारे में सही परिप्रेक्ष्य सामने लाया जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद ने एक कहानी गढ़ी थी कि आप गुलाम बनने के लिए पैदा हुए हैं। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भी इसका समर्थन किया था। राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आनंदिता सिंह द्वारा लिखित पुस्तक भारत के उत्तर पूर्व में स्वतंत्रता संग्राम का संक्षिप्त इतिहास (1498 से 1947) पर यह टिप्पणी की। गोवा के रहने वाले आर्लेकर ने कहा, 'गोवा की खोज क्या है? अगर हम इसे सामने लाने की कोशिश करते हैं ।

# चाट-समोसा खिलाकर इश्क में फंसाया, अकेले पाकर फिर रेप किया

## लड़की बोली- घर में बुलाकर सिंदूर लगाया,अब दूसरी शादी करना चाहता है; उसके साथ ही रहूंगी

**जमुई।** में एक लड़की(18) ने अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। लड़की का आरोप है कि मांग में सिंदूर भरने के बाद उसका प्रेमी सूरज अब दूसरी लड़की से पैसों के लिए शादी कर रहा है। अब उसने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि हर हाल में वो सूरज के साथ ही रहेगी। मामला शहर के टाउन थाना इलाके का है। लड़की ने बताया, 'चाट-समोसा खिलाकर सूरज मोदी मेरे करीब आया, उसके बाद हम दोनों में प्यार हो गया। अकेले पाकर उसने मेरे साथ रेप किया। मैंने जब थाने में शिकायत की बात कही तो उसके परिवार वालों ने घर बुलाकर मेरी मांग में सिंदूर भर दिया। पीड़ित लड़की ने आगे बताया, '2023 में वो 9वीं क्लास में पढ़ती थी। सूरज की बहन भी मेरे ही स्कूल में थी। वो अपनी बहन को हर रोज स्कूल छोड़ने आता था। इस दौरान हम दोनों की बातचीत शुरू हुई। सूरज हर रोज मेरे लिए चाट-समोसा लेकर आता था। बातचीत का सिलसिला बढ़ा और हम दोनों एक दूसरे को प्यार करने लगे।' लड़ ने जबरन संबंध बनाए लड़की के मुताबिक, '11 जुलाई 2023 को उसके माता-पिता खेत में काम करने गए थे। इस बीच सूरज उसके घर आ गया। उसने जबरन संबंध बनाया। शोर मचाने पर उसने कहा कि किसी को बताया तो हत्या कर दूंगा। मैं डर गई और चुप रही, लेकिन जैसे ही मां-पिता खेत से घर आए तो मैंने सारी घटना के बारे में बताया। मेरे घर वाले थाने में शिकायत करने जा रहे थे, लेकिन सूरज के घरवालों ने हमें पुलिस के पास जाने से रोक दिया।'



**मेरा नंबर भी ब्लॉक कर दिया**

पीड़ित लड़की का आरोप है, 'सूरज के घर वाले मुझे घर ले गए। नया कपड़ा पहनाकर सूरज से मांग भरवा दी। 4 दिनों तक मुझे अपने घर पर रखा। सूरज के पिता ने फिर कहा कि अच्छा लगन देखकर तुम दोनों की शादी करवा देंगे।' लड़की का कहना है, '13 दिसंबर को उसे जानकारी मिली की सूरज की शादी कहीं और तय हो गई है। 17 दिसंबर को सूरज से बात की तो उसने गाली देकर बात करने से मना कर दिया। मेरा नंबर भी ब्लॉक कर दिया।' पीड़िता ने शुक्रवार को एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की जांच कर युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।



# बादल में बौना

जंगल में एक पुराना महल था। उसके मुख्य द्वार के बाहर सोने का एक सांप बना हुआ था। सांप इतनी कुशलता से बनाया गया था कि जीवित लगता था। महल खंडहर बन गया था, पर सांप अभी भी चमकदार था। उधर से गुजरने वाले लोग सोने का सांप देखकर लालच में पड़ जाते। सोचते, 'सोने का सांप बेचकर तो बहुत पैसा कमाया जा सकता है।' लेकिन जो भी सांप की मूर्ति को उठाना चाहता, वह असफल रहता।

लोग कहते थे कि उन्होंने उस महल और सांप की मूर्ति को हमेशा वैसा ही देखा था। राह चलते लोग खंडहर हुए महल में रुकते, आराम करते और अपनी राह चले जाते। महल किसने बनाया और दरवाजे पर द्वारपाल के रूप में सांप की मूर्ति क्यों बनाई गई, यह बात निश्चित रूप से कोई नहीं कह सकता था। पूछने पर पास के गांव के बड़े-बूढ़े इस बारे में एक बहुत ही विचित्र कथा सुनाते थे।

कहीं एक औरत और उसका बेटा रहते थे। औरत मेहनत-मजदूरी करके अपना और अपने बेटे का पेट भरती थी। वह रोज काम पर चली जाती और बेटा घर पर रहता। बेटा अपना समय घर में अकेले बिताता। उसका नाम था जैक। वह बहुत दयालु था।

एक दिन जैक ने घर की दीवार से एक सांप को निकलते देखा। सांप धीरे-धीरे रेंगते हुए दूसरी तरफ अपने बिल में चला गया। जैक उस समय खाना खा रहा था। उसने थोड़ा सा खाना सांप के बिल के बाहर रख दिया। फिर इंतजार करने लगा कि सांप कब वहां से बाहर आता है।

उस दिन से जैक ने यह नियम बना लिया। जब भी भोजन करता, सांप के लिए उसका हिस्सा जरूर रख देता था। जैक की मां ने भी यह देखा। उसने पूछा, तो जैक ने सांप के बारे में बता दिया। सुनकर मां तो डरी, पर जैक ने कहा, मुझे सांप से जरा भी डर नहीं लगता। एक दिन जैक ने सुना, घर की मरम्मत की जाएगी और पुरानी दीवार को तोड़ दिया जाएगा। उसने मां से कहा, मां, दीवार को मत तोड़ो। इस तरह तो सांप बेचारा बेघर हो जाएगा।

मां ने जैक को बहुत समझाया, पर वह तो जिद पकड़ बैठा। मां ने उसकी बात मान ली। आखिर दीवार नहीं तोड़ी गई। दिन सप्ताहों में, सप्ताह महीनों में और महीने वर्षों में बदल गए। जैक सुंदर, सजीला युवक बन गया। कुछ समय बाद जैक की मां की मृत्यु हो गई। इसलिए जैक एकदम अकेला रह गया था।

एक दिन जैक दीवार के पास खड़ा था। तभी उसने एक आवाज सुनी, जैक, मैं तुम्हारा मित्र सांप हूं। अब तुम मेरे लिए कुछ मत रखना। मेरा अंत आ गया है। तुम बहुत अच्छे हो। मैं जाते समय तुम्हें एक मामूली भेंट देकर जाना चाहता हूं। जैक के देखते-देखते दीवार फट गई। उसमें से एक बांसुरी बाहर गिर गई। सांप ने कहा, यह जादुई बांसुरी संकट के समय तुम्हारी मदद करेगी। यह एक परी की है। वह इसे एक झील के किनारे भूल गई थी। मैं इसे किसी अच्छे आदमी को देना चाहता था। जैक ने बांसुरी ले ली। तभी वह दीवार गिर पड़ी। जैक ने देखा, मलबे के बीच मरा हुआ सांप पड़ा है।

जैक ने उसी दिन गांव छोड़ दिया। अब भला उसका कौन था वहां! वह हमेशा बांसुरी अपने साथ रखता था। बांसुरी की सुरीली आवाज से लोग मोहित हो जाते। जैसे बांसुरी में कोई जादू था। उसकी आवाज सुन बीमार लोग अच्छे हो जाते, दुष्टों का दिल दहलने लगता। जंगल में भटके हुए पशु लौट आते।

एक बार जैक किसी गांव के समीप से गुजर रहा था। रास्ते में उसने देखा, सब खेत जले हुए हैं। उसे आश्चर्य हुआ। उसने वहां रहने वालों से पूछा। पता चला, वहां जब-तब अंगारों की बारिश होती है। मुखिया ने बताया, न जाने कहां से एक काला बादल आता है। उससे अंगारे बरसने लगते हैं। सारी फसल जल जाती है।

जैक मैदान में खड़ा होकर आकाश की ओर देखने लगा। तभी पश्चिम दिशा से काला बादल वहां आया। उससे अंगारे बरसने लगे। जैक ने तुरंत बांसुरी उठाई और बजाने लगा। बांसुरी की मीठी आवाज गूंज उठी। एकाएक अंगारे उछले और बादल में वापस समा गए, जैसे उन्हें किसी ने ऊपर की ओर उछाल दिया हो। सब पहले जैसा हो गया। इसके बाद बादल बड़ी जोर से गरजने लगा। फिर भयानक सूरत वाला एक बौना नीचे उतरा। उसने जैक से पूछा, यह बांसुरी कैसे बजाते हो? तुम्हारे बांसुरी बजाने से आज भारी गड़बड़ हो गई। अंगारे धरती से उछलकर ऊपर चले गए। आज तक तो ऐसा कभी नहीं हुआ था। तुम यह बांसुरी मुझे दे दो।

जैक समझ गया कि बौना उसकी बांसुरी छीनना चाहता है। वह पीछे हटकर जोर-जोर से बांसुरी बजाने लगा। बौना पागलों की तरह उछल-कूद करने लगा। वह बुरी तरह हांफ रहा था, बंद करो बांसुरी बजाना। मैं बहुत थक गया हूं।

जैक समझ गया कि बौना उसके चंगुल में आ चुका है। वह रुका नहीं, उसी तरह बांसुरी बजाता रहा। अब तो बौना गिड़गिड़ाने लगा, मैं तुम्हें एक जादुई सेब देता हूं। इसे जमीन पर फेंकोगे, तो तुम्हें एक उपहार मिलेगा। कहते-कहते उसने एक सेब जैक की तरफ लुढ़का दिया। जैक ने सेब को जोर से जमीन पर पटका, तो वहां एक शानदार महल दिखाई देने लगा। अब जैक ने कहा, तुम्हें मैं इस तरह नहीं छोड़ सकता। तुमने इन भोले गांव वालों को बहुत परेशान किया है। तुम वादा करो कि इन्हें फिर कभी परेशान नहीं करोगे?

मरता क्या न करता? बौने ने कहा, मैं आज के बाद कभी अंगारों की बारिश नहीं करूंगा। जैक ने बांसुरी बजाना बंद कर दिया। बौना बादल में बैठकर भाग गया। जैक उस जादुई महल में रहने लगा। अब उसे किसी चीज की कमी नहीं रही। उसने अपने मित्र सांप की याद में सोने का सांप बनवाकर महल के बाहर लगवा दिया।

इस घटना को बहुत समय बीत चुका है। न जैक रहा, न दूसरे लोग। पर जैक और सोने के सांप की कहानी आज भी जीवित है।



# टॉपियरी मतलब घास पर सजी इमेजिनेशन

**जब मामला आर्ट का हो तो कई सारे रंगों का दुनिया में बिखर जाना लाजमी है।**

जितने सारे लोग इस धरती पर उतनी ही अलग-अलग उनकी कल्पनाएं और दिमाग की दौड़। और जब मामला आर्ट का हो तो कई सारे रंगों का दुनिया में बिखर जाना लाजमी है। जिन बन्दों की कारीगरी हम यहां तुम्हें बता रहे हैं वो काम करते हैं पेड़-पौधों की दुनिया से जुड़कर। ये लोग बनाते हैं ग्रास स्कल्पचर एक आर्ट फॉर्म जिसे टॉपियरी भी कहा जाता है। खास बात यह है कि इस आर्ट फॉर्म को बनने में कुछ महीने से लेकर सालों तक का भी समय लग सकता है।

## पर्ल फ्रेयर

टॉपियारी की कला का यह महान आर्टिस्ट दुनिया भर में अपने काम के लिए जाना जाता है। पूरी दुनिया में प्रेम, शांति और सद्भाव फैलाने का विचार लेकर चलने वाले इस अफ्रीकन-अमेरिकन आर्टिस्ट की लगन, खूबसूरत आर्ट और कड़ी मेहनत को आज सभी सलाम करते हैं। यही कारण है कि आज दुनियाभर के टूरिस्ट इनका साउथ कैरोलिना वाला टॉपियारी गार्डन देखने आते हैं जहां 300 से भी ज्यादा प्रकार के पौधे हैं जिनका उपयोग विभिन्न आकारों को बनाने के लिए भी किया गया है। इस गार्डन में कुछ पौधे तो ऐसे भी हैं जिन्हे यूं ही पड़े खाद के ढेर में से उठाकर यहां लाया और रोपा गया है। आज ये बेकार पड़े पौधे खूबसूरत, कलात्मक आकृतियों में बदल चुके हैं। पर्ल के आर्ट पर एक डॉक्यूमेंट्री मूवी 'अ मैन नेम्ड पर्ल'' भी बनाई गई है जो लोगों को प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है।

## मथिल्डे रोसेल

इस फ्रेंच आर्टिस्ट ने जिस सोच के साथ ग्रास आर्ट पर काम किया है वह दुनिया के हर इंसान के सोचने का विषय है। रोसेल ने रीसाइकल्ड मैटल की बॉडी में मिट्टी में गेंहू के दाने डालकर उन्हें आकार दिया है। जब मैटल के ढांचे में नन्हे घासनुमा पौधे पनपते हैं तो ऐसा लगता है जैसे नए जीवन को आकार मिल रहा हो और फिर जब घास सूख जाती है तो मिट्टी का शरीर मिट्टी में ही मिल जाता है। यही कलाकार का विचार भी है। रोसेल चाहती हैं कि इस कला के जरिए वे लोगों को अपने पर्यावरण, प्रकृति और भोजन की महत्ता समझने में मदद कर सकें। इन आकृतियों को रोसेल ने एक्शन फॉर्म में भी बनाया है। इसलिए ये और भी जीवंत नजर आती हैं। ग्रास स्कल्पचर के अलावा रोसेल अन्य आर्ट फॉर्म पर भी काम करती हैं लेकिन उनकी 'लाइव्स ऑफ ग्रास'' की कलाकृतियों ने लोगों को बहुत प्रभावित किया है।

# एक अनोखा पत्थर, जिसे पीटने पर आती है घंटी की आवाज

वैसे तो आपने कई अनोखे पत्थरों के बारे में सुना होगा। लेकिन मध्य प्रदेश के रतलाम में मां दुर्गा के मंदिर में एक ऐसा अनोखा पत्थर है, जिसको बजाने पर घंटी की तरह आवाज निकलती है। इस पत्थर से निकलने वाली आवाजों के सुनकर लोग हैरत में पड़ जाते हैं। कई लोग इसे दैवीय चमत्कार भी मानते हैं। बता दें कि इस पत्थर पर किसी भी अन्य पत्थर के टकराने से धातु की तरह आवाज आती है। रतलाम से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरछा गांव के पास प्राचीन पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर अंबे माता के मंदिर के तौर पर जाना जाता है। इस पहाड़ी पर मंदिर से कुछ ही दूरी पर एक अनोखा पत्थर भी है। इस पत्थर पर किसी अन्य पत्थर से पीटने पर धातु की तरह आवाज निकलती है। पत्थर से निकलने वाली ये आवाज घंटी की तरह सुनाई देती है, जिसे ग्रामीण चमत्कारी पत्थर मानते हैं। बता दें कि इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इस मंदिर को सबसे पहले एक ग्रामीण ने देखा था। उस समय यहां आने के लिए रास्ता भी नहीं था। बाद में ग्रामीणों के द्वारा यहां आने के लिये एक कच्चा सकरा रास्ता बनाया गया ताकि मंदिर तक आवश्यक पूजा व अन्य सामग्री ले जाई जा सके। बेरछा गांव के पास स्थित इस प्राचीन मंदिर से थोड़ी ही दूरी पर एक विचित्र पत्थर है, जिसे बजाने पर उसमें से धातु की तरह टन टन की आवाज आती है। ये किसी चमत्कार से कम नही है। वैसे तो पूरी पहाड़ी पत्थरों से भरी हुई है, लेकिन उसमें सिर्फ एक ही पत्थर खास है।



धातु की तरह आवाज निकालने वाला यह पत्थर अब भी रहस्य बना हुआ है। कई ग्रामीण इस पत्थर को दैवीय चमत्कार मानते हुए पूजा भी शुरू कर दी है और यहां पर एक ध्वज भी लगा दिया गया है। यह अनोखा पत्थर अंबे माता के मंदिर से से करीब 700 मीटर की दूरी पर है, जहां पैदल भी जाया जा सकता है। इन दिनों इस पत्थर से निकलने वाली आवाजों को सुनने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुट रही है।



# पेपर को करो रीसाइकल बनाओ कुछ बेहतर

**जब भी रीसाइकलिंग की बात होती है सबसे पहला ध्यान पुराने, बेकार पेपर्स पर ही जाता है।**

घर पर तुम भी अक्सर पुराने बेकार पड़े कागज से नाव बनाकर पानी में तैराया करते होंगे या फिर कागज का प्लेन बनाकर उड़ाया करते होंगे लेकिन क्या तुम्हारे दिमाग में इन पुराने पड़े न्यूजपेपर्स या मैगजीन्स को लेकर और कोई आइडिया आता है। क्योंकि जब भी रीसाइकलिंग की बात होती है सबसे पहला ध्यान पुराने, बेकार पेपर्स पर ही जाता है। आओ हम मिलकर बनाते हैं कुछ मजेदार चीजें जो दिखने में अच्छे लगेंगे और यूजफुल भी होंगे।

## ये चीजें चाहिए

- न्यूज पेपर या मैगजीन
- चिपकाने के लिए ग्लू

## फ्रेम विथ पेपर

तुम्हारे पास कोई पुराना फोटो फ्रेम पड़ा है तो पेपर की मदद से तुम उसे नया लुक दे सकते हो। न्यूजपेपर को मनचाही लंबाई में काटो और उसे फ्रेम के ऊपर एक-एक कर चिपकाते जाओ।

## बनाओ पॉट को इंटरेस्टिंग

अपने सिंपल से प्लांट पॉट को पेपर के टुकड़ों से एक क्रिएटिव और नया रूप दे सकते हो। पेपर या मैगजीन को अपने पॉट के आकार के अनुसार काट लो और उसे पतले-पतले ट्यूब के रूप में पॉट के इर्द-गिर्द चिपकाते जाओ।

## पेपर बैग

पेपर को दो या तीन लेयर की मोटाई में आपस में चिपका लो ताकि उसमें मजबूती आ जाए। इसके दोनों हिस्सों पर हल्की मोटी रस्सी या फिर खूबसूरत रिबन का इस्तेमाल कर सकते हो। इस इकोफ्रेंडली बैग को हल्के-फुलके सामानों को ले जाने के लिए उपयोग कर सकते हो।

## जार की बढ़ाओ खूबसूरती

घर पर पड़े पुराने और बदरंग जार को पेपर के जरिए नए तरीके से प्रेजेंट कर सकते हो। इसके लिए तुम्हें पुरानी मैगजीन के कलरफुल पन्ने लेने होंगे ताकि जार अधिक खूबसूरत दिखे। मैगजीन के पन्नों को सही तरीके से मोड़ते हुए एक के ऊपर चिपकाते जाओ।

## कॉफी मग होल्डर

पेपर को गोल-गोल घुमाते हुए मोड़ते जाओ और उनको आपस में चिपकाते जाओ। चाहो तो इसे कलर भी कर सकते हो। इसे तुम कॉफी होल्डर के लिए या डाइनिंग टेबल पर कोई गर्म चीज रखने के भी काम ला सकते हो।

## दीवार सजाओ

अच्छी-सी डिजाइन में पेपर्स को काटो और उसे फ्रेम करके अपने ड्रॉइंग रूम में या फिर अपने रूम में दीवार पर डेकोरेट करने के लिए लगा सकते हो। चाहो तो कोई फ्लावर या फिर किसी अन्य शेप में पेपर या मैगजीन को काट सकते हो। कुछ ऐसा ही तुम दीवार घड़ी के साथ भी प्रयोग कर सकते हो। दीवार घड़ी के पिछले हिस्से पर पेपर को कोन के आकार का बनाकर लगा सकते हो।

# ग्रीटिंग और कार्डबोर्ड का क्रिएटिव जादू

घर में खाली रखे मिठाई के डिब्बों या किसी सामान के साथ आए कार्डबोर्ड बॉक्स से भी बहुत अद्भुत चीजें बनाई जा सकती हैं। शादियों, त्योहारों और अन्य मौकों पर दिए जाने वाले इन्विटेशन कार्ड्स, ग्रीटिंग कार्ड्स और आर्ट एंड क्राफ्ट की दुकान पर मिलने वाली रंगबिरंगी पेपर शीट्स से आर्ट एंड क्राफ्ट के कई आइडियाज पनप सकते हैं। इसी तरह घर में खाली रखे मिठाई के डिब्बों या किसी सामान के साथ आए कार्डबोर्ड बॉक्स से भी बहुत अद्भुत चीजें बनाई जा सकती हैं। चलो इनमें से कुछ आइडियाज हम तुमसे शेयर करते हैं और चित्रों के माध्यम से भी तुम्हें आइडियाज देते हैं।

## ग्रीटिंग्स और अन्य कार्ड्स

रंगबिरंगे ग्रीटिंग कार्ड्स या शादी और अन्य तरह के ओकेजन्स पर घर में आने वाले कार्ड्स अक्सर बहुत सुन्दर डिजाइन के साथ आते हैं। इनके रंग और डिजाइंस का उपयोग आसानी से सीनरी या वॉल पीस बनाने में किया जा सकता है। तुम चाहो तो इसके साथ कलर्ड पेपर शीट्स का भी उपयोग कर सकते हो। तो सबसे पहले एक बड़ी शीट लेकर उस पर अपनी कल्पना से किसी सीन की आउटलाइन खींचो। जैसे पेड़, फूल, आसमान, जानवर या अन्य चीजें। अब कार्ड्स के रंग के अनुसार और अपने सोचे सीन के अनुसार कार्ड्स में से अलगअलग आकार कैंची की मदद से काट लो। यहां एक बात का खास ध्यान रखना कि कैंची का उपयोग करते समय बहुत सावधानी रखो और हो सके तो किसी बड़े की मदद भी लो। अब काटे गए कार्ड पीसेस को शीट पर किसी भी एड्हेसिव की सहायता से चिपका दो। तुम चाहो तो किसी खास रंग के लिए एक्रेलिक कलर्स का भी उपयोग कर सकते हो और चाहो तो कलर्ड शीट भी यूज कर सकते हो। यही नहीं, चीजों को और भी क्रिएटिव बनाने के लिए ऊन या धागों, बटन्स या बीड्स जैसी चीजों को भी यूज कर सकते हो।

## कार्डबोर्ड बॉक्सेस

मिठाई के डब्बे हों या किसी अन्य सामान के साथ आए गत्ते यानी कार्डबोर्ड के मजबूत बॉक्स। इनका प्रयोग भी एक आर्ट पीस बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए भी तुम्हें कुछ कलर पेपर, एक्रेलिक या वॉटर कलर, क्रेयॉन्स, कैंची और एड्हेसिव की जरूरत होगी। कैंची के लिए यहां भी वैसी ही सावधानी रखनी होगी। मिठाई के डिब्बों से तुम सोफे, गाड़ी, मोबाइल कवर, छोटी शेल्फ या घर आदि बना सकते हो तो कार्डबोर्ड के मजबूत टुकड़ों या पूरे बॉक्स से तुम अपने लिए मॉड्यूलर किचन से लेकर बड़ा ट्रक, बड़ी शेल्फ, फ्रिज, टीवी, ज्वैलरी बॉक्स, फर्नीचर, एक डॉल हाउस, छोटा-सा शहर आदि जैसी कई चीजें बना सकते हो। जरूरत बस अपनी कल्पना को रंग देने की है।

# जापानी स्कूल्स जहां मैथ्स एक लैंग्वेज है

जापान के स्कूल्स में बड़ी क्लासेस में आने पर सभी स्टूडेंट्स के लिए सेम यूनिफॉर्म और सेम बैग्स होते हैं। यह एक खास बात है कि किसी भी देश के डेवलपमेंट के लिए उसके नागरिकों का पढ़ा-लिखा होना बहुत जरूरी है। इस बात को जापान के उदाहरण से समझा जा सकता है। जापान में प्रायमरी लेवल पर स्कूल जाने वाले बच्चों का पर्सेंटेज है 100। यानी यहां निरक्षर लोगों का पर्सेंटेज है 0। जापान के स्कूल्स में बड़ी क्लासेस में आने पर सभी स्टूडेंट्स के लिए सेम यूनिफॉर्म और सेम बैग्स होते हैं। स्कूल में सबको एक जैसा खाना दिया जाता है। यहां स्कूली लेवल पर छोटी क्लास से ही इस बात पर ध्यान दिया जाता है कि बच्चे का सबसे पसंदीदा काम क्या है और इसी बात को ध्यान में रखकर उसे आगे बढ़ने को प्रेरित किया जाता है। जैसे अगर बच्चा साइंस और मैथ्स की बजाय किसी तरह के आर्ट फॉर्म या काम को सीखना चाहता है, तो उसे बेसिक एज्युकेशन के साथ उस काम को ही सिखाया जाता है। फिर चाहे वो काम जूते बनाने का हो या लकड़ी से सुन्दर फर्नीचर बनाने का। किसी भी काम को छोटा नही माना जाता। इससे बच्चा अपना पसंदीदा काम सीख पाता है और देश को मिलता है एक अच्छा कारीगर।

जापान में बच्चों को मैथ्स और साइंस जैसे सब्जेक्ट्स भी लैंग्वेज और आर्ट की तरह पढ़ाए जाते हैं और बजाय मैथ्स को रटने के उसे खेल-खेल में सीखा जाता है। टीचर्स मानते हैं कि दूसरी लैंग्वेजेस की तरह ही मैथ्स को भी पढ़ा जा सकता है। यहां टीचर्स एक और टैक्नीक अपनाते हैं। वो है बच्चों को ही टीचर का रोल भी निभाने को कहना। इसके लिए मैथ्स के प्रॉब्लम्स को बोर्ड पर लिख कर बच्चों से सॉल्व करने को कहा जाता है। फिर जब कोई बच्चा उस प्रॉब्लम को सॉल्व कर लेता है तो उसे टीचर बनकर दूसरे स्टूडेंट को प्रॉब्लम सॉल्व करने में मदद को कहा जाता है। इस तरह क्लास का हर बच्चा खुद प्रॉब्लम सॉल्व करने की कोशिश कर पाता है और टीचर कोई भी समस्या आने पर बच्चों की मदद भी कर पाते हैं। जापानियों का मानना है कि आप जो पढ़ते हो उसे अगर किसी को पढ़ाते हो तो चीजों को ज्यादा अच्छे से याद रख पाते हो। पढ़ाई के साथ ही यहां देश के कल्चर, भाषा और इतिहास को भी उतनी ही गहराई से बच्चों तक पहुंचाया जाता है। स्कूल की पढ़ाई के साथ ही बच्चों को ड्रिल, स्वीमिंग आदि जैसी एक्टिविटीज अपनाना कम्पलसरी होता है। ताकि वो खुद को फिट और मजबूत बना सकें। यहां भूकम्प तथा अन्य इमरजेंसियों के हिसाब से बच्चों को बहुत कम उम्र से ही बचाव की ट्रेनिंग भी दी जाती है। यही नहीं बच्चे सिलाई, कुकिंग, ट्रेडिशनल आर्ट फॉर्म आदि भी स्कूल में रहकर सीखते हैं।



# अब वे बाबा साहेब को छोटा कर राहुल गांधी के बराबर करना चाहते हैं

## -बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने हैं। वहीं बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने अराजकता फैलाई, वह आज आंबेडकर बनना चाहते हैं। गिरिराज ने कहा कि शायद किसी को यह गलतफहमी हो जाएगी कि राहुल गांधी आंबेडकर हो गए। जिस कांग्रेस का डीएनए भीमराव आंबेडकर को अपमानित करने का रहा है, वह उस पाप को कैसे धो पाएगा।

गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को भारत रत्न दे दिया, लेकिन बाबासाहेब को नहीं दिया। वहीं, अब वे लोग बाबा साहेब आंबेडकर को छोटा कर राहुल गांधी के बराबर करना चाहते हैं। राहुल की तुलना बाबा साहेब से करना निंदनीय है और इसके लिए उन लोगों को माफी मांगनी चाहिए। वहीं बीजेपी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि सभी को संसदीय परंपराओं का पालन करना चाहिए, यह सभी का धर्म है। विपक्ष ने संसदीय परंपराओं का जितना उल्लंघन किया है, इससे उनको बचना चाहिए। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान पर कि कुछ लोग मंदिर-मस्जिद का मुद्दा उठाकर हिंदुओं को बड़े नेता बनना चाह रहे हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है, दिनेश शर्मा ने कहा कि ऐसा वक्तव्य उन्होंने पहले भी दिया है। उनका मंतव्य यह है कि हम अपने धर्म का पालन करते समय अन्य मान्यताओं के अनुपालन से आगे बढ़ें और देश को अच्छे वातावरण और उन्नति की ओर ले जाएं। उन्होंने कहा कि मैंने मोहन भागवत का वक्तव्य अभी नहीं सुना, लेकिन सभी लोग एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करें। साथ ही देश की तरक्की के लिए आगे आएं। यही सभी लोगों की इच्छा होती है।

# मुंबई नाव दुर्घटना की जांच के लिए नौसेना समिति गठित, नौसेना प्रमुख द्वारा हादसे की समीक्षा

मुंबई। हाल ही में पर्यटकों को लेकर मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल नाव हादसे की जांच के लिए नौसेना समिति का गठन किया गया है। नाव हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि एक लापता है। बुधवार को हुए नाव दुर्घटना की जांच के लिए नौसेना की ओर से जांच समिति का गठन किया गया है। मालूम हो कि एलीफेंटा जा रही नीलकमल नाव नौसेना की स्पीडबोट की चपेट में आने से समुद्र में डूब गई। साथ ही इस हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। अब इस मामले की जांच के लिए नौसेना की एक कमेटी बनाई गई है।

**- नौसेना प्रमुख द्वारा हादसे की समीक्षा**

नाव हादसे के बाद नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी शुक्रवार को मुंबई पहुंचे। उन्होंने मृतकों और घायलों के बारे में जानकारी ली। नौसेना के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने स्पीड बोट की टक्कर को लेकर नौसेना की ओर से चल रही जांच की भी समीक्षा की। इस संबंध में अधिक जानकारी नही मिल सकी है। सूत्रों ने कहा कि अधिक जानकारी जल्द ही स्पष्ट हो जाएगी क्योंकि त्रिपाठी एक त्वरित दौरे के बाद दिल्ली लौट गए।

# दिल्ली, जम्मू-कश्मीर स ?हित कई राज्यों में बढ़ेगी सर्दी

## - मौसम विज्ञान विभाग ने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भारत के उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों में शीत लहर की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में अगले कुछ दिनों तक शीत लहर की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में भी घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी में 22 और 23 दिसंबर को मध्यम से घना कोहरा रह सकता है, जिससे मौसम और भी ठंडा हो सकता है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, पूर्वी राजस्थान और झारखंड में भी 22 दिसंबर तक घना कोहरा रहने की संभावना है। इस दौरान, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और मेघालय में कड़ाके की ठंड बनी रह सकती है। आईएमडी ने आगामी दिनों के लिए लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी है और आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। कुछ क्षेत्रों में तामपान भी गिर सकता है, इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है। लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और आगामी दिनों में मौसम की जानकारी नियमित रूप से जांचते रहें।

# सेना की सख्ती से पिछले 1 महीने से शांत है मणिपुर, 600 दिन के बाद आई है, मणिपुर में कुछ शांति

गुवाहाटी। मणिपुर की जातीय हिंसा 600 दिन से चल रही है। पिछले 1 महीने से कुछ शांति देखने को मिल रही है। मणिपुर में सामूहिक हिंसा की कोई घटना पिछले एक माह में नहीं हुई है। कुकी और मैतई समुदाय के प्रदर्शनों पर पूरी तरह से रोक लगी है। मणिपुर राज्य में सेना द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बड़े पैमाने पर उग्रवादी संगठनों द्वारा जो हथियार उपयोग में ले जा रहे थे। सेना ने उन्हें जप्त किया है। जिन इलाकों में उग्रवाद की सबसे ज्यादा घटनाएं हो रही थी। वहां पर सेना ने विशेष अभियान चलाया है। मणिपुर में 288 कंपनियां केंद्र सरकार द्वारा तैनात की गई है। 40000 से अधिक सेना के जवान पूरे मणिपुर में फैल गए हैं। पहली बार बड़े पैमाने पर सेना ने एक-47 सीरीज की 20 से अधिक राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल तथा सैकड़ो किलो आईडी बरामद करने में सफलता हासिल की है। सेना की सख्ती के बाद अब लोग खुद अपने हथियार सेना और पुलिस को सौंप रहे हैं। मणिपुर में लंबे समय के बाद शांति देखने को मिली है।

# चीमा की बेटी की शादी में शामिल हुए राहुल गांधी

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता की बेटी की शादी में शामिल हुए। राहुल गांधी दोपहर चंडीगढ़ पहुंचे और पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने उनकी अगवानी की। लक्की ने बाद में बताया कि राहुल गांधी चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में पंजाब के मोहाली जिले के एक रिसॉर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता आर एस चीमा की बेटी की शादी में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि पंजाब के पूर्व महाधिवक्ता चीमा ने राहुल गांधी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि चीमा की बेटी की शादी थी और गांधी उसमें शामिल होने यहां आए थे। उन्होंने कहा कि शादी में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता दिल्ली लौट गए।

# लीबिया में भारतीय कामगारों के समूह से संपर्क में भारतीय दूतावास

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि त्रिपोली स्थित भारतीय दूतावास लीबिया में भारतीय कामगारों के एक समूह की स्थिति पर 'करीब से नजर रखे हुए है' और उनकी वापसी के लिए काम कर रहा है, जो बिना उचित दस्तावेजों के साथ उस देश में गए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से उन भारतीय कामगारों के बारे में सवाल पूछा गया था जो लीबिया में एक सीमेंट कंपनी में काम रह रहे हैं और भारत वापस नहीं आ पा रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि कामगारों के लिहाज से निकास परमिट की व्यवस्था करने के लिए हमारा दूतावास लीबिया के अधिकारियों के संपर्क में है। उन्होंने कहा, ''ये भारतीय कामगार दुबई के रास्ते बेंगाजी पहुंचे थे। वे वहां गए थे, लेकिन उनके पास उचित दस्तावेज नहीं थे। जब वे उतरे, तब उनके काम को लेकर कुछ समस्याएं थीं... हमें इन कठिनाइयों के बारे में पता चला... त्रिपोली में हमारा दूतावास सक्रिय है। हमने वहां अपने समुदाय के माध्यम से अपने कामगारों से संपर्क किया।''

# सोरोस से मिलने को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने शशि थरूर को दिया जवाब

## कहा-उस समय में राजपूत था और डिनर में मेहमानों की सूची थरूर ने दी थी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने 15 दिसंबर को कहा था कि मैं सोरोस से हरदीप पुरी के अमेरिका स्थित घर में मिला था। इसका जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि मैं उस वक्त राजदूत था। शशि थरूर यूपीए सरकार में विदेश राज्य मंत्री थे। मुझे डिनर में मेहमानों की सूची उन्होंने ही दी थी। दरअसल, 8 दिसंबर को बीजेपी ने गांधी परिवार पर अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस के फाउंडेशन से फंड लेने का आरोप लगाया था। साथ ही कहा था कि भारत विरोधी सोरोस और कांग्रेस मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह करना चाहते हैं। इसके बाद एक्स पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर का 2009 का पोस्ट वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने लिखा- पुराने मित्र सोरोस से मुलाकात हुई। वे एक निवेशक ही नही, बल्कि दुनिया की चिंता करने वाले नागरिक भी हैं। थरूर ने अपनी इसी पोस्ट का जवाब देते हुए 15 दिसंबर को कहा था कि ये मुलाकात हरदीप पुरी (अब केंद्रीय मंत्री) के घर हुई थी। वे सिर्फ सोशल सेंस में मेरे दोस्त थे। मैंने उनसे एक रुपए भी नहीं लिया। इस पोस्ट के बाद मैं एक बार और उनसे मिला था। यह मुलाकात हरदीप पुरी के घर पर डिनर पार्टी में हुई थी।



# प्रियंका गांधी वाड्रा की लोकसभा सदस्यता खतरे में, केरल हाईकोर्ट पहुंची नव्या हरिदास

*** चुनावी हलफनामे में जानकारी छुपाने का आरोप**

**कोच्चि (एजेंसी)।** वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की लोकसभा की सदस्यता खतरे में हैं। दरअसल, वायनाड लोकसभा सीट पर उनकी जीत को चुनौती देकर बीजेपी नेता नव्या हरिदास ने केरल हाईकोर्ट पहुंच गई है।

नव्या हरिदास ने वायनाड से बीजेपी के टिकट पर प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन वे प्रियंका गांधी से 5,12,399 वोटों से हार गई थीं। वे सीपीआई के सत्यन मोकेरी के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। केरल हाईकोर्ट के समक्ष अपनी याचिका में, नव्या ने तर्क दिया है कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करते समय, उनके और उनके परिवार के स्वामित्व वाली विभिन्न संपत्तियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपा दी थी।

हरिदास के अनुसार, प्रियंका गांधी ने मतदाताओं की पसंद को प्रभावित करने के इरादे से मतदाताओं को गुमराह किया, गलत जानकारी देकर अंधेरे में रखा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने कई मौकों पर मतदाताओं पर



अनुचित प्रभाव डाला और कानून का उल्लंघन किया।

**कुल 4.24 करोड़ रुपये की चल संपति**

बता दें कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया था कि उनके पास कुल 4.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है, जबकि कुल अचल संपत्ति 13.89 करोड़ रुपये की है। वहीं प्रियंका ने बताया था कि उनके पति रॉबर्ड वाड्रा के पास कुल 37.91 करोड़ रुपये की चल संपति है। इस चुनावी हलफनामे के मुताबिक प्रियंका गांधी पर करीब 15 लाख 75 हजार रुपये का कर्ज है।

# आंबेडकर पर शाह के बयान के विरोध में बसपा की 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन करेगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो एवं उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर संसद में जो बयान दिया है उससे सर्वसमाज के लोग काफी उद्वेलित और आक्रोशित हैं और पार्टी शाह के बयान के विरोध में 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन करेगी। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी।



उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, ''देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्म-सम्मान व मानवीय हकूक के लिए अति-मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं। अमित शाह ने उनका अनादर किया है जिससे लोग आहत हैं।'' बसपा प्रमुख ने पोस्ट में लिखा, ''ऐसे महापुरुष के बारे में शाह की संसद में टिप्पणी से पूरे देश में सर्वसमाज के लोग काफी उद्वेलित, आक्रोशित व आन्दोलित हैं। बसपा ने शाह से अपना बयान वापस लेने व पश्चाताप करने की मांग की है, जिसपर अभी तक अमल नहीं किया गया है।'' बसपा नेत्री मायावती ने कहा कि पार्टी ने अपनी मांग को लेकर 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन करने का फैसला किया है। उस दिन देश के सभी जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर कांग्रेस, भाजपा आदि दल बाबा साहेब का दिल से आदर-सम्मान नहीं कर सकते तो उन्हें उनका अनादर भी न करना चाहिए। गौरतलब है कि मंगलवार को संविधान पर राज्यसभा में बहस का जवाब देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, ''अभी एक फैशन बन गया है... आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।'' शाह के इस बयान के लिए तीखी आलोचना हो रही है।

# पोते की कस्टडी के लिए दादी ने लगाई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका

बेंगलुरु (ईएमएस)। इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के बाद 4 वर्षीय पोते के लिए दादी ने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका के माध्यम से दादी ने बहू निकिता सिंघानिया से पोता दिलाने की मांग की है। अभी तक उनकी बहू ने उनका पोता कहां है, इसकी सही जानकारी नहीं दी है। ना ही उनके परिवार को बच्चों को सौपा है। जिसके कारण उन्होंने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है। बहू निकिता ने पुलिस को जांच के दौरान बताया है। बच्चे को फरीदाबाद के एक बोर्डिंग स्कूल में दाखिल कराया गया है। बच्चों की देखरेख उसके चाचा सुशील सिंघानिया कर रहे हैं। सुशील ने इस जानकारी को झूठा बताया है। बच्चे के बारे में अनिभीज्ञता जताई है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति और कोटेश्वर सिंह की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक सरकारों को मामले पर सही स्थिति स्पष्ट करने के लिए नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को रखी गई है। आत्महत्या करने वाले इंजीनियर अतुल सुभाष के भाई की ओर से दर्ज एफआईआर पर निकिता और उसके परिवार के अन्य सदस्यों को 16 दिसंबर को बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

# संजय राउत ने दिए संकेत, बीएमसी चुनाव अपने दम पर लड़ सकती है शिवसेना यूबीटी

## इसका मतलब ये नहीं कि महाविकास अघाड़ी टूट गई

**मुंबई (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद परिसर में हुए धक्काकांड को लेकर सियासत जारी है। इस बीच शिवसेना यूबीटी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत का बयान आया है। राउत ने धक्काकांड के बाद चोटिल सांसदों को लेकर कटाक्ष किया है। राउत ने कहा कि भाजपा सांसद अस्पताल में लेटकर कितना अच्छा अभियन करते हैं। इस दौरान राउत ने संकेत दिया है कि ठाकरे की शिवसेना बीएमसी का चुनाव अकेले लड़ सकती है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मामलों (भाजपा की शिकायत और कांग्रेस की शिकायत) को अपराध शाखा को सौंपने पर राउत ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी सरकार मामले को ईडी और एफबीआई को दे सकती है, क्योंकि वे कुछ भी कर सकते हैं, वे फर्जी मामले दर्ज करते हैं। यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग है कि शिवसेना को मुंबई नगर निगम (बीएमसी) का चुनाव अपने दम पर लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के



साथ बैठक के बाद उद्धव ठाकरे फैसला ले सकते है। इसका मतलब यह नहीं कि महाविकास अघाड़ी टूट गई है। इससे पहले जब हम बीजेपी के साथ थे तब भी हम अलग-अलग चुनाव लड़ चुके हैं।

उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने अर्बन नक्सल वाले बयान पर सीएम देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि फडणवीस झूट बोलते हैं। लेकिन हाथ में कागज लेकर झूठ बोलना यह फडणवीस की आदत है। उन्होंने सदन में झूठ बोला है। राउत ने कहा कि वे अर्बन नक्सल की बात करते हैं, लेकिन भारत छोड़ो यात्रा में सभी समाज के लोग शामिल थे। लेकिन इनका कहना है कि काठमांडू में मीटिंग हुई, तब यह पीएम का फेल्योर है।

# सांसदों के बीच धक्कामुक्की मामले में एसआईटी का गठन, जांच ने पकड़ी गति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में हुए धक्का-मुक्की मामले की जांच गति पकड़ने लगी है। मामले को पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर किया है। इसकी जांच अब क्राइम ब्रांच की चाणक्यपुरी स्थित आईएससी यूनिट करेगी।



यह पूरा मामला संसद परिसर में सांसदों के बीच धक्कामुक्की का है, इसमें बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल तक हो गए थे। दोनों का इलाज आरएमएल अस्पताल में चल रहा है। इस मामले की संजीदगी और गंभीरता को देखकर क्राइम ब्रांच की एक एसआईटी टीम का गठन किया गया है।

जांच में दो एसीपी भी शामिल

क्राइम ब्रांच की एसआईटी की टीम में 2 एसीपी, 2 इंस्पेक्टर और 3 सब इंस्पेक्टर शामिल है। जो सीधे डीसीपी को रिपोर्ट करने वाले है। इस मामले की जांच में 2 एसीपी को एसआईटी में इसलिए शामिल किया गया है कि क्योंकि मामला पॉलिटिकली हाई प्रोफाइल है।

अमूमन देखा गया है कि पॉलिटिकल हाई प्रोफाइल मामले हमेशा दिल्ली पुलिस की आईएससी क्राइम ब्रांच यूनिट को ही जांच दी जाती है। सूत्रों की मानें पार्लियामेंट एडमिस्ट्रेशन को सीसीटीवी फुटेज के लिए लेटर लिखा जाएगा, जिसमें घटना से जुड़ी जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज काफी मायने रखती है।

बता दें कि दिल्ली पुलिस ने बीएनएस की धारा 115 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचान, धारा 117 यानी स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना, धारा 125 यानी दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का काम, धारा 131 यानी आपराधिक बल का प्रयोग, धारा 351 यानी आपराधिक धमकी और धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। राहुल गांधी को मामले में पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

# साइबर ठगी में महत्वपूर्ण होते हैं शुरुवाती दो से तीन घंटे, इस दौरान की शिकायत, पैसा मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आपके साथ साइबर ठगी हुई है, और आप तीन से चार दिन बाद शिकायत करने जाते हैं, तब बहुत कम उम्मीद है कि आपका रुपया आपको मिल जाए। लेकिन सच ये है कि ठगी होने के एक से तीन घंटे महत्वपूर्ण घंटे होते हैं। अगर इस समय आप ठगी की शिकायत करते हैं, तब आपसे ठगी की रकम आपको वापस मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। अगर आपको लगता है कि आप साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं, तब आप सबसे पहले नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर के इस रिपोर्ट करें।

अपने पास इससे जुड़े हर तरह के सुबूत को एकत्रित कर के रखिए। अगर 1930 पर फोन नहीं उठता है, तब साइबर क्राइम की वेबसाइट पर रिपोर्ट करें। जानकार ने बताया कि जागरुकता के अभाव में आजकल लोगों के साथ तेजी से स्कैम हो रहे हैं। लोग अनजाने में ऐसी लिंक पर क्लिक कर देते हैं या इसतरह के एप डाउनलोड कर लेते हैं और फिर उनका सारा निजी डाटा अपराधियों के पास आ जाता है। इसलिए किसी भी लिंक या एप को डाउनलोड करने से पहले ये जरूर जांच ले कि वहां लिंक सही है भी या नहीं। जानकार ने कहा कि जब भी वे शेयर मार्केट में निवेश करें तब सेबी से पंजीकृत एप्लीकेशन का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि मार्केट में इसतरह के शेयर मार्केट से बहुत सारे फर्जी एप्लीकेशन हैं जो लोगों के निवेश किए गए रुपयों की ठगी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल फोन पर पार्ट टाइम नौकरी के बहुत सारे संदेश आते हैं, जिसमें लिखा होता है घर बैठे 20 से 30 हजार कमाओ।

ये मैसेज केवल ठगी के लिए होते है। इसलिए इस तरह के मैसेज पर दी गई किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। उन्होंने कहा कि गूगल पर जब भी किसी वेबसाइट को सर्च करे, तब सबसे पहले स्पांसर्ड वेबसाइट आती है, ये स्पांसर्ड वेबसाइट अधिकतर जालसाजों की ओर से तैयार की गई हैं, जो हुबहू मूल वेबसाइट की तरह लगेंगी। इसलिए वेबसाइट सर्च करने के बाद आख मूंद कर वेबसाइट पर क्लिक करने से पहले देख ले कि कहीं ये स्पांसर्ड नहीं है।

आजकल बहुत सारे लोगों को काल आता है कि आपके नाम से एक पार्सल मिला है, जिसमें ड्रग्स, फर्जी पासपोर्ट, फर्जी सिम मिले हैं और कॉल करने वाला अपने आपको पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बन के वीडियो कॉल करता है। आप कॉल से इतने डर जाते है कि एक-एक करके जालसाजों द्वारा मांगी जा रही जानकारियों को उनसे साझा करते हैं। फिर वे आपसे ही मांगी गई जानकारी से आपको गिरफ्तारी का वारंट दे देता है और दो से तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर के रखता है। यानी अपराधी आपको वीडियो कॉल बंद नहीं करने देता है और न ही किसी को फोन करने की अनुमति देता है। इस बीच वहां आपसे आपकी जमा पूंजी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कराकर आपसे ठगी कर लेता है। सभी को ये जानना बहुत जरूरी है कि डिजिटल अरेस्ट



जैसा कोई कानून नहीं है। जब भी कभी ऐसा हो तब आप घबराएं नहीं और इसतरह के नंबरों को ब्लॉक कर दें या फोन काट दें। आपकी जागरुकता ही आपको इस तरह की ठगी से बचा सकती है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**